e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com
रांची संस्करण
हिन्दी दैनिक
वर्ष 10, अंक 115

**सुविचार**
यदि आप अपने जीवन में सफ़लताओं का आनंद लेना चाहते है तो अपने जीवन में कठिनाई को कभी आने से नहीं रोके।

# प्रभात मंत्र

शुक्रवार
28.04.2023
RNI No. - JHAHIN/2014/59110
ताजा खबरों के लिए देखें prabhatmantra.com
पृष्ठ 12 । मूल्य 3 रुपये
पोस्टल रजिस्ट्रेशन : आरएन /257/2021-23



# मंत्री अपने पद व पावर का दुरुपयोग करते हुए भगवान श्रीकृष्ण के साथ कर रहे है राजनीति : भानू



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** प्रदेश के मंत्री मिथिलेश ठाकुर अपने पद व पावर का दुरुपयोग करते हुए भगवान श्रीकृष्ण के साथ राजनीति कर रहे है। वे बंशीधर महोत्सव पर राजनीतिक तुष्टिकरण का काम कर रहे है। जिसे हमलोग बर्दास्त नही करेंगे। उक्त बातें भाजपा विधायक भानू प्रताप शाही ने गुरुवार को मंडल अध्यक्ष कुमार कनिष्क के आवास पर प्रेस वार्ता के दौरान कही। उन्होंने मंत्री मिथिलेश ठाकुर पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि मंत्री अपने घमंड में राजनीतिक तुष्टिकरण के लिए बंशीधर महोत्सव को रोकने का काम किया था। रमजान के कारण बंशीधर महोत्सव को स्थगित किया गया। जबकि इसे लेकर वे राजकीय शोक का बहाना बनाकर कुतर्क दे रहे है। जबकि राजकीय शोक 6 और 7 अप्रैल को था और महोत्सव 8 और 9 अप्रैल को। उन्होंने कहा कि महोत्सव स्थगित कर दिया जाता है। लेकिन मंत्री चीयर गर्ल के साथ भवनाथपुर में मैच का उद्घाटन करते है।छल-कपट और तुष्टिकरण के लिए महोत्सव रोक देते है। भवनाथपुर विधानसभा क्षेत्र में आकर राजनीति करते हैं। लेकिन उनका मंसूबा सफल नही होगा। बल्कि अगले चुनाव में गढ़वा विधानसभा में उनका किला ध्वस्त होगा। उन्होंने कहा कि महोत्सव को लेकर मंत्री ने लोगो मे जहर घोलने का काम किया है। उन्होंने कहा कि इससे पूर्व हुए सभी महोत्सव में सभी लोगो को साथ लेकर भव्य कह्यर्यक्रम आयोजित किया गया था। भानू ने कहा कि मंत्री ने विधायक और सांसद को अपमानित करने का काम किया है। महोत्सव को लेकर मंत्री द्वारा आयोजित बैठक में मंत्री और विधायक को जानकारी नही दी गयी। सांसद को महोत्सव के दौरान होने वाले पूजा से अलग करने का निर्देश पदाधिकारियों को दिया। उन्होंने कहा कि मंत्री ने भगवान को अपमानित करने का काम किया है। जिसे बर्दाश्त नही किया जाएगा। वे भगवान श्री कृष्ण से क्षमा मांगते हुए भगवान के अपमान को लेकर इस महोत्सव से खुद को अलग करते है। उन्होंने कहा कि हर कोई जानता है कि तत्कालीन मुख्यमंत्री रघुवर दास ने मंच से बंशीधर महोत्सव को राजकीय महोत्सव का दर्जा देने की बात कही थी। इस सरकार ने इसमें भी काफी देर से निर्णय लिया। विधायक ने कहा कि हमसे पूर्व के जनप्रतिनिधियों ने बंशीधर मंदिर के विकास में कोई योगदान नही दिया। प्रेस वार्ता में अनुसूचित जाति आयोग के पूर्व चैयरमैन शिवधारी राम,अनुसूचित मोर्चा अध्यक्ष लक्ष्मण राम, उपप्रमुख गणेश यादव, मंडल अध्यक्ष कुमार कनिष्क,ग्रामीण विकास पांडेय, सांसद प्रतिनिधि मुकेश चौबे, विधायक प्रतिनिधि ओमप्रकाश गुप्ता, अशोक सेठ, विभूति भूषण चौबे, लालमोहन यादव, दिनेश्वर प्रताप देव मथुरा पासवान, लवली आनंद, रामदत्त चौबे, प्रो महमूद आलम, सुहैल आलम, रिंकू देव, सत्येंद्र चौधरी सहित अन्य लोग मौजूद थे।

# विधायक भानु का महोत्सव को लेकर बयान गैर जिमेदारना : मंटु पांडेय आप नेता



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** बंशीधर महोत्सव को लेकर भाजपा झामुमो के बीच चल रहे वाक्य युद्ध गैरजिम्मेदाराना हरकत है। जो की नही होना चाहिए।उक्त बातें स्थानीय विधायक भानु प्रताप शाही के प्रेस वार्ता के बाद जारी किए गए प्रेस विज्ञप्ति में आम आदमी पार्टी के युवा नेता मंटु पांडेय ने कहा। उन्होंने विधायक को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि बंशीधर महोत्सव से जहाँ गढ़वा-पलामू सहित राज्य की जहां प्रतिष्ठा जुड़ी हुई और प्रतिष्ठा से खिलवाड़ करने का किसी को भी अधिकार नही है। राज्य सरकार जहां समय देखकर महोत्सव को आयोजन करा रहा है। जिसमे प्रत्येक जबाबदेह और जिम्मेवार व्यक्ति को खुलकर इसका समर्थन और सहयोग करना चाहिए। जब कि जिस विधानसभा क्षेत्र में महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है, वही के विधायक खुलकर इसका विरोध कर रहे हैं। जो मेरे समझ से कही से उचित नही है। उन्होंने कहा कि भाजपा के लोग धर्म के ठेकेदार बने हुए हैं। इन्हें लगता है कि धार्मिक कार्य सिर्फ इनके द्वारा ही किया जाता है। क्योंकि इनकी राजनीति की बुनियाद भी इसी पर टिकी हुई है। सृष्टि के सबसे बड़ा राजनीतिज्ञ श्रीकृष्ण है। मा0 विधायक उन पर कम से कम राजनीति न करे। विधायक की ऐसी हरकत से विधानसभा क्षेत्र की जनता शर्मसार हो रही है। वही श्री पांडेय ने राज्य सरकार व मंत्री मिथलेशठाकुर से मांग किया हैं कि श्रीबंशीधर महोत्सव का एक निश्चित तिथि तय किया जाय। जिससे किसी की भी महोत्सव को निश्चित तिथि पर प्रत्येक वर्ष किया जा सके।

# सीसी डीसी अरविंद कुमार पांडे के खिलाफ कोर्ट में दर्ज हुआ मानहानि का मुकदमा : रूचिर तिवारी



**मेदिनीनगर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** नीलांबर पीतांबर विश्वविद्यालय के सी सी डी सी अरविंद कुमार पांडे के खिलाफ हुआ मुकदमा दर्ज जिसे मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी ने अंगीकार किया। और आगे इस पर सुनवाई की बात कही। अधिवक्ता रूचिर कुमार तिवारी ने बताया कि नीलांबर पीतांबर विश्वविद्यालय में आउटसोर्सिंग में काम कर रहे उपेंद्र सिंह चेरो ने कई दिनों से विश्वविद्यालय के सीसीडीसी अरविंद कुमार पांडे के खिलाफ मानहानि का मुकदमा दर्ज करने के लिए गुहार लगा रहे थे जिसके बाद भारतीय दंड विधान की धारा 500 एवं 501 के तहत मुकदमा दर्ज किया गया अरविंद कुमार पांडे के द्वारा दैनिक अखबार में पीड़ित उपेंद्र सिंह चेरों के खिलाफ यह छपवा दिया गया कि उपेंद्र सिंह को टीवी की बीमारी है उसे खुजली होता है पेट में दर्द रहता है और गंभीर बीमारी है इसी का बहाना बनाकर उसको नौकरी से निकाल दिया गया और अखबार में प्रकाशित होने के बाद उपेंद्र सिंह की काफी मानहानि हुई उसे कोई दुसरी नौकरी देने के लिए भी तैयार नहीं हो रहा है ऐसी परिस्थिति में हमने मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी पलामू डालटेनगंज के न्यायालय में कंप्लेंट केस नंबर 1014/ 2023 के तहत कल ही मुकदमा दर्ज हुआ था जिसका प्रथम सुनवाई आज हुआ। जिसे मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी ने केस को स्वीकार करते हुए अगली तिथि को सुनवाई के लिए रखा है।

# पेड़ पर लटका मिला युवक का शव जांच में जुटी पुलिस

**मेदिनीनगर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** मनातू थाना क्षेत्र के ग्राम सेमरी से गुरुवार की सुबह मनातू थाना की पुलिस ने पेड़ से लटके एक शव को बरामद किया गया है। इस घटना के बाद स्थानीय ग्रामीणों की भीड़ घटनास्थल पर उमड़ पड़ी। मृतक की पहचान मनातू थाना क्षेत्र के ग्राम कर्मा टील्हा निवासी नंददेव सिंह के पुत्र प्रमोद सिंह उम्र 30 वर्ष के रूप में की गई है। वहीं इस घटना के बाद स्थानीय ग्रामीणों ने लगभग दो घंटे तक शव के साथ सड़क को जाम कर दिया। पुलिस द्वारा भारी मशक्कत के बाद सड़क को जाम से मुक्त कराया गया। इसके बाद पुलिस ने शव का पंचनामा कर शव को अपने कब्जे में लेकर उसे पोस्टमार्टम के लिए मेदिनीनगर सदर अस्पताल भेज दिया है। वहीं इस घटना के बाद से पुलिस मामले की छानबीन में जुट गई है।

# राजा राम मिश्र मार्ग नामकरण किए जाने पर धीरज मिश्रा ने महापौर के प्रति जताया आभार



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** रांची रोड रेड़मा से पलामू प्रमंडल के प्रसिद्ध संगीतज्ञ स्वर्गीय राजा राम मिश्र के आवास तक जाने वाले मार्ग को स्वर्गीय राजा राम मिश्र के नाम से नामकरण किए जाने पर स्वर्गीय मिश्र के पुत्र सामाजिक कार्यकर्ता सह सहायक अध्यापक धीरज मिश्रा एवं इनके परिवार के सभी सदस्यों ने नगर निगम की महापौर श्रीमती अरुणा शंकर को धन्यवाद देते हुए आभार जताया है। धीरज मिश्रा ने बताया कि पिता स्वर्गीय राजा राम मिश्र के आकस्मिक निधन से पलामू प्रमंडल में शास्त्रीय संगीत के साथ ही पूरे संगीत जगत को अपूर्णिय क्षति हुई है जिसकी भरपाई करना मुश्किल है। बालक बुनियादी विद्यालय डालटनगंज के प्रधानाचार्य से सेवानिवृत स्वर्गीय मिश्र का संगीत जगत से काफी लगाव था एवं इन्होंने शहर में बतौर संगीत शिक्षक पलामू प्रमंडल में सैकड़ों लोगों को शास्त्रीय संगीत एवं सुगम संगीत की शिक्षा प्रदान कर संगीत जगत को एक नई पहचान दिलाई। ये मिलनसार, हंसमुख स्वभाव, व्यवहार कुशल के धनी इंसान थे। स्वर्गीय मिश्र के आकस्मिक निधन पर पलामू प्रमंडल में शोक की लहर एवं माहौल गमगीन हो गया था।इनके नाम से मार्ग का नामकरण कर महापौर ने सच्ची श्रद्धांजलि देने का कार्य कर नाम को युगों युगों तक अमर करने एवं शिक्षा एवं संगीत जगत को गौरवान्वित करने का कार्य किया है। इसके लिए मेयर महोदया बधाई और धन्यवाद के पात्र हैं। महापौर को धन्यवाद देने वालो में स्वर्गीय मिश्र के परिवार से देवरानी संगीत महाविद्यालय के निदेशक नीरज मिश्र, ग्रामीण बैंक के अधिकारी पंकज मिश्र, संगीत शिक्षक सूरज मिश्र, प्रभात दुबे, सागर पाठक, सीमा मिश्रा, गीना मिश्रा, पूजा मिश्रा, इंदू मिश्रा, प्रियमवदा मिश्रा, पलक, आव्या

# बीपीओ शिक्षा विभाग ने बीआरपी-सीआरपी के साथ किया बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** प्रखंड संसाधन केन्द्र अधौरा में गुरुवार को बीआरपी-सीआरपी की बैठक प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी तहमीना परवीन की अध्यक्षता में संपन्न हुई. बैठक में बीपीओ ने विभागीय कार्यो की समीक्षा के बाद आवश्यक दिशा निर्देश दिया। बैठक में बीपीओ ने कहा कि शैक्षणिक सत्र 2022 - 23 में कक्षा 1 से 7 तक के विद्यार्थियों हेतु वार्षिक योगात्मक (एस ए-2)की परीक्षा आगामी 6 मई से 13 मई तक होगी. परीक्षा प्रातः 7.30 से 9 .30 तक होगी. बीपीओ ने कहा कि कक्षा एक व कक्षा दो की परीक्षा मौखिक होगी .कक्षा 3 से कक्षा 7 तक के प्रश्न वस्तुनिष्ठ, लघु उत्तरीय तथा दीर्घउत्तरीय प्रकार के होंगे.कक्षा तीन से कक्षा पांच तक प्रत्येक विषय के लिए 60- 60 अंक निर्धारित किये गये है. कक्षा 6 से कक्षा 7तक प्रत्येक विषय के लिए 60-60 अंक निर्धारित हैं. परंतु विज्ञान और सामाजिक विज्ञान के लिए 50 -50 अंक का लिखित तथा 10-10 अंक प्रोजेक्ट कार्य के लिए निर्धारित किया गया है.उन्होंने कहा कि सभी प्रधानाध्यापक परीक्षा समाप्ति के पश्चात छात्र-छात्राओं की संख्या तथा परीक्षा में शामिल हुए छात्र-छात्राओं की संख्या संकुल साधन सेवी के पास देंगे. परीक्षा उपरांत कॉपी का मूल्यांकन कार्य संकुल स्तर पर ग्रीष्म कालीन अवकाश के उपरांत 12 जून से 15 जून तक किया जायेगा. सभी विद्यालय के विद्यालय प्रबंधन समिति के सचिव 16 जून को परीक्षा परिणाम अनिवार्य रूप से विद्यालय स्तर पर घोषित करेंगे. संकुल अंतर्गत आनेवाले सभी विद्यालयों के प्रश्न पत्र सह उत्तरपुस्तिका का आदान - प्रदान करते हुए मूल्यांकन कार्य निष्पादित किया जायेगा. बीपीओ ने कहा कि बार - बार निर्देश के बाबजूद भी कुछ विद्यालय ई विद्या वाहिनी में चाइल्ड यू - मेंडेटरी फाइल्स का कार्य पूरा नहीं कर रहे हैं ,वैसे विद्यालयों के प्रधानाध्यापक का वेतन प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी के द्वारा अगले आदेश तक बंद कर दिया गया है. किसी भी विद्यालय के एचएम को चाइल्ड यू -डायस मेंडेटरी का कार्य करने में कोई दिक्कत है, तो एमआईएस कोडिनेटर मुकेश कुमार से सपर्क कर सकते है. ई विद्या वाहिनी में टीचर अटेंडेंस एंव स्टूडेंट्स आटेंडस में सुधार करने की आवश्यकता है। बीपीओ ने कहा कि प्रखंडाधींन विद्यालयों में जहां पर निःशक्त बच्चे हैं वहां के प्रधनाध्यापक उन बच्चों का दिव्यांगता प्रमाण पत्र का रिपोर्ट बीआरसी में रिसोर्स शिक्षक शशिकांत पाल के पास जमा करेंगे।

# अधेड़ की पत्थर से कूचकर हत्या, जांच में जुटी पुलिस



**हरिहरगंज (प्रभात मंत्र संवाददाता):** थाना क्षेत्र के सुदूरवर्ती पथरा ओपी अंतर्गत अकौनी गांव में बुधवार की रात 55 वर्षीय रामस्वरूप यादव की अज्ञात अपराधियों द्वारा कनपटी पर पत्थर से प्रहार कर हत्या कर दी गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार मृतक भैंस चराकर घर लौटने के बाद भैंस को बांधकर रात्रि करीब 8 बजे गांव स्थित दुकान की ओर गया था। गुरुवार की सुबह में घर से 200 मीटर दूर दक्षिण दिशा में हड़ही नदी किनारे खून से उसका लथपथ शव बरामद किया गया। सूचना पर पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी सुदामा कुमार दास पथरा ओपी प्रभारी नीतीश कुमार एसआई निर्भय कुमार शिवशंकर उरांव निरंजन सिंह मौके पर पहुंचे और शव को कब्जे में लेकर अंत्यपरीक्षण के लिए हुसैनाबाद भेज दिया। पुलिस शव के पास पड़ा खून लगा पत्थर बरामद किया है। संभावना व्यक्त की जा रही है कि उसी पत्थर से मृतक के चेहरे और कनपटी के हिस्से में वार किया गया होगा । मृतक के एक पुत्र तथा चार पुत्री हैं जो सभी शादीशुदा हैं। घटना के दिन घर में उसके पिता पुरन यादव और बहू ही थे। जबकि मृतक की पत्नी सोनमतिया देवी अपनी मायके तथा पुत्र शिवनंदन यादव मजदूरी करने बाहर गया है। थाना प्रभारी ने बताया कि पुलिस सभी बिन्दुओं पर गहनता से छानबीन करने के साथ ही संदेह के आधार पर एक युवक से पूछताछ कर रही है शीघ्र ही घटना में शामिल अपराधी पुलिस की गिरफ्त में होंगे।

# भाजपा नेता विनोद कुमार सिंह ने उग्रवाद प्रभावित क्षेत्र महूदंड का किया दौरा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हुसैनाबाद (पलामू) :** भाजपा नेता बिनोद कुमार सिंह हुसैनाबाद प्रखंड के अति सुदूरवर्ती गांव महुडंड का दौरा किया और लोगो से रूबरू हो कर ग्रामीणों के दुख सुख और समस्याओ को जाना। भाजपा नेता श्री सिंह को ग्रामीणों ने दर्जनों समस्या से अवगत कराया। श्री सिंह ने मौक़े पे वरीय पदाधिकारी से बात कर कुछ समस्या का निदान तुरंत किया और बाकी समस्याओ के हल के लिए ग्रामीणों कुछ समय माँगा और बोला की सारी समस्याओ का निदान जरुर होगा। मौके पे संतोष यादव, अर्जुन यादव, धनजय गुप्ता, बबलू गुप्ता, प्रवेश राम, निखिल साव, हीरा राम, उदेश कुमार, उदय कुमार आदि सैकडो ग्रामीण मौजूद थे।

# मां गायत्री शक्तिपीठ का पांचवा स्थापना दिवस समारोह हर्षोल्लास व धूमधाम के साथ मनाया गया

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** अखिल विश्व गायत्री परिवार के तत्वधान में परम पूज्य गुरुदेव वेदमूर्ति तपोनिष्ठ पंडित श्रीराम शर्मा आचार्य एवं शक्ति स्वरूपा माता भगवती देवी शर्मा के सूक्ष्म संरक्षण में जंगीपुर सेंट्रल बैंक के निकट स्थित मां गायत्री शक्तिपीठ का पांचवा स्थापना दिवस समारोह हर्षोल्लास व धूमधाम के साथ मनाया गया. स्थापना दिवस के अवसर पर पांच कुंडीय गायत्री महायज्ञ का आयोजन किया गया.इसके पूर्व बुधवार की शाम को गायत्री प्रज्ञा शक्तिपीठ मंदिर में गायत्री परिवार द्वारा 12 घंटे का अखंड जाप किया.स्थापना दिवस समारोह कार्यक्रम सुबह से देर शाम तक चलता रहा. पांच कुंडीय महायज्ञ देव पूजन, गुरु पूजन, गायत्री माता पूजन के साथ गायत्री महायज्ञ शुरू हुआ.ब्रह्मवादिनी टोली के सदस्यों द्वारा हवन यज्ञ के माध्यम से गायत्री माता एवं गुरु सत्ता से सबके लिए सद्बुद्धि सबका उज्जवल भविष्य की कामना के साथ हवन यज्ञ कराया गया. महायज्ञ कार्यक्रम में मुख्य रूप से स्थानीय विधायक भानु प्रताप शाही उपस्थित रहे. महायज्ञ में आसपास के बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने घर परिवार की सुख शांति एवं प्रदेश में अमन चैन की शांति की कामना के साथ आहुतियां डाली.विश्व कल्याण, शांति, पर्यावरण, जल संरक्षण, आपदाओं के समाधान, सभी के अच्छे स्वास्थ्य के लिए गायत्री मंत्र, महामृत्युंजय मंत्र, शिव गायत्री मंत्र, सूर्य गायत्री मंत्र और दुर्गा गायत्री मंत्र आदि की आहुतियां यज्ञ में समर्पित की गई। सभी साधकों नेप्रत्येक दिन यज्ञ करने का संकल्प लिया. पूजा हवन के बाद महा भंडारा का आयोजन किया गया, जिसमें हजारों श्रद्धालुओं ने महाप्रसाद ग्रहण किया. ब्रह्मवादिनी टोली के वक्ताओं ने योग से होने वाले आध्यात्मिक और भौतिक लाभों की जानकारी दिया. वक्ताओं ने कहा कि मनुष्य एक कर्मशील प्राणी है।

# वन अधिकार अधिनियम के तहत प्रखंड कार्यालय केतार में हुआ कार्यशाला



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**केतार (गढ़वा) :** प्रखंड कार्यालय के सभागार कक्ष में गुरुवार को वन अधिकारी अधिनियम के तहत बीडीओ मुकेश मछुआ के अध्यक्षता में एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्यत~ वन पट्टा को लेकर चर्चाए की गई। बीडीओ ने कहा कि हाल ही में प्रखंड के सभी गांव में वन अधिकार समिति बनाए जाएंगे। और वह समिति अपने गांव के समीप जो परिवार वर्षो से वन विभाग के भूमि पर रह रहे हैं या उस भूमि पर खेती गृहस्ती कर रहे हैं उनके लिए सरकारी पात्रता को पूर्ण करने वाले व्यक्ति को वन पट्टा दिया जाएगा। इस मौके पर प्रमुख प्रतिनिधि अखिलेश प्रसाद, उप प्रमुख शंभू सिंह खरवार, बीडीसी प्रतिनिधि इम्तेयाज अंसारी, कामेश्वर सिंह, दीनदयाल गुप्ता, बीडीसी राम व्रत मेहता, राजकुमार राम, सहित प्रखंड एवं अंचल के कर्मी उपस्थित थे।

# कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय हुसैनाबाद में नामांकन प्रक्रिया प्रारंभ

**हुसैनाबाद (पलामू) (प्रभात मंत्र संवाददाता):** हुसैनाबाद कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय हुसैनाबाद, हैदरनगर तथा मोहम्मदगंज में नामांकन प्रक्रिया प्रारंभ हो गई है। इसमें अनाथ, एकल अभिभावक, आदिम जनजाति, ट्रैफिकिंग व नक्शल प्रभावित क्षेत्र की बालिकाएं सुदूरवर्ती अत्यंत गरीब BPL धारी बालिकाएं तथा बीच में पढ़ाई छोड़ चुकी बालिकाओं के नामांकन में प्राथमिकता दी जाएगी यदि हुसैनाबाद, हैदरनगर तथा मोहम्मदगंज में ऐसी बालिकाएं है जो वर्ग 6 व 9 में पढ़ने के लिए इच्छुक हैं ओ जल्द से जल्द दिनांक 29/04/23 तक हुसैनाबाद के बुधुआ गांव स्थित कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय, हुसैनाबाद में छात्रा के आधार कार्ड के साथ विद्यालय को सूचित करें। ताकि इनका नाम चयन सूची में डाला जा सके।

# शारीरिक व मानसिक विकास के लिए खेलकूद जरूरी : एसपी

## एचपीएल 2023 का रेणुसागर बना विजेता



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पड़वा, पलामू :** पलामू के पुलिस अधीक्षक चंदन सिन्हा ने कहा कि मनुष्य को शारीरिक व मानसिक विकास के लिए खेलकूद जरूरी है। लगातार पढ़ाई व काम करने के दौरान कई बार तनाव की स्थिति होती है. ऐसे में खेल इस तनाव को दूर करने का बेहतर माध्यम है. हिन्डालको ने इस तरह का टूर्नामेंट कराकर सराहनीय कार्य किया है. पुलिस अधीक्षक चंदन सिन्हा कठौतिया ओपन कास्ट कोल माइंस प्रबंधन द्वारा आयोजित एचपीएल 2023 के फाइनल मैच में बोल रहे थे. पुलिस अधीक्षक चंदन सिन्हा ने फाइनल मैच का उदघाटन बैलून उड़ाकर व खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया. समारोह की अध्यक्षता यूनिट हेड मैनक चक्रवर्ती ने किया. फाइनल मैच में रेणुसागर ने रेणुकूट को दो विकेट से पराजित कर एचपीएल 2023 पर कब्जा जमा लिया। एसपी ने कहा कि हिन्डालको न ग्राउंड पलामू के लिए एक बेहतर उपहार है. हिन्डालको इंडस्ट्रीज लिमिटेड के बिजनेस हेड राजेश कुमार गुप्ता ने कहा कि जीवन में खेल-कूद और व्यायाम जीवन को अनुशासित बनाता है. आपने अक्सर देखा होगा कि खेल-कूद करने वाले लोग हमेशा कॉन्फिडेंट रहते हैं और चुनौतियों के सामना करने के लिए उनका मानसिक स्तर हमेशा ऊंचा ही होता है. साइंटिस्ट के द्वारा माना गया है कि जो लोग व्यायाम और खेल कूद करते हैं उनका दिमाग दूसरे लोगों से जल्दी फैसला कर सकता है. बिजनेस हेड राजेश गुप्ता ने कहा कि हिंडाल्को केवल व्यवसाय नहीं करती है बल्कि अपने कर्मियों के साथ साथ अपने कार्य क्षेत्र मे रहने वाले लोगों के सुख दुग्ख हमेशा भागीदारी बनता है. डिप्टी सीएचआरओ सतीश आनंद ने कहा कि खेलकूद जुड़ाव का बेहतर माध्यम है. खिलाड़ी जिस तरह से मैच जीतने के लिए पूरी टीम के खिलाड़ी एकजूटता के साथ खेलते हैं उसी तरह हम सभी लोगों को अपने संस्थान के विकास के लिए टीम भावना के साथ काम करना चाहिए. बेस्ट बालर रेणुकूट के जीएन सिंह, मैन आफ द मैच दीपक व बेस्ट बैट्समैन का पुरस्कार सुमित को दिया गया.इस मौके पर झारखंड हेड विवेक मिश्रा, अध्यक्ष बृजेश झा, अध्यक्ष विवेक मिश्रा, जीएम पर्चेज रणजीत अग्रवाल, माइंस मैनेजर राजू सिंह, मनप्रीत भाटिया, अरूप बनर्जी, विशाल सिंह, विजयकांत दुबे, चेतलाल विश्वकर्मा, अश्विनी कुमार, जयंत शुक्ला, नितेश पौराणिक, राकेश सिंह, प्रवीण सिंह, अमूल्य प्रताप सिंह, विशाल कश्यप, गौतम सिन्हा, शैलेन्द्र सिंह, सुनील सिन्हा, आरके शुक्ला सहित कई लोग मौजूद थे।

# जिला परिषद बोर्ड की बैठक संपन्न




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदनीनगर :** जिला परिषद बोर्ड की बैठक मंगलवार को समाहरणालय के ब्लॉक-सी के सभागार में प्रतिमा कुमारी, अध्यक्ष जिला परिषद, पलामू की अध्यक्षता में हुई। सभागार में जिला परिषद उपाध्यक्ष आलोक कुमार सिंह व उप विकास आयुक्त सह मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी रवि आनंद समेत सभी सदस्य व प्रमुख सहित विभिन्न पदाधिकारी शामिल हुए.सर्वप्रथम बैठक में पूर्व की बैठक में लिये गये निर्णयों एवं अनुपालन के विषय पर चर्चा किया गया.इसके पश्चात विभिन्न विभागों की विस्तृत रूप से समीक्षा की गयी.बैठक में खरीफ मौसम में बीज का वितरण उचित मात्रा में एवं ससमय कराने पर बल दिया गया। वहीं 15 वें वित्त आयोग अंतर्गत कुल 90 योजनाओं पर किए गए भुगतान की संपुष्टि प्रदान की गयी.जिला परिषद के आय स्रोत के सृजन में वृद्धि हो,इसके मद्देनजर विभिन्न प्रखंडों में लगभग 500 दुकानों का निर्माण कराने का निर्णय लिया गया। बैठक में सदर मेदनीनगर, सतबरवा,नौडीहा बाजार,एवं हुसैनाबाद में कुल 4 अमृत सरोवर योजनाओं की स्वीकृति प्रदान की गयी.पेयजल की समस्या को देखते हुए सभी त्रिस्तरीय पंचायतों द्वारा अपने-अपने स्तर से नये पेयजल के स्रोत सृजन कर सकेंगे साथ ही पुराने पेयजल के स्रोतों की मरम्मती कराने का भी निर्णय लिया गया.जिले के सभी पंचायत भवनों में जिला परिषद स्तर से ÷पंचायत समृद्धि केंद्र÷की स्थापना करने का भी निर्णय लिया गया जिसमें पंचायत के सभी इकाइयां हेतु स्वास्थ, शिक्षा एवं मनोरंजन आदि संबंधी सामग्री का अधिष्ठापन भी कराया जायेगा। इसी तरह सामाजिक सुरक्षा, बिजली विभाग, शिक्षा विभाग, समाज कल्याण, भूमि संरक्षण, कृषि विभाग, आपूर्ति विभाग व अन्य विभागों की समीक्षा की गयी।

e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com
रांची संस्करण
हिन्दी दैनिक
वर्ष 10, अंक 115

# प्रभात मंत्र

शुक्रवार
28.04.2023
RNI No. - JHAHIN/2014/59110
prabhatmantra.com
पृष्ठ 12 । मूल्य 3 रुपये
पोस्टल रजिस्ट्रेशन : आरएन /257/2021-23

**सुविचार**
यदि आप अपने जीवन में सफ़लताओं का आनंद लेना चाहते है तो अपने जीवन में कठिनाई को कभी आने से नहीं रोके।

ताजा खबरों के लिए देखें

असर्फी हॉस्पीटल
आपका अपना सुपर स्पेशिएलिटी हॉस्पिटल
कैंसर रोग विभाग
धनबाद में पहली बार
Full Time
Medical Oncologist
उपलब्ध
Dr Parag Roy
MD, DrNB
(Medical Oncology)
दिन: सोमवार से शनिवार
समय: सुबह 10AM से 4PM
09297970030

## रांची का तापमान

अधिकतम 30°
न्युनतम 18°

## क्विक न्यूज

### अखिलेश यादव ने की राजद सुप्रीमो लालू यादव से मुलाकात

**नई दिल्ली :** समाजवादी पार्टी (सपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने गुरुवार को यहां राष्ट्रीय जनता दल (आरजेडी) के सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव से मुलाकात की। मुलाकात के बाद अखिलेश यादव ने फोटो ट्वीट कर लिखा कि उन्होंने लालू प्रसाद यादव से एक 'कुशलक्षेम-मुलाकात' की। वहीं राजद ने दोनों नेताओं के मुलाकात की फोटो ट्वीट कर लिखा कि आज नई दिल्ली में राष्ट्रीय अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव से समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने मुलाकात की। उल्लेखनीय है कि विपक्षी एकता को मजबूत करने के संदर्भ में इस मुलाकात को देखा जा रहा है।

### राष्ट्रीय अनुसूचित आयोग ने डीएम, एसपी और आईजी को दिल्ली बुलाया, नहीं आने पर गिरफ्तारी की चेतावनी

**कोलकाता :** राष्ट्रीय अनुसूचित आयोग ने कालियागंज में नाबालिक लड़की से दुष्कर्म के बाद हत्या के आरोपों की जांच में सहयोग नहीं करने पर राज्य प्रशासन के तीन अधिकारियों को दिल्ली तलब किया है। आयोग ने नॉर्थ बंगाल के आईजी देवेंद्र प्रताप सिंह, नॉर्थ दिनाजपुर की एसपी सना अख्तर और जिलाधिकारी अरविंद कुमार मीणा को पांच मई को दिल्ली तलब किया है। आयोग के उपाध्यक्ष अरुण हलदर ने गुरुवार को कहा कि अगर वे उस दिन पेश नहीं होते हैं तो आयोग के संवैधानिक अधिकारों का प्रयोग करते हुए उनके खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी किया जाएगा। उन्होंने कहा कि आयोग ने उत्तर बंगाल के आईजी, उत्तर दिनाजपुर के एसपी और जिलाधिकारी को तलब किया है। उन्हें पांच मई को पेश होना है। अगर वे पेश नहीं होते हैं तो आयोग उनके खिलाफ समन जारी करेगा। आयोग उन्हें गिरफ्तार कर पेश करेगा। वहीं कालियागंज थाने के आईजी, घटना के जांच अधिकारी और उत्तर दिनाजपुर की एसपी सना अख्तर को आयोग ने निलंबित करने की भी सिफारिश की है।

### असम में सशस्त्र संघर्ष का दौर हुआ समाप्त : गृह मंत्री शाह

नई दिल्ली : दिमासा नेशनल लिबरेशन आर्मी (डीएनएलए) और असम सरकार के बीच गुरुवार को नई दिल्ली में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की उपस्थिति में एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर हुआ। इस अवसर पर गृह मंत्री ने कहा कि इस समझौते से असम के दीमा हसाओ जिले में उग्रवाद पूरी तरह से समाप्त हो जायेगा और असम के हिंसा में लिप्त सभी संगठनों का अंत हो गया है।

### कैबिनेट की बैठक में 26 प्रस्तावों पर लगी मुहर

# नगर निकायों में होगी प्रशासक की नियुक्ति

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची:** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में कैबिनेट की बैठक हुई. 26 प्रस्तावों पर मुहर लगी. झारखंड मंत्रालय में गुरुवार को हुई कैबिनेट की बैठक की जानकारी कैबिनेट सचिव वंदना डाडेल ने दी. कैबिनेट की बैठक में 26 प्रस्तावों पर मुहर लगी है. इनमें से अंगीभूत कॉलेजों के सहायक प्राध्यापकों का मानदेय बढाने की मिली स्वीकृति, अनुसूचित जाति और जनजाति के लिए जारी केन्द्र सरकार के प्रपत्र को मान्यता प्रदान की गई. राज्य सरकार के सभी कर्मचारियों का महंगाई भत्ता बढा.अब 42त्न मिलेगा. राज्य सरकार के पारिवारिक पेंशनभोगियों का भी महंगाई भत्ता बढ़ा, अब 42त्न मिलेगा. संविदाकर्मियों का मानदेय बढाने का निर्णय लिया गया. झारखंड चिकित्सा शिक्षा सेवा संवर्ग नियमावली संशोधन का निर्णय लिया गया. झारखंड राज्य औषधि सेवा नियमावली 2023 की मंजूरी प्रदान की गई. राज्य सरकार के अपुनिरीक्षित कर्मचारियों के महंगाई भत्ता बढाने की स्वीकृति प्रदान की गई, इन्हें अब 221त्न महंगाई भत्ता मिलेगा. चक्रधरपुर में अनुमंडलीय न्यायालय के गठन की स्वीकृति दी गई. बोकारो के नवाडीह में डिग्री महाविद्यालय बनेगा. कैबिनेट ने दी प्रशासनिक स्वीकृति मिली. क्रिमिनल ट्रैकिंग सिस्टम को अपग्रेड करने की स्वीकृति. उद्योग विस्तार पदाधिकारी के नियुक्ति प्रोन्नति नियमावली 2014 में संशोधन करने की स्वीकृति प्रदान की गई. नगर निकाय चुनाव नहीं होने की वजह से नगर निकायों में कार्य संचालन हेतू प्रशासक की नियुक्ति करने की स्वीकृति प्रदान की गई.

#### कैबिनेट का महत्वपूर्ण फैसला



- राज्य विश्वविद्यालयों के स्नातकोत्तर विभागों एवं अंगीभूत महाविद्यालयों में शिक्षण कार्य को सुचारू रूप से संचालन हेतु स्वीकृत पदों के विरूद्ध रिक्त पदों पर कार्यरत आवश्यकता आधारित सहायक प्राध्यापकों के मानदेय बढ़ोतरी, झारखण्ड लोक सेवा आयोग के द्वारा सहायक प्राध्यापक के पद पर नियमित,बैकलॉग नियुक्ति तक पैनल का अवधि विस्तार किये जाने तथा गेस्ट फैकल्टी की सेवा प्राप्त करने की स्वीकृति दी गई।
- राज्य सरकार के कर्मियों को दिनांक 01.01.2016 से प्रभावी पुनरीक्षित वेतनमान (सातवें केन्द्रीय वेतनमान) में दिनांक 01 जनवरी, 2023 के प्रभाव से महँगाई भत्ता की दरों में अभिवृद्धि की स्वीकृति दी गई। राज्य के सेवीवर्ग जिनके वेतनमान/वेतन संरचना का पुनरीक्षण (सप्तम वेतन पुनरीक्षण) दिनांक 18 जनवरी 2017 द्वारा दिनांक 01 जनवरी 2016 के प्रभाव से किया गया है, उन्हें दिनांक 01 जनवरी 2023 के प्रभाव से वेतन का 42 प्रतिशत महंगाई भत्ता स्वीकृत किया गया।
- संविदा के आधार पर कार्यरत कर्मियों के संविदा राशि के निर्धारण की स्वीकृति दी गई।
- राज्य के सरकारी चिकित्सा महाविद्यालय एवं अस्पताल के जूनियर रेजिडेंट (एकेडमिक एवं नॉन एकेडमिक), इन्टर्नस् की वृतिका पुनरीक्षण एवं झारखण्ड चिकित्सा शिक्षा सेवा ( नियुक्ति, प्रोन्नति एवं सेवाशर्त) (संशोधन) नियमावली 2023 के गठन की स्वीकृति दी गई।
- राज्य सरकार के कर्मियों को अपुनरीक्षित वेतनमान (छठा केन्द्रीय वेतनमान) में दिनांक 01.01.2023 के प्रभाव से महँगाई भत्ता की दरों में अभिवृद्धि की स्वीकृति दी गई।
- राज्य सरकार के पेंशनधारियों, पारिवारिक पेंशनभोगियों को अपुनरीक्षित वेतनमान (छठा केन्द्रीय वेतनमान) में दिनांक 01.01.2023 के प्रभाव से महँगाई राहत की दरों में अभिवृद्धि की स्वीकृति दी गई।
- पश्चिमी सिंहभूम जिला अंतर्गत चक्रधरपुर अनुमंडलीय न्यायालय के गठन की स्वीकृति दी गई।
- झारखंड मोटरयान निरीक्षक संवर्ग (नियुक्ति, प्रोन्नति एवं सेवा की अन्य शर्तें) (संशोधन) नियमावली, 2023 पर स्वीकृति दी गई।
- झारखंड राज्य बिवरेजेज कॉरपोरेशन लिमिटेड के माध्यम से खुदरा उत्पाद दुकानों का संचालन नियमावली, 2022卐 के तहत झारखंड राज्य के वैसे जिले, जहाँ प्लेसमेंट एजेन्सी का चयन की प्रक्रिया पूर्ण नहीं की जा सकी है, उन जिलों में अधिकतम चार माह हेतु आपात व्यवस्था के अंतर्गत राजस्वहित में दिनांक 01.05.2023 JSBC रुको दैनिक पारिश्रमिक के रूप में दुकान सहायक,विक्रेताओं की सेवा प्राप्त कर खुदरा उत्पाद दुकानों के संचालन हेतु प्राधिकृत करने की स्वीकृति दी गई।
- राज्यांतर्गत स्थानीय नगर निकायों में आम निर्वाचन स्थगित होने के कारण प्रशासक की नियुक्ति की स्वीकृति दी गई।

### सुप्रीम कोर्ट में तीन तलाक पर केंद्र सरकार ने दायर किया हलफनामा, कहा

# तीन तलाक पर हो जेल



**एजेंसी**

**नई दिल्ली :** देश की सर्वोच्च अदालत सुप्रीम कोर्ट में उलेमा-ए-हिंद द्वारा तीन तलाक की वैधता को लेकर दायर की गई याचिका में केंद्र सरकार ने अपना जवाब दाखिल किया है.जवाब में उसने तीन तलाक को आपराधिक कानून घोषित किए जाने को लेकर वकालत की है.सरकार ने सुप्रीम कोर्ट को बताया कि आखिर क्यों उसको तीन तलाक को लागू करने के लिए मजबूर होना पड़ा. क्योंकि मुस्लिम पुरुषों ने सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बावजूद इस प्रथा को जारी रखा. सरकार ने 117 पेज का हलफनामा दायर करके कहा, सुप्रीम कोर्ट के ट्रिपल तालक को अवैध घोषित करने के बावजूद देश के मुस्लिम समुदाय ने इस प्रथा को जारी रखा है. इसलिए,अवैध तलाक के पीड़ितों की शिकायतों के निवारण के लिए राज्य सरकार को यह महसूस हुआ कि इसके लिए एक कानून होना चाहिए. इसलिए सरकार ने एक नए कानून को बनाया.सरकार ने सुप्रीम कोर्ट से यह भी कहा, सिर्फ विधायिका तात्कालीन सरकार की अध्यक्षता में यह फैसला लेने और उस पर कानून बनाने का अधिकार रखती है, राज्य के लोगों के लिए सामाजिक तौर पर क्या अच्छा है और नहीं. अदालत की उस टिप्पणी पर भी केंद्र सरकार ने प्रतिक्रिया दी, जिसमें अदालत ने कहा था उन्होंने तीन तलाक को सिर्फ अवैध घोषित किया था लेकिन सरकार ने एक कदम आगे बढ़कर उसको आपराधिक घोषित करते हुए तीन साल की सजा दे दी. केंद्र सरकार ने कहा, अदालत को यह कहने से बचना चाहिए था, जो केंद्र सरकार ने किया है वह पर्याप्त नहीं है.

> **सरकार ने 117 पेज का हलफनामा दायर करके कहा, सुप्रीम कोर्ट के ट्रिपल तालक को अवैध घोषित करने के बावजूद देश के मुस्लिम समुदाय ने इस प्रथा को जारी रखा है.**

# प्रशासन यानी नवाचार : पीएम मोदी



**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुरुवार को प्रशासन में नवाचार और नए विचारों के महत्व को रेखांकित करते हुए कहा कि सरकार नियम-कानून और पुरानी व्यवस्था तक सीमित नहीं होती।


प्रधानमंत्री मोदी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से गुजरात में 'स्वागत' पहल के 20 वर्ष पूरे होने पर आयोजित कार्यक्रम में भाग लेते हुए योजना के लाभार्थियों से बातचीत की। इस दौरान उन्होंने कहा कि हमारे देश में दशकों से यह मान्यता चली आ रही थी कि कोई भी सरकार आए उसे बनी-बनाई लकीरों पर ही चलते रहना होता है। लेकिन स्वागत के माध्यम से गुजरात ने इस सोच को बदलने का काम किया है। गुजरात सरकार पहल के 20 वर्ष सफलतापूर्वक पूरे होने पर 'स्वागत सप्ताह' मना रही है। 'स्वागत' की विशिष्टता यह है कि वह आम आदमी को अपनी शिकायतें सीधे मुख्यमंत्री तक पहुंचाने में मदद करता है। यह महीने के चौथे गुरुवार को आयोजित किया जाता है, जिसमें मुख्यमंत्री शिकायत निवारण के लिए नागरिकों के साथ बातचीत करते हैं। यह शिकायतों के त्वरित समाधान के जरिए आम लोगों और सरकार के बीच की खाई को पाटने में सहायक रहा है। इस कार्यक्रम के तहत सुनिश्चित किया जाता है कि प्रत्येक आवेदक को निर्णय के बारे में सूचित किया जाए। सभी आवेदनों की कार्यवाही ऑनलाइन उपलब्ध होती है। अबतक दर्ज की गई 99 प्रतिशत से अधिक शिकायतों का समाधान किया जा चुका है।

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि उनके लिए 'स्वागत' की सफलता का सबसे बड़ा पुरस्कार यह है कि इसके जरिए हम गुजरात के लोगों की सेवा कर पाये।

# छत्तीसगढ़: दो वर्ष के बाद नक्सलियों का बड़ा हमला, बीते 13 सालों में हुए कई हमले

**एजेंसी**

**दंतेवाड़ा :** बस्तर संभाग में अप्रैल 2021 में छत्तीसगढ़ के बीजापुर और सुकमा के सीमा क्षेत्र में हुए नक्सली हमले में 22 सुरक्षाकर्मी बलिदान हो गए थे, जबकि कई जवान घायल भी हुए थे। इसके दो वर्ष के बाद बुधवार (26 अप्रैल) को छत्तीसगढ़ के दंतेवाड़ा में नक्सलियों ने एक बार फिर हमला कर दिया। इस बार नक्सलियों के आईईडी ब्लास्ट करने से डीआरजी (डिस्ट्रिक्ट रिजर्व गार्ड) के 10 जवान बलिदान हो गए। साथ ही एक वाहन चालक भी मारा गया। दो साल बाद इसे सबसे बड़ा नक्सली हमला माना जा रहा है। ऐसा पहली बार नहीं हुआ, जब नक्सलियों के हमले में इतनी बड़ी तादाद में जवानों का बलिदान हुआ है। छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित इलाकों में बीते 13 सालों में ऐसे ही कई बड़े हमले हो चुके हैं।




**जानते हैं इन्हीं कुछ बड़े हमलों के बारे में-**

- छत्तीसगढ़ के दंतेवाड़ा में सबसे बड़ा नक्सली हमला 06 अप्रैल 2010 को हुआ था। इसमें 76 जवान बलिदान हो गए थे।
- 25 मई 2013 जीरम घाटी में हमला हुआ था। उस दौरान नक्सलियों ने एक परिवर्तन यात्रा पर हमला कर दिया था, जिसमें कांग्रेस के शीर्ष नेताओं सहित 30 से ज्यादा लोग मारे गए थे।
- 11 मार्च 2014 को एक बार फिर जीरम घाटी पर हमला हुआ था, जिसमें 14 जवानों ने अपना बलिदान दिया था।
- 12 अप्रैल 2014 को बस्तर में नक्सली हमला हुआ था, जिसमें पांच जवानों समेत 14 लोगों की मौत हो गई थी।
- अप्रैल 2015 में छत्तीसगढ़ के दंतेवाड़ा में नक्सलियों के बिछाए बारुदी सुरंग के फटने से सुरक्षा बल के चार जवानों ने बलिदान दिया, जबकि आठ घायल हो गए थे।
- मार्च 2017 में दंतेवाड़ा में लैंडमाइन ब्लास्ट में सीआरपीएफ के सात जवान बलिदान हो गए।
- 11 मार्च 2017 को नक्सलियों ने सीआरपीएफ की 219वीं बटालियन को निशाना बनाया था, जिसमें 12 जवानों ने अपना बलिदान दिया था।
- अप्रैल 2017 को हुए नक्सली हमले में सीआरपीएफ के 25 जवानों ने बलिदान दिया था।
- मार्च 2020 में सुकमा में हुए नक्सली हमले में डीआरजी-एसटीएफ के 17 जवान बलिदान हो गए थे और करीब 14 जवान घायल हुए थे।
- अप्रैल 2021 में बीजापुर और सुकमा बॉर्डर पर हुए नक्सली हमले में 22 सुरक्षाकर्मियों ने अपना बलिदान दिया था, जबकि कई जवान घायल भी हुए थे।
- इस साल 26 अप्रैल को हुए हमले में डीआरजी के 10 जवान बलिदान हो गए। साथ ही एक वाहन चालक भी मारा गया।

### दिल्ली, मुंबई, चेन्नई, हैदराबाद, लखनऊ और बनारस के लिए होगी एयर एंबुलेंस की सेवा

# सीएम आज करेंगे एयर एंबुलेंस सेवा का शुभारंभ



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन मरीजों को इलाज की बेहतर सुविधा उपलब्ध कराने के लिए आज 28 अप्रैल को एयर एंबुलेंस सेवा की शुरुआत करेंगे। इस सेवा के जरिए किसी भी मरीज को आपात स्थिति में बेहतर इलाज उपलब्ध कराने के लिए देश के अन्य अस्पतालों में ले जाने की सुविधा मिलेगी। एयर एंबुलेंस की सेवा सभी मरीजों के लिए 24 घंटे और सातों दिन उपलब्ध रहेगी। यदि गंभीर मरीजों को सेवा का लाभ लेना है, तो उन्हें इसके लिए विमानन विभाग या डीसी से संपर्क करना होगा। इसके बाद तीन घंटे के अंदर उन्हें सेवा उपलब्ध करा दी जायेगी। यह सेवा फिलहाल दिल्ली, मुंबई, चेन्नई, हैदराबाद, लखनऊ और बनारस के लिए शुरू की जा रही है। झारखंड की यह एयर एंबुलेंस सेवा कम दर पर उपलब्ध कराई जा रही है। रांची के अलावा जमशेदपुर, धनबाद, देवघर, दुमका, गिरिडीह और बोकारो हवाई-अड्डे से भी मरीजों को एयर एंबुलेंस की सुविधा मिलेगी।

### उड़ीसा में 40 हजार आदिवासी बच्चों से मिलेंगे मुख्यमंत्री


रांचीः मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन उड़ीसा की राजधानी भुवनेश्वर स्थित कलिंगा इंस्टीट्यूट ऑफ़ इंडस्ट्रियल टेक्नोलॉजी और इंस्टीट्यूट ऑफ सोशल साइंस के समारोह में शुक्रवार को शामिल होंगे। मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन केआईआईटी यूनिवर्सिटी के आमंत्रण पर करीब 40 हजार बच्चों से मिलकर कर उन्हें संबोधित करेंगे। मालूम हो कि इंस्टीट्यूट ऑफ सोशल साइंस पूरे विश्व में सबसे बड़ा आदिवासी संस्थान है। जिसे 1992-93 में डॉ अच्युत सामंता द्वारा शुरू किया गया था। इस संस्थान में देश भर के वंचित आदिवासी वर्ग के बच्चों को शिक्षा देने के साथ- साथ रोजगारपरक बनाया जाता है। वर्तमान में यहां करीब 40 हजार आदिवासी बच्चों को प्राथमिक से लेकर उच्च शिक्षा निःशुल्क प्रदान की जाती है, जिसमें अधिकतर बालिकाएं शिक्षा ग्रहण करती हैं।

#### मुख्यमंत्री 9 हजार शिक्षकों को सौंपेंगे नियुक्ति पत्र

हाईस्कूल शिक्षक नियुक्ति प्रक्रिया के तहत सुप्रीम कोर्ट के निर्देशानुसार चयनित शिक्षकों को अगले माह खेलगांव में मुख्यमंत्री के हाथों नियुक्ति पत्र दिया जायेगा। इसके तहत करीब नौ हजार शिक्षकों की नियुक्ति राज्य के विभिन्न जिला स्थित हाईस्कूलों में अलग-अलग विषयों में होगी। खेलगांव में एक साथ नौ हजार शिक्षकों के नियुक्ति पत्र वितरण समारोह में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन शिरकत करेंगे। इसके अलावा राज्य सरकार के आला अधिकारी मौजूद रहेंगे। नियोजन नीति में बदलाव के बाद राज्य में बड़े पैमाने पर नियुक्ति की प्रक्रिया शुरू की गई है। इसके तहत झारखंड कर्मचारी चयन आयोग के माध्यम से राजकीय 2 स्कूलों में विभिन्न विषयों के शिक्षकों की कमी को देखते हुए 2137 पीजीटी शिक्षकों की सीधी भर्ती और 265 बैकलॉग रिक्तियों को भरा जाएगा। स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के माध्यमिक शिक्षा निदेशालय की ओर से फिजिक्स, केमिस्ट्री और बायोलॉजी के लैब असिस्टेंट पदों के लिए भी नियुक्ति प्रक्रिया शुरू की गई है। इसके तहत 690 लैब असिस्टेंट राज्य में नियुक्त किए जाएंगे।

# ईडी कोर्ट ने जमीन घोटाला मामले में गिरफ्तार छह आरोपितों को भेजा जेल

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**रांची।** प्रवर्तन निदेशालय ने रांची में सेना की जमीन सहित अन्य भूमि घोटालों के मामलों में गिरफ्तार छह आरोपितों को 12 दिनों की पूछताछ के बाद गुरुवार को पीएमएलए कोर्ट में पेश किया। कोर्ट ने सभी को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है।ईडी के विशेष न्यायाधीश दिनेश राय की कोर्ट में सभी आरोपितों की पेशी हुई। पेशी के बाद जेल भेजे गए आरोपितों में प्रदीप बागची, बड़गाई अंचल के सीआई भानु प्रताप प्रसाद, अफसर अली, इम्तियाज अहमद, तलहा खान और सद्दाम हुसैन शामिल हैं। पिछली सुनवाई में कोर्ट ने सात आरोपितों में से एक आरोपित को जेल भेज दिया था। उल्लेखनीय है कि ईडी ने 13 अप्रैल को सेना के जमीन घोटाले मामले में रांची के पूर्व ईडी छवि रंजन सहित बंगाल, झारखंड और बिहार सहित 22 ठिकानों पर छापेमारी की थी। छापेमारी के दौरान ईडी ने सात लोगों को गिरफ्तार किया था। छापेमारी में जमीन से जुड़े कागजात ईडी के हाथ लगे थे। पूछताछ में ईडी को कई जानकारियां भी मिलीं। इस मामले में ईडी रांची के पूर्व डीसी छवि रंजन से पूछताछ कर चुकी है।

## आरटीसी इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी ने किया कार्यशाला का आयोजन



**ओरमांझी (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** आरटीसी इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी ने 24 से 26 अप्रैल तक डेटा साइंस पर तीन दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया। कार्यशाला का उद्देश्य प्रतिभागियों को गहन समझ के साथ-साथ व्यावहारिक कौशल और उपकरण प्रदान करना था। ताकि वे अपने संबंधित क्षेत्रों में आवेदन कर सकें। वहीं सौरभ श्रीवास्तव पूर्व संकाय समारा विश्वविद्यालय इथियोपिया ने एआई, एमएल पर विशेष ध्यान देने के साथ साथ बच्चो को ध्यान देने की बात की। मौके पर मुख्य रूप कार्यशाला में निदेशक एमेरिटस, प्राचार्य, डॉ टी के दास, एचओडी प्रोफेसर राजेश सिंह, नीतीश कुमार,अमित कुमार राय,अनिमेष कुमार और सीएसई के सभी संकाय सदस्य सहित उपस्थित थे।

## प्रोग्रेसिव पब्लिक स्कूल बूढ़ाखुखरा प्री नर्सरी के चार वर्षीय छात्र की क्लास में मौत

**मांडर (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** प्रोग्रेसिव पब्लिक स्कूल बूढ़ाखुखरा का प्री नर्सरी का चार वर्षीय छात्र अर्पण खलखो की आकस्मिक मृत्यु गुरुवार सुबह लगभग आठ बजे क्लास रुम में ही हो गई। वह आज गाँव के प्राइवेट स्कूल में अपने बड़े भाई जो क्लास वन में है उसके साथ स्कूल गया था।अचानक बड़े भाई के दूसरे क्लास में जाने के बाद वह रोना शुरु कर दिया।शिक्षकों के चुप कराने के क्रम में ही वह अचानक बेहोश होकर गिर पड़ा।शिक्षक एवं छात्रों में अफरातफरी मच गई किन्तु निदेशक शैलवाहन प्रसाद बच्चे को तुरंत अस्पताल लेकर निकल पड़े,साथ ही अभिभावक को भी बुला लिए।अभिभावक ने बताया कि बच्चे को हार्ट की गंभीर बीमारी थी जिसे उन्होंने स्कूल प्रबंधन को नहीं बताया था। बच्चे का करीब 15 दिन पहले ही नामांकन कराया गया था और वह पहली कक्षा में पढ़ रहे बड़े भाई की कक्षा में बैठा करता था। क्लास में रोते रोते उसके बेहोश होने के बाद उसे मांडर के अस्पताल में लाया जा रहा था किन्तु अस्पताल लाने के क्रम में रास्ते में ही उसकी मृत्यु हो गई।स्कूल प्रबंधन एवं मुखिया सोहंती एक्का ने बच्चे की मृत्यु पर शोक व्यक्त किया है।

## सहायक मंडल अभियंता के आवास में हिरण का बच्चा घुसा

**मुरी(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** सिल्ली प्रखंड अंतर्गत रेलवे परिक्षेत्र में सहायक मंडल अभियंता एके तिवारी के आवास में मंगलवार के रात्रि में जंगल से भटकते हुए एक हिरण का बच्चा उनके आवास की चहरदीवारी को फांदते हुए घुस गया।फांदने के क्रम में हिरण का बच्चा घायल भी हो गया था। अहले सुबह ड्यूटी जाने के क्रम में रेलकर्मी प्राणो नाथ सिंह बडाईक, रामप्रकाश रवानी तथा अशोक महतो ने उसे चारदीवारी के अंदर बगीचे में देखा। तीनों रेलकर्मी के द्वारा उसे पकड़ कर सुरक्षित तरीके से गैरेज में रखा गया तत्पश्चात इसकी सूचना वन विभाग को दिया। सूचना मिलने के बाद वन विभाग के जयप्रकाश साहू फॉरेस्टर (चार्ज) तथा वनकर्मी अमर कुमार मौके पर पहुंचे। हिरण के बच्चे को राजकीय रेल थाना प्रभारी जमादार मुंडा, सहायक अवर निरीक्षक अनिल मरांडी, तथा दर्जनों रेलकर्मी की उपस्थिति में वन विभाग को सुपुर्द कर दिया गया।

## भारत के शहीद जवानों को विनम्र श्रद्धांजलि देते हुए युवा कांग्रेस ने कैंडल मार्च निकाला



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खूंटी :** जिला युवा कांग्रेस की टीम ने प्रदेश के निर्देशानुसार जिला कार्यकारी अध्यक्ष अरुण संगा के नेतृत्व में पिछले दिनों छत्तीसगढ़ के दंतेवाड़ा जिले में और कश्मीर के नक्सली हमला में भारत के शहीद जवानों को विनम्र श्रद्धांजलि देते हुए युवा कांग्रेस ने कैंडल मार्च निकाला । मौके में प्रदेश उपाध्यक्ष सह जिला प्रभारी ने विनम्र श्रद्धांजलि शहीद जवानों को देते हुए कहा कि जिस तरह में अमित शाह ने कहा की कर्नाटका के इलेक्शन पर अगर कांग्रेस सरकार आती है तो पूरे देश में दंगा हो जाएगी। तोकहीं ना कहीं यह अंदेशा लगाया जा सकता है की इलेक्शन को दिग्भ्रमित करने के लिए कहीं हमारे वीर जवानों को शहीद तो नहीं किया जा रहा है। और प्रदेश सचिव सह खूंटी जिला का प्रभारी शादाब खान ने कहा की यह केंद्र सरकार और गृह मंत्री की विफलता है कि वह आतंकवाद को पूरी तरह से खत्म नहीं कर पा रही है। मौके में अरुण संगा ने कहा की पूरे देश के लिए आतंकवाद और नक्सलवाद बहुत बड़ी समस्या है जिसे केंद्र सरकार को ध्यान रख कर के कार्य करना चाहिए। मौके में खूंटी विधानसभा अध्यक्ष मोहम्मद उस्मान खान, जिला महासचिव मोहम्मद शकील, 20 सूत्री सदस्य मोहम्मद सोहेल खान, युवा नेत्री महिमा , खुंटी प्रखंड अध्यक्ष अनमोल धान, बहा मुंडा, राजू, अजीत नायक, दशरथ, एंजिला, बहलेन, निर्मल, मनीष , हुसैन, कैस अंसारी, प्रिंस आदि दर्जनों युवा कार्यकर्ता मौजूद थे।

## तेल के खेल में बीजेपी महिला मोर्चा का तीसरे दिन भी जारी रहा धरना

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**खलारी :** खलारी थाना प्रभारी के तेल के खेल में खालरी अंचल सह प्रखंड प्रांगण में चल रहे धरना प्रदर्शन तीसरा दिन भी जारी रहा. बताना चाहते हैं कि खालरी पुलिस को एनके एरिया क्षेत्र में पेट्रोलिंग करने के लिए सीसीएल एनके एरिया व पिपरवार एरिया से डीजल मुहैया कराया जाता है. जिसपर भाजपा महिला मोर्चा खालरी मंडल अध्यक्ष व मोर्चा के सहयोगियों के द्वारा डीजल पर हो रहे भ्रस्टाचार पर मुहिम छेड़े हुई है. तेल घोटाले में जारी धरना में खालरी थाना के खिलाफ मिली दतवेज के अनुसार बड़े घोटाले की ओर इशारा कर रही है. वही तीसरे दिन के जारी धरना में सरोजनी देवी,संजीता देवी, ममता देवी,संध्या देवी, रीता देवी,देवंती देवी,जमनी देवी,सोनी देवी,प्रमिला देवी,गगिया देवी,सिमा कुमारी,किरण देवी सहित अन्य उपस्थित थे.

## अवैध कोयला लदा ट्रक जब्त



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खलारी :** खलारी पुलिस व सीआईएसएफ के टीम ने रात्रि गस्ती के दौरान दो अवैध कोयला लदा ट्रक को पकड़कर किया जप्त,अंधेरा का फायदा उठाकर चालक मौके से फरार बताया गया. जानकरी के अनुसार खालरी पुलिस व सीआईएसएफ के वरीय पदाधिकारियों को मिली गुप्त सूचना के आधार पर भेलवा टाँड़ जंगल के तरफ से दो ट्रको जेएच 19बी 3505 व जेएच 02 ए ए 9165 में अवैध कोयला आ रही है.सूचना मिलते ही खालरी पुलिस के एसआई संदीप कुमार व सीआईएसएफ ने एक टीम गठित किया गया. टीम गठित कर वाहनों को धरपकड़ के लिए भेलवा टाँड़ जंगल की ओर दल बल के साथ बढ़ गये. पुलिस सीआईएसएफ टीम को आता देख जंगल में ही ट्रक चालक वाहन छोड़ कर फरार हो गया. वही अवैध कोयला लदा ट्रक के विषय में बताया जाता है कि ट्रक पड़रिया जंगल में अवैध कोयला लोड करके भेलवा टाँड़ की ओर दो ट्रक जा रही है.त्वरित कार्रवाई करते हुए रात्रि के लगभग 12¬45 में दोनों ट्रक को पकड़ लिया गया. सीआईएसएफ व पुलिस की टीम ने चालक को पकड़ने की कोशिश किया गया परन्तु चालक अंधेरा का फायदा उठाकर फरार हो गया.

## चिल्ड्रेन स्पोर्ट्स फेस्टिवल मनाया गया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खलारी :** झारखंड पब्लिक स्कूल मोहन नगर डकरा मे सीबीएसई के द्वारा निर्देशित चिल्ड्रेन स्पोर्ट्स फेस्टिवल मनाया गया. फेस्टिवल मे सीनियर जुनियर बालक , बालिकाओं का फुटबॉल मैच , 100 मीटर स्प्रिंटर दौड़ एवं 4म100 मीटर रिले दौड़ का आयोजन कराया गया. कार्यक्रम के मुख्य अतिथि स्कूल के प्रधानाध्यापक महोदय अभिषेक कुमार चौहान के द्वारा फीता काट कर एवं बॉल किक मारकर उदघाटन किया गया.

सीनियर बालक वर्ग मे 100 मीटर दौड़ मे पहला स्थान संदीप गंझू, दूसरा स्थान सन्नी दहिया, तिसरा स्थान विशाल कुमार, सीनियर बालिका वर्ग मे पहला स्थान रविना कुमारी दूसरा स्थान आचल कुमारी, तिसरा स्थान सुलेखा कुमारी, जुनियर बालक वर्ग मे पहला स्थान तनवीर कुमार, दूसरा स्थान आर्यन कुमार, तिसरा स्थान भीम कुमार जुनियर बालिका वर्ग मे प्रथम स्थान खुशी कुमारी, दूसरा स्थान सना श्रीवास्तव, तिसरा स्थान स्वीटी कुमारी प्राप्त हुआ.

## किसान सभा का आयोजन किया गया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कर्रा :** प्रखंड के बैंक ऑफ इंडिया बिरदा मैदान के समाने गुरूवार को कर्रा,लांपूग,बेड़ों के किसान संघर्ष समिति के द्वारा एक विशेष बैठक केडी गुरू के अगुवाई में किसान आम सभा का आयोजन किया गया. किसान आम सभा में बतौर मुख्य अतिथि मांडर विधानसभा विधायक शिल्पी नेहा तिर्की एवं विशिष्ट अतिथि पूर्व मंत्री झारखंड प्रदेश, कांग्रेस कार्यकारी अध्यक्ष सह सदस्य समन्वय समिति झारखंड सरकार बंधु तिर्की उपस्थित हुए. किसान आम सभा में कर्रा, लापूंग, बेड़ो किसान संघर्ष समिति के द्वारा कृषि लोन माफी एवं वसूली,लतरातु जलाशय के दोनों मुख्य नहर एवं पहाड़ टोली के निकट टूटे पुल-पुलिया का नये स्तर से निर्माण को लेकर अतिथियों का ध्यान आकृष्ट करते हुए समाधान की मांग रखी गयी. अतिथियों का स्वागत स्थानीय महिला पुरुष द्वारा ढोल नगाड़े और पारंपरिक वेशभूषा में नाचते गाते फूल माला पहना कर किया गया. मुख्य अतिथि माननीय विधायक शिल्पा नेहा तिर्क ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि देश के अधिकतर लोगों को देश की अच्छी या खराब स्थिति के बारे में कोई लेना देना नहीं है. आज देश में तानाशाह की सरकार है. राहुल गांधी ने सवाल खड़ा किया गरीबों का पैसा कहां गया. इस पर उनके ऊपर मानहानि का दावा करते हुए उनकी सदस्यता खत्म करा दी गई. हमें ढोंगी लोगों से बचने की आवश्यकता है. ऐसे लोगों की हां में हां नहीं मिलाना है.

## 12 मई तक धरातल पर कार्य नही दिखा तो 15 मई को एकदिवसीय एनके एरिया बंद करने पर बाध्य : आरवीएम

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खलारी :** रैयत विस्थापित मोर्चा के एन के एरिया के द्वारा पूर्व से 31सूत्री मांग पर एनके एरिया प्रबंधक के साथ पुनः वार्ता किया गया. वार्ता के दौरान रैयत विस्थापित मोर्चा की मांग को लेकर चर्चा करते हुए रैयतों ने प्रबंधन के खिलाफ नाराजगी जाहिर प्रकट करते हुए बताया कि मोर्चा के द्वारा विगत पांच महीने से 31 सूत्री का मांग किया जा रहा है. जायज मांग पर सीसीएल प्रबंधन ने कई बार सहमति भी जताई है. परन्तु सीसीएल के पास छलावे वाला बात ही है. मगर धरातल पर कार्य शून्य के बराबर है. 31 सूत्री मांग को लेकर पुनः एनके जीएम साथ बैठक किया. बैठक में एनके जीएम ने मोर्चा की मांग पर सहमति जताई है. इसपर रैयत विस्थापित मोर्चा ने एनके प्रबंधन को आगाह करते कहा कि मोर्चा के द्वारा जो मांग किया गया है वह 12 मई तक धरातल पर दिखाई दिया तो 15 मई को एकदिवसीय धरना देकर पूरा एनके एरिया का काम काज ठप कर दिया जायेगा. बैठक में एन के एरिया के जीएम संजय कुमार,रोहनी परियोजना पदाधिकारी डी के सिंह, प्रलाह्द जी दीपक जी, रैयत विस्थापित मोर्चा अध्यक्ष बिगन सिंह,रंथू उराँव,जगन्नाथ महतो,राम लखन भोगता,अमृत भोगता, विनय खालखो,नरेश गंझू, कन्हाई पासी, प्रभाकर गंझू, धनराज भोगता, राजेन्द्र उराँव, विरेन्द्र यादव, दमोदर गंझू, श्याम महतो, प्रकाश महतो, राजेश गंझू, आन्नद गंझू, नरेश यादव, सुनिल यादव, मधू गंझू, सूधन उराँव, दशरथ तुरी, खीरू गंझू, कुलदीप साहू, कमेश्वर गंझू, अर्जुन गंझू, जीतन गंझू, हेमलाल गंझू, सूकर साहू, ठाकुर साहू, संजय सोनी, श्रीमती फूलो देवी सहित अन्य रैयत उपस्थित थे.


### राँची समाहरणालय,राँची।

(जिला समाज कल्याण शाखा)

**इच्छा की अभिव्यक्ति**

राँची नगड़ा टोली, वाड न0 19 अन्तर्गत संचालित सखी निवास (Working Women Hostel) के क्रियान्वयन हेतु इच्छुक अहर्त्ताधारी स्वयं सेवी संस्था/गैर सरकारी संस्था से इच्छा की अभिव्यक्ति आमंत्रित की जाती है।

इच्छुक स्वयं सेवी संस्था/गैर सरकारी संस्था जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, राँची के कार्यालय में दिनांक 10.05.2023 के अपराह्न/पूर्वाह्न 12.00 बजे तक आवेदन जमा करेंगे। प्राप्त आवेदनों को दिनांक 10.05.2023 के अपराह्न/पूर्वाह्न 04.00 बजे जिला स्तरीय चयन समिति की बैठक में खोला जायेगा, आवेदन खोलने के समय गैर सरकारी संस्था के प्रतिनिधि उपस्थित रहेंगे।

उक्त इच्छा की अभिव्यक्ति का नियम एवं शर्तें राँची जिला के Website – www.nic.ranchi.in एवं जिला समाज कल्याण कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, राँची। — उप विकास आयुक्त, राँची। — उपायुक्त, राँची।

PR 296086 (Ranchi) 23-24 (D)



### कार्यालय प्रखण्ड विकास पदाधिकारी, ठेठईटांगर

**प्रेस विज्ञप्ति**

अपर मुख्य सचिव स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग, झारखण्ड सरकार रांची के पत्रांक 426 (D), दिनांक 28.02.2023 एवं संकल्प संख्या 22/निदे0/औषधि/निगरानी–20–47/2021–2070 (D), दिनांक 21.10.2021 तथा उपायुक्त सिमडेगा के पत्रांक 265 (ii)/गो0, दिनांक 19.04.2023 के निदेशानुसार ग्राम पंचायत में एवक औषधि विक्रय संस्थान की स्थापना किया जाना है। प्रखण्ड–ठेठईटांगर में 15 (पन्द्रह) ग्राम पंचायतों में एक–एक औषधि विक्रय संस्थान स्थापित किया जाना है।

उक्त के लिए इच्छुक व्यक्तियों का आवेदन पत्र, विहित प्रपत्र में आमंत्रित किया जाता है। विहित प्रपत्र कार्यालय अवधि 10:00 बजे पूर्वाह्न् से 05:00 बजे अपराह्न् तक प्राप्त किया जा सकता है। अन्य शर्तें संकल्प संख्या 22/निदे0/औषधि/निगरानी–20–47/2021–2070 (D), दिनांक 21.10.2021 में निहित प्रावधान के अनुसार लागू होगा।

विज्ञापन प्रकाशन से आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 29.04.2023 होगी।

प्रखण्ड विकास पदाधिकारी
ठेठईटांगर

PR 296038 District (23-24)_D



### झारखण्ड सरकार कार्यालय उपायुक्त–सह–जिला दण्डाधिकारी, गुमला। (खनन शाखा)

**गुमला जिला के गुमला अंचल अन्तर्गत मौजा–कुलाबिरा में भण्डारित बालू खनिज का आम नीलामी हेतू सूचना:–**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि गुमला अंचल अन्तर्गत मौजा–कुलाबिरा में भण्डारित 3,37,338.00 घनफूट बालू खनिज का झारखण्ड लघु खनिज समनुदान नियमावली 2004 यथा संशोधन नियमावली, 2017 एवं झारखण्ड लघु खनिज समनुदान (संशोधन) नियमावली, 2019 के नियम–54A के तहत उक्त स्थल पर जब्त भण्डाारित बालू खनिज का आम नीलामी दिनांक 11.05.2023 को समय 11:30 बजे पूर्वाह्न/अपराह्न में अपर समाहर्त्ता, गुमला की अध्यक्षता में उनके कार्यालय कक्ष में सम्पन्न की जाएगी। भण्डारण का विवरण, लोक नीलामी की प्रक्रिया एवं शर्त्त निम्नवत है:–

| क्र. | भण्डारण स्थल | भण्डारित बालू खनिज की मात्रा | सुरक्षित जमा राशि (रूपया में) | सुरक्षित जमा राशि का 10 % प्रतिभूति राशि (रूपया में) |
|---|---|---|---|---|
| 1. | मौजा–कुलाबिरा, अचंल+जिला–गुमला (1) Lat 23.08 063 ° Log 84.69 5449 ° (2) Lat 23.080768 ° Log 84.695518 ° (3) Lat 23.08113 ° Log 84.695121 ° (4) Lat 23.08195 ° Log 84.693424 ° (5) Lat 23.082157 ° Log 84.690137 ° के पास। | 3,37,338 .00 घनफूट (तीन लाख सैंतिस हजार तीन सौ अड़तीस ) | 25,30,035 .00 (पच्चीस लाख तीस हजार पैंतीस रू0) | 2,53,004 .00 (दो लाख तिरपन हजार चार रू0) |

2. नीलामी में भाग लेने हेतु इच्छुक व्यक्ति/संस्था को निर्धारित सुरक्षित जमा राशि का 10% प्रतिभूति राशि के रूप में नीलामी में भाग लेने के लिये नीलामी की तिथि से दो दिन पूर्व कार्यालय अवधि में जिला खनन पदाधिकारी, गुमला के पदनाम से रेखांकित बैंक ड्राफ्ट अन्य आवश्यक कागजात के साथ जमा करना होगा, अन्यथा व्यक्ति/संस्था डाक में भाग लेने से वंचित कर दिये जायेंगे। सफल डाकवक्ता (अधिकतम राशि) की प्रतिभूति रकम को छोड़कर अन्य डाकवक्ता द्वारा जमा प्रतिभूति राशि का बैंक ड्राफ्ट नियमानुसार वापस कर दिया जायेगा।
3. नीलामी में बोली गयी उच्चतम डाक की राशि का 10% में से प्रतिभूति राशि को छोड़कर शेष राशि डाक की समाप्ति या उपायुक्त/प्राधिकृत प्रतिनिधि द्वारा निदेश दिये जाने पर नीलामी वाले तिथि को ही बैंक ड्राफ्ट/बैंकर्स चेक/ऑनलाईन के माध्यम से उच्चतम डाकवक्ता द्वारा जमा करना होगा, अन्यथा उच्चतम डाकवक्ता को भविष्य में नीलामी में भाग लेने से वंचित कर दिया जायेगा।
4. उच्चतम डाक की पूर्ण राशि नीलामी की तिथि से पन्द्रह दिनों के अन्दर कार्यालय अवधि में ही भुगतान करना होगा। पूर्ण राशि के भुगतान में असफल रहने की स्थिति में दूसरे नम्बर के डाकवक्ता को उच्चतम डाक की राशि पर सहमति हेतु प्रस्ताव दिया जायेगा एवं उनके समर्थन या स्वीकार होने की स्थिति में यह नीलामी उनके पक्ष में घोषित किया जायेगा।
5. नीलामी के उपरान्त उच्चतम डाक की राशि के पूर्ण भुगतान के पश्चात ही सफल डाकवक्ता के पक्ष में झारखण्ड लघु खनिज समनुदान नियमावली, 2004 यथा संशोधित नियमावली के सुसंगत नियमों के तहत आदेश सक्षम पदाधिकारी द्वारा निर्गत किया जायेगा।
6. उक्त आदेश निर्गत होने के उपरान्त बालू खनिज के उठाव/प्रेषण हेतु JIMMS द्वारा अस्थाई आई०डी० सृजित किया जायेगा।
7. उक्त खनिज का उठाव/प्रेषण JIMMS Portal से निर्गत परिवहन चालान के माध्यम से आदेश निर्गत होने की तिथि से तीन माह के अंदर अनिवार्य रूप से कर लेना होगा। विशेष परिस्थिति में कारणों सहित लिखित आवेदन पर समीक्षोपरान्त अवधि विस्तार पर निर्णय लिया जायेगा।
8. बन्दोबस्ती के पश्चात बालू का प्रेषण करने में किसी प्रकार का अड़चन यथा पहुंच पथ वगैरह के कारण या किसी अन्य कारणवश नीलामीधारी, नीलामी किये गये बालू का प्रेषण नहीं कर पाते है, तो इसकी पूरी जिम्मेवारी नीलामीधारी की होगी तथा भुगतान की गयी राशि के विरूद्ध किसी भी प्रकार का दावा/कटौती मान्य नहीं होगा।
9. बालू निष्कासन के क्रम में यदि रैयति भूमि का उपयोग किया जता है तो उसकी क्षतिपूर्ति का भुगतान नीलामीधारी द्वारा ही किया जायेगा।
10. आम नीलामी में उच्चतम डाकवक्ताओं में अगर Tie (गुलोबन्द) होता है तो End User को प्राथमिकता मिलेगी।
11. अन्य शर्त्त एवं बंधेज झारखण्ड लघु खनिज समनुदान नियमावली, 2004 (सभी संशोधनों सहित एवं The Jharkhand Minerals (Prevention of Illegal, Mining, Transportation & Storage) Rules 2017 के प्रावधानों के अनुसार होगा।
12. नीलामी मे भाग लेने हेतु इच्छुक व्यक्ति/वैसी संस्था जो खनन संबंधी व्यवसाय हेतु निबंधित है। दिनांक को 5:00 बजे अपराह्न तक जिला खनन कार्यालय, गुमला में आवेदन दाखिल कर सकतें है। आवेदन के साथ निम्नलिखित वांछित कागजात स्व अभिप्रमाणित कर संलग्न करना अनिवार्य होगा:–

(क) सुरक्षित जमा का 10% राशि निर्धारित प्रतिभूति रकम के रूप में।
(ख) पैन कार्ड एवं अद्यतन आयकर रिर्टन की छाया प्रति।
(ग) आधार कार्ड की छाया प्रति।
(घ) आवासीय प्रमाण पत्र की छाया प्रति।
(ङ) पासपोर्ट साईज फोटो की एक प्रति।
(च) आवेदन के साथ इस आशय का शपथ पत्र जमा करना होगा की पूर्व से खनन पट्टा धारक है अथवा नहीं, यदि है तो खनन बकाया से संबंधित स्वामिस्व स्वच्छता प्रमाण पत्र भी जमा करेंगे।

13. किसी परिस्थिति/कारणवश आम नीलामी रद्द करने का सर्वाधिकार उपायुक्त, गुमला को सुरक्षित होगा।

नोट:– विशेष जानकारी के लिये जिला खनन कार्यालय, गुमला में किसी भी कार्य दिवस में सम्पर्क किया जा सकता है।

ह०/–
26.04.2023
उपायुक्त, गुमला।

PR 296036 District(22-23)D



### प्रपत्र VI 'क'
### झारखण्ड सरकार
### राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग
### (भू–अर्जन निदेशालय),या, समाहर्त्ता या समुचित सरकार

**प्रारंभिक अधिसूचना**

**(अधिनियम–30/2013 की धारा–11 (1) के अधीन)**

संख्या– ............/भू0अ0, रामगढ़, दिनांक ....../....../2023

चूँकि झारखण्ड सरकार/समाहर्त्ता को यह प्रतीत होता है कि मौजा मुरूबन्दा, थाना नं0 123, राजस्व थाना रजरप्पा, अंचल चितरपुर जिला रामगढ़ में भूमि सार्वजनिक प्रयोजन, यथा नया मोड़–चैनपुर–रजरप्पा (MDR-102 पर) पथ के कि0मी0 0.00 से 36.083 का चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण कार्य (पुलों एवं पुलियों का निर्माण कार्य सहित) वर्ष 2016–17 हेतु अपेक्षित है। प्रभावित परिवारों के पुनर्वासन एवं पुनर्व्यवस्थापन के प्रयोजनार्थ अपर समाहर्त्ता अथवा नियम 2 (1) (ख) के तहत नियुक्त पदाधिकारी प्रशासक के रूप में नियुक्त किए गए है। अतएव अधिसूचित किया जाता है कि मौजा मुरूबन्दा, थाना नं0 123, राजस्व थाना रजरप्पा, अंचल चितरपुर जिला रामगढ़ में उपर्युक्त कथित परियोजना के लिए कमोवेश 1.45 एकड़ यानि 0.58680 हेक्टेयर मानक माप का अर्जनाधीन भूखंड, जिसका विस्तृत विवरण निम्नलिखित है :–

| क्र0 सं0 | खाता सं0 | सर्वे भूखंड सं0 | स्वामित्व का प्रकार | भूमि का प्रकार | अर्जन के अधीन क्षेत्रफल (एकड़ में) | हितबद्ध व्यक्ति का नाम व पता | सीमा (भूखंड सं0) उ0 | द0 | पू0 | प0 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 39 | 73 | रैयती | टाँड–II | 0.21 | राजेश कुमार वगै0 पिता स्व0 हलधर महतो कैलाश महतो वगै0 पिता स्व0 चन्दर महतो | सीमान बोरोबिंग | सड़क | सड़क | नीज |
| 2 | 10 | 74 | रैयती | टाँड–II | 0.39 | विश्वनाथ महतो वगै0 पिता स्व0 हेमलाल महतो | सीमान बोरोबिंग | सड़क | नीज | सड़क |
| 3 | 10 | 85 | रैयती | टाँड–III | 0.17 | विश्वनाथ महतो वगै0 पिता स्व0 हेमलाल महतो | नीज | नीज | नीज | नीज |
| 4 | 29 | 87 | रैयती | टाँड–I | 0.25 | विश्वनाथ महतो वगै0 पिता स्व0 हेमलाल महतो | सड़क | नीज | सड़क | सड़क |
| 5 | 01 | 88 | रैयती | – | 0.03 | जयनंदन महतो पिता स्व0 सरधु महतो | नीज | सड़क | सड़क | सड़क |
| 6 | 39 | 89 | रैयती | टाँड–III | 0.03 | बालेश्वर ओहदार वगै0 पिता स्व0 चन्दर ओहदार अर्जून ठाकुर वगै0 पिता स्व0 धनाराम ठाकुर | नीज | सड़क | सड़क | सड़क |
| 7 | 1 | 91 | रैयती | – | 0.03 | जयनंदन महतो पिता स्व0 सरधु महतो | नीज | सड़क | सड़क | नीज |
| 8 | 1 | 92 | रैयती | – | 0.06 | जयनंदन महतो पिता स्व0 सरधु महतो | सड़क | सड़क | सड़क | नीज |
| 9 | 39 | 93 | रैयती | धान–I | 0.02 | रामेश्वर महतो वगै0 पिता स्व0 धनेश्वर महतो | सड़क | सड़क | सड़क | नीज |
| 10 | 7 | 96 | रैयती | धान–I | 0.02 | राम बिलास ओहदार वगै0 पिता स्व0 उदय ओहदार | सड़क | सड़क | सड़क | नीज |
| 11 | 7 | 97 | रैयती | परती कदीम | 0.01 | राम बिलास ओहदार वगै0 पिता स्व0 उदय ओहदार | सड़क | सड़क | सड़क | नीज |
| 12 | 7 | 98 | रैयती | परती कदीम | 0.02 | लालु महतो वगै0 पिता स्व0 बद्दु ओहदार | सड़क | सड़क | सड़क | नीज |
| 13 | 25 | 274 | रैयती | धान–I | 0.02 | बालेश्वर ओहदार वगै0 पिता स्व0 चन्दर ओहदार ब्रहमदवे महतो पिता स्व0 कजरू महतो | सड़क | सड़क | नीज | सड़क |
| 14 | 7 | 286 | रैयती | धान–I | 0.04 | राम बिलास ओहदार वगै0 पिता स्व0 उदय ओहदार | सड़क | सड़क | नीज | सड़क |
| 15 | 15 | 287 | रैयती | धान–I | 0.02 | शिवनाथ महतो वगै0 पिता स्व0 बिगन महतो विचारी महतो पिता स्व0 परीलाल महतो | सड़क | सड़क | नीज | सड़क |
| 16 | 12 | 288 | रैयती | धान–I | 0.02 | अर्जून ठाकुर वगै0 पिता स्व0 धनाराम ठाकुर शिवधन महतो वगै0 पिता स्व0 बैजु महतो, महादेव महतो वगै0 पिता स्व0 कलेवर महतो | सड़क | नीज | सड़क | सड़क |
| 17 | 29 | 289 | रैयती | धान–II | 0.04 | विश्वनाथ महतो वगै0 पिता स्व0 हेमलाल महतो | सड़क | नीज | सड़क | सड़क |
| 18 | 29 | 290 | रैयती | धान–II | 0.01 | विश्वनाथ महतो वगै0 पिता स्व0 हेमलाल महतो | सड़क | सड़क | नीज | सड़क |
| 19 | 03 | 441 | रैयती | धान–I | 0.04 | केशो महतो वगै0 पिता स्व0 करम महतो | सड़क | सड़क | नीज | सड़क |
| 20 | 03 | 212 | रैयती | धान–II | 0.02 | रौशन देवी पति स्व0 काशीनाथ महतो | सड़क | सड़क | सड़क | नीज |
| कुल रकवा | | | | | 1.45 | | | | | |

यह अधिसूचना भू–अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर एवं पारदर्शिता अधिकार अधिनियम, 2013 (अधिनियम संख्या 30/2013), की धारा–11 (1) के उपबंधों के अधीन सभी संबंधित व्यक्तियों के लिए जारी की जाती है।

भूमि की योजना का निरीक्षण जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, रामगढ़ के कार्यालय में किसी कार्य दिवस को कार्यावधि में किया जा सकेगा। झारखण्ड सरकार/समाहर्त्ता–सह– समुचित सरकार उक्त अधिनियम की धारा 12 में यथाउपबंधित एवं यथाविनिर्दिष्ट कार्यो के समुचित निष्पादन हेतु अपेक्षित किसी भूमि का सर्वेक्षण एवं उसकी प्रविष्टि करने, किसी भूमि के किसी स्तर को मापने के लिए, अवभूमि खोदने या भू–वेधन–छिद्र करने सहित सभी अन्य कार्यो के संचालन करने हेतु जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, रामगढ़ और संबंधित राजस्व कर्मचारी, चितरपुर अंचल को प्राधिकृत करती है।

अधिनियम की धारा 11 (4) के अधीन कोई व्यक्ति जिला समाहर्त्ता के पूर्व अनुमोदन के बिना इस अधिसूचना के प्रकाशन की तिथि से प्रारंभिक अधिसूचना में विनिर्दिष्ट भूमि का कोई अंतरण यथा क्रय/विक्रय नहीं करेगा या ऐसा कोई अंतरण नही करवाएगा या ऐसी भूमि पर कोई अवभार नहीं उत्पन्न करेगा। अधिनियम की धारा 15 के अधीन यथाउपबंधित इस अधिसूचना के प्रकाशन की तिथि से साठ (60) दिनों के अन्दर भू–अर्जन की बाबत किसी प्रकार की आपत्तियां हितबद्ध व्यक्ति द्वारा जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, रामगढ़ के समक्ष दर्ज की जा सकेगी।

ह०/– कानूनगो, रामगढ़। — ह०/– जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, रामगढ़। — ह०/– अपर समाहर्त्ता, रामगढ़। — ह०/– उपायुक्त, रामगढ़।

PR 296077 Land Reforms(23-24)#D

## मो. ओवैस व राजी नौशाद उमराह के लिए हुए रवाना

**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** गुरुवार को आजादनगर के रहने वाले आजादनगर थाना शांति समिति के सदस्य मोहम्मद अवैश राजा और उनकी बीवी एवं रज़ी नौशाद उमराह के लिए रवाना हुए। इस अवसर पर जमशेदपुर के सामाजिक संस्था



ह्यूमन वेलफेयर ट्रस्ट के अभिभावक सैयद आसिफ अख्तर,मानगो नगर निगम के ब्रांड एंबेसडर मुख्तार आलम खान,मोइनुद्दीन अंसारी,हाजी फिरोज असलम और शहीद परवेज ने फूलों का हार पहना कर उन्हे उमराह के लिए रवाना किया और ट्रस्ट के लोगों ने उनसे गुजारिश की है के उमराह में जाकर हमारे मुल्क के आपसी भाईचारे और मुल्क की तरक्की के लिए दुआ करे।

## टाटा स्टील ने ए एंड बी ग्लोबल माइनिंग के साथ व्यापार सहयोग समझौते पर किया हस्ताक्षर

**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** टाटा स्टील ने ए एंड बी ग्लोबल माइनिंग प्राइवेट लिमिटेड (एबीजीएम) के साथ नए एक व्यापार सहयोग समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। इसके तहत व्यावसायिक विकास के अवसरों का दोहन करने और अन्वेषण, संसाधन मूल्यांकन, खान योजना और समय-निर्धारण, यथोचित परिश्रम, निवेश थीसिस जैसे क्षेत्रों में खदान तकनीकी सेवाएं डिजिटाइजेशन, क्लीन/हाइब्रिड एनर्जी सॉल्यूशंस, प्री-फिजिबिलिटी करना, बैंकेबल फिजिबिलिटी स्टडीज, ऑनर्स इंजीनियरिंग और प्रोजेक्ट मैनेजमेंट सेवाए शामिल है।टाटा स्टील एबीजीएम इंडिया के साथ मिलकर काम करेगी जो भारत और विदेशों में व्यापार के अवसरों का पता लगाने के लिए अपनी दक्षिण अफ्रीकी इकाई के साथ इंटरफेस करेगी और इस्पात मूल्य श्रृंखला सहित खनन और धातुओं में परियोजनाओं को वितरित करने के लिए एक दूसरे की तकनीकी और रणनीतिक ताकत का उपयोग करेगी।



## न्युवोको ने नए रेडी-मिक्स कंक्रीट संयंत्र के साथ किया विस्तार

**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** न्युवोको विस्तास कार्पोरेशन लिमिटेड उत्पादन क्षमता के मामले में भारत का पांचवां सबसे बड़ा सीमेंट समूह और पूर्वी भारत की अग्रणी कंपनियों में से एक है, जिसने आज तमिलनाडु के कोयम्बटूर में अपने नए रेडी-मिक्स कंक्रीट (आरएमएक्स) संयंत्र के शुभारंभ की घोषणा की। 60 क्यूबिक मीटर प्रति घंटे की क्षमता वाला यह संयंत्र इस क्षेत्र में सबसे बेहतर गुणवत्ता वाले कंक्रीट का भरोसेमंद स्रोत होगा, जो भवन-निर्माण परियोजनाओं के लिए आवश्यक सामग्री की जरूरत को पूरा करेगा। यह भवन-निर्माण परियोजनाओं की कार्य-क्षमता को बेहतर बनाने, लागत को कम करने और सस्टेनेबिलिटी को बढ़ावा देने में भी अहम भूमिका निभाएगा।




## जेएनएसी परिसर साकची में लगा पाठशाला छाछ स्टॉल

**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** जमशेदपुर अधिसूचित क्षेत्र समिति कार्यालय परिसर में पाठशाला छाछ का स्टॉल एक्सएलआरआई के प्रोफेसर गिरधर रामचंद्रन के द्वारा केरला समाजम के सहयोग से लगाया गया है जिसमें गर्मी के तपिश को देखते हुए पिछले वर्ष की भांति इस वर्ष भी कार्यालय परिसर में स्टॉल लगाया गया है। गर्मी मौसम तक प्रत्येक सुबह से शाम तक उपलब्ध रहेगी विशेष पदाधिकारी श्री संजय कुमार ने प्रोफेसर गिरिधर एवं केरला समाजम को इस नेक कार्य के लिए बधाई देते हुए अन्य लोगों से भी आवश्यक सहयोग करते हुए विभिन्न क्षेत्रों में इस प्रकार के स्टॉल अधिष्ठापन में अपना सहयोग देने की अपील की है। एक्सएलआरआई के प्रोफेसर गिरधर रामचंद्रन के द्वारा बताया गया कि अभी तक कुल 4 स्थानों पर इस प्रकार का पनशालाला एवं छाछ उपलब्ध कराया गया है जिसमें विभिन्न संस्थाओं का सहयोग प्राप्त हो रहा है। अन्य संस्थाओं के साथ मिलकर विभिन्न स्थानों में स्टॉल लगा कर स्वास्थ्य के लिए लाभकारी पेय उपलब्ध कराया जाएगा ।

## जदयू ने विनोद ने निजी खर्च से चापाकल मरम्मती कराया, ग्रामीणों ने जताया आभार

**खरसावां(प्रभात मंत्र संवाददाता):** खरसावां के समाजसेवी सह जनता दल यूनाइटेड के नेता विनोद बिहारी कुजूर ने ग्रामीण की समस्या को देखते हुए खरसावां के पांचगछिया गांव में विगत एक साल से खराब पडे नलकूप की मरम्मती निजी खर्च पर कराया। ग्रामीण ने कहा कि जनता जब अपना प्रतिनिधि चुनती है तो निर्वाचित प्रतिनिधि से अपनी समस्या का समाधान करने की आशा रखती है। लेकिन आशा के अनुरूप कार्य नही होता है। इसके लिए ग्रामीणां ने समाजसेवी सह जेडीयू के नेता के प्रति अपना आभार जताया। इस दौरान मुख्य रूप से निशांत बोदरा, कमल बोदरा,धनजय बोदरा,अमीत बोदरा,अर्जून सोय, नागी बोदरा, रंजीता पुर्ती,भारती सोय, गुरूवारी सोय,उदय सोय,बुधन हेम्ब्रम आदि उपस्थित थे।

## रोटी बैंक की ओर से एक्सआईटीई कॉलेज में संवाद कार्यक्रम का आयोजन



**गम्हरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता):** एक्सआईटीई कॉलेज गम्हरिया में रोटी बैंक के तत्वावधान में पर संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कॉलेज के प्राचार्य ने किया। इस मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में रोटी बैंक चैरिटेबल ट्रस्ट के चेयरमैन मनोज मिश्रा उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन प्रो0 अमित चतुर्वेदी ने किया। इस मौके पर मुख्य अतिथि ने छात्र-छात्राओं को ज्ञान,अनुभव, कौशल और मूल्यों के बावत विस्तृत जानकारी दिया। उन्होंने अपने सम्बोधन में भूख उन्मूलन और कुपोषण के महत्व पर प्रकाश डालते हुए विस्तार से इसकी चर्चा किया। इस कार्यक्रम में तृतीय वर्ष के छात्र-छात्राओं व कॉलेज के कई प्राध्यापकों ने भाग लिया था। इस मौके पर उप प्राचार्य फादर मुक्ति, ब्रदर अमलराज, डॉ संचिता घोष चौधरी, डॉ पार्थ प्रिया दास, प्रो सुष्मिता चौधरी सेन, डॉ राजेश राणा, डॉ प्रमोद सिंह, प्रो शालूकांत, प्रो अकिंचन, प्रो महुआ डे, प्रो निशित सिंह, प्रो शैलेश कुमार दुबे, डॉ राधा महाली, नवल नारायण चौधरी आदि उपस्थित थे।

## राष्ट्रीय लोक अदालत को लेकर जिला व सत्र न्यायाधीश ने बैंक प्रतिनिधियों के साथ की बैठक

**सरायकेला(प्रभात मंत्र संवाददाता):** नालसा न्यू दिल्ली एवं झालसा रांची के निर्देशानुसार व्यवहार न्यायालय में गुरुवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकार सरायकेला द्वारा आगामी 13 मई को होने वाले राष्ट्रीय लोक अदालत के संदर्भ में बैंक अधिकारियों की बैठक आयोजित की गई। जिला एवं सत्र न्यायाधीश विजय कुमार ने सभी बैंक के अधिकारियों से अधिक से अधिक संख्या में वादों के निष्पादन के दिशा में प्रयास करने को कहा। ताकि अधिक से अधिक संख्या में आम लोग राष्ट्रीय लोक अदालत द्वारा लाभान्वित हो सकें। बैठक में विभिन्न बैंकों के अधिकारी व प्रतिनिधि उपस्थित रहे। सभी ने अधिक से अधिक वादों के निष्पादन के लिए पूर्ण प्रयास करने का आस्वासन दिया। जिला विधिक सेवा प्राधिकार सरायकेला के सचिव कुमार क्रांति प्रसाद द्वारा बैठक का संचालन किया गया।

# गिद्दीबेड़ा में जंगली हाथियों के आतंक से दहशत में रात गुजार रहे ग्रामीण

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गम्हरिया :** प्रखंड के डुमरा पंचायात अंतर्गत गिद्दीबेड़ा गांव के लोग जंगली हाथियों के आतंक से दहशत में रात गुजारने को मजबूर हैं। ग्रामीणों ने बताया कि विगत दस दिनों से जंगली हाथियों का झुंड डुमरा पंचायत के बाड़ी पहाड़ में डेरा डाले हुए हैं। शाम होते ही हाथियों का यह झुंड का गिद्दीबेड़ा व आसपास के गांवों में आ जाता है। इससे ग्रामीणों में दहशत का माहौल है। इन हाथियों के भय से ग्रामीण



अपने घरों की छत पर रहकर रात गुजार रहे हैं। इन हाथियों द्वारा विगत दिनों एक घर को तोड़कर सभी अनाज चट कर गया था। साथ ही, कई खेतों में लगी फसलों को भी नष्ट कर दिया गया था। पंचायत की उपमुखिया रेणुका कुमारी सिंह, पूर्व सरपंच भादो मांझी, वार्ड सदस्य शंभु सिंह सरदार, संमाजसेवी श्याम मार्डी व कई ग्रामीणों द्वारा वन विभाग के अधिकारियों से इन हाथियों को गांव के समीप से भगाने की गुहार लगाई गई है। बताया गया है कि उक्त पंचायत के बैजनाथपुर, बाड़ी कोचा, गिद्दीबेड़ा, अड़ालकोचा, बोड़बेड़ा आदि गांवों के ग्रामीणों में दहशत व्याप्त है।

## झारखंड आंदोलनकारी नगेंद्र नाथ हेम्ब्रम का हार्ट अटैक से निधन, शोक की लहर

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पटमदा :** पटमदा के बांसतोला निवासी एवं झारखंड आंदोलनकारी रहे नगेन्द्र नाथ हेम्ब्रम का बुधवार की रात करीब 10 बजे हार्ट अटैक से निधन हो गया। उनके अनुज कानुराम हेम्ब्रम ने बताया कि बुधवार की रात को 9 बजे भोजन करने के बाद उनलोग बैठकर बातचीत कर रहे थे कि अचानक वे कुर्सी से गिर गए। इसके बाद तुरंत उन्हें डिमना स्थित नर्सिंग होम ले जाया गया जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। उन्होंने बताया कि दादा बिल्कुल स्वस्थ चल रहे थे और गांव में आयोजित पंडित रघुनाथ मुर्मू की जयंती समारोह की तैयारी कर रहे थे। उनके आकस्मिक निधन से पूरे गांव समेत क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई।



70 वर्षीय नगेन्द्र बाबू झामुमो के वरिष्ठ कार्यकर्ता, माझी हाड़ाम एवं वार्ड सदस्य भी थे। वे अपने पीछे पत्नी, दो पुत्रों समेत पोते-पोतियों का भरा पूरा संसार छोड़ गए हैं। उनके बड़े पुत्र सुभाष हेम्ब्रम झारखंड पुलिस में सहायक अवर निरीक्षक हैं जबकि छोटे पुत्र खेतीबारी करते हैं। इसकी सूचना मिलते ही विधायक प्रतिनिधि चंद्रशेखर टुडू, झामुमो के पटमदा प्रखंड अध्यक्ष अश्विनी महतो, जितुलाल मुर्मू, खेरवाल हांसदा समेत काफी संख्या में लोग अंतिम दर्शन को पहुंचे।

### पंचायत समिति की मासिक बैठक, विभिन्न मुद्दों पर हुई चर्चा

# बिजली व वन विभाग अधिकारी रहें नदारद, मांगा गया स्पष्टीकारण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चांडिल :** प्रखंड मुख्यालय चांडिल में गुरुवार को प्रमुख अमला मुर्मू की अध्यक्षता में पंचायत समिति की मासिक बैठक हुई. मौके पर क्षेत्र में चल रहे विकास कार्यो की वर्तमान स्थिति की समीक्षा की गई. इस अवसर पर अमला मुर्मू ने कहा कि जनता को सरकार की लाभकारी योजनाओं का लाभ देने के लिए सभी पदाधिकारी निष्ठापुर्वक काम करें. छोटे-छोटे कार्यो के लिए जनता को बेवजह कार्यालय का चक्कर काटने के लिए मजबुर ना करें. बैठक में उप प्रमुख, प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचल अधिकारी समेत विभिन्न विभागों के प्रतिनिधि मौजूद थे. जनवितरण प्रणाली में अनियमितता की शिकायत बैठक में कई जनप्रतिनिधियों ने जन वितरण प्रणाली में व्यापक स्तर पर गड़बड़ी की शिकायत की. वहीं बैठक में कल्याण विभाग, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, मनरेगा, शिक्षा समेत अन्य कई विभागों में चल रहे विकास कार्यो की जानकारी मांगी गई. इस अवसर पर प्रदूषण पर भी चर्चा किया गया. पंचायत समिति सदस्य ने प्रदूषण के कारण जुड़िया का पानी दूषित होने की शिकायत की. इस अवसर पर बिजली और वन विभाग के बैठक में उपस्थित नहीं रहने के कारण स्पष्टीकारण मांगे जाने का निर्णय लिया गया.

## भवन निर्माण में अनियमितता की जांच के लिए बनी टीम, होगी कार्रवाई

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** जमशेदपुर अधिसूचित क्षेत्र समिति के विशेष पदाधिकारी की अध्यक्षता में कार्यालय सभागार में सभी शाखा का समीक्षा बैठक आहूत किया गया। बैठक में सभी शाखा से पदाधिकारी, कर्मचारी मौजूद रहे । कार्य के प्रति जिम्मेदारी सुनिश्चित करने के साथ-साथ कार्य में प्रगति लाने का निर्देश भी दिया गया। जाति प्रमाण पत्र बनाने हेतु सही रूप से जांच कर प्रतिवेदन समर्पित करने हेतु संबंधित विभाग के पदाधिकारी एवं कर्मी को निर्देशित किया गया। चिकित्सा से संबंधित किडनी ट्रांसप्लांट का आवेदन प्राप्त होने पर त्वरित जांच करते हुए उसका अद्धतन रिपोर्ट समर्पित कर स्वास्थ्य लाभ के लिए हर संभव प्रयास करने के लिए योगदान देने हेतु संबंधित पदाधिकारी एवं सहायक को निर्देश दिया गया। पूर्ण रूप से बायोमैट्रिक



अटेंडेंस लागू करने हेतु स्थापना को निर्देशित किया गया, इसके साथ ही सफाई कर्मी, ड्राइवर, सुपरवाइजर को पूर्ण रूप से सुनिश्चित करने हेतु संबंधित विभाग के पदाधिकारी को निर्देश दिया गया। जिस संवेदक के कर्मचारी के द्वारा पूर्ण रूप से बनाने में कोताही बरती जा रही हो, संवेदक को स्पष्टीकरण करने हेतु नोडल पदाधिकारी को निर्देशित किया गया । साफ सफाई को बेहतर तरीके से संचालित करने हेतु पूर्वी एवं पश्चिमी विधानसभा क्षेत्रवार नगर प्रबंधक एवं सुपरवाइजर को जिम्मेदारी दिया गया। पूर्व से दिए गए आवंटित कार्य यथावत लागू रहेंगे एवं सभी अपना-अपना जिम्मेदारी पूर्ण रूप से निभाएंगे, कोताही बरतने वाले पर विशेष पदाधिकारी के द्वारा कार्रवाई की चेतावनी भी दी गई । भवन निर्माण में अनियमितता बरतने वाले भवन मालिकों पर कार्रवाई करने हेतु अलग-अलग दल में नगर प्रबंधक एवं अभियंता क्षेत्रीय कर्मी का गठन करते हुए क्षेत्रवार जांच करते हुए प्रतिवेदन कार्यालय में समर्पित करेंगे, जिस पर विशेष पदाधिकारी के कोर्ट में सुनवाई करते हुए नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

# स्वास्थ्य बीमा योजना से पत्रकारों को आच्छादित करने को डीपीआरओ ने की वर्चुअल बैठक

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सरायकेला :** जिला जनसंपर्क पदाधिकारी सुनील कुमार सिंह की अध्यक्षता में जिले के प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया प्रतिनिधियों के साथ एक वर्चुअल बैठक हुई। बैठक में झारखंड राज्य पत्रकार स्वास्थ्य बीमा योजना 2021 से जिले के पत्रकारों को आच्छादित करने को लेकर चर्चा किया गया। बैठक में जिला जनसंपर्क पदाधिकारी ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा लोकतंत्र के चौथे स्तंभ के रूप में मीडियाकर्मियों (पत्रकारों) के लिए झारखंड राज्य पत्रकार स्वास्थ्य बीमा योजना 2021 लागू की गयी है। इस योजना का लाभ झारखंड राज्य में




पत्रकारिता करने वाले योग्य पत्रकारों को दिए जाने हेतु सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के विभागीय वेबसाइट (**www.prdjhark-hand.in**) पर ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए थे। सरायकेला खरसावां जिला से अब तक सिर्फ एक पत्रकार द्वारा इस बीमा योजना के लाभ लेने हेतु आवेदन किया गया है। उन्होंने जिले के सभी पत्रकारों से योजना के लाभ लेने हेतु अपील किया। उन्होंने कहा योजना के तहत ग्रुप चिकित्सीय एवं व्यक्तिगत दुर्घटना बीमा योजना का लाभ दिया जाएगा। जिसमें पत्रकारों के व्यक्तिगत दुर्घटना बीमा की राशि 5 लाख रुपए की होगी। आश्रितों तथा सभी बीमितों को ग्रुप मेडिक्लेम भी 5 लाख रुपए तक मिलेगा। इसमें चिकित्सा खर्च की भी सुविधा दी जाएगी। वहीं योजना के लाभ हेतु वार्षिक प्रीमियम का केवल 20 प्रतिशत राशि ही पत्रकारों को वहन करना होगा। शेष राशि का वहन सूचना एवं जनसंपर्क निदेशालय झारखंड द्वारा किया जायेगा। बीमा योजना एक वर्ष के लिए मान्य होगी। प्रतिवर्ष रिन्यूअल किया जाएगा। उन्होंने कहा कि कि इसके लिए योग्य पत्रकारों को अपने ब्यूरो प्रमुख के द्वारा एक प्रमाण पत्र एवं एक एफिडेविट बनवाना होगा जिसे ऑनलाइन आवेदन करते समय विभागीय वेबसाइट पर अपलोड करना होगा। इस योजना के संबंध में उन्होंने विस्तृत जानकारी देते हुए विभागीय वेबसाइट में आवेदन करने की प्रक्रिया भी बताई।

## अवैध बालू उत्खनन के खिलाफ ईचागढ़ पुलिस की छापेमारी जारी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**ईचागढ़ :** सरायकेला खरसावां जिला के ईचागढ़ थाना क्षेत्र के टीकर के पास ईचागढ़ पुलिस द्वारा गुरुवार को एक बालू लदे हाइवा को जप्त कर थाना ले गई। पकड़े गए हाइवा में किसी भी तरह का चालान नहीं होने से पुलिस हाइवा को जप्त कर लिया। हालांकि मौके से चालक फरार हो गया। मिली जानकारी के अनुसार थाना प्रभारी गौरव मिश्रा दलबल के साथ सुबह ही अवैध बालू के खिलाफ धरपकड़ अभियान चलाया, जहां टीकर मोड़ के पास एक बालू लदा हाइवा जा रही थी । पुलिस को देखते ही चालक हाइवा खड़ा कर भाग गया, जिसे पुलिस ने जप्त कर लिया। थाना प्रभारी गौरव



मिश्रा ने बताया कि अवैध बालू लदे हाइवा को जप्त कर आगे की कार्रवाई हेतु खनन पदाधिकारी को प्रतिवेदन भेजा गया है। मालूम हो कि दो दिन पहले भी बालू लदे ट्रैक्टर को जप्त कर कार्रवाई किया गया था। पुलिस की कार्रवाई से बालू माफियाओं में हड़कंप मचा हुआ है।

# टाटा स्टील व एमएन दस्तूर ने किया एमओयू

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** टाटा स्टील ने इंजीनियरिंग और बुनियादी संरचना के क्षेत्र में सहयोग के साथ विश्वसनीय व्यवहार्यता अध्ययन और विस्तृत परियोजना रिपोर्ट के लिए खनिज भंडार की खोज से लेकर एंड टू एंड सेवाएं प्रदान करने के लिए अपनी क्षमताओं में इजाफे के उद्देश्य से एमएन दस्तूर एंड कंपनी प्रा. लिमिटेड के साथ कारोबार सहयोग समझौते पर हस्ताक्षर किया। टाटा स्टील के रॉ मटेरियल्स के वाइस प्रेसिडेंट डीबी सुंदरा रामम ने इस समझौते पर कहा कि, पिछले 18 महीनों से, हमने टाटा स्टील इंडस्ट्रियल कंसल्टिंग के माध्यम से टाटा स्टील के बाहर खनन उद्योग को व्यावसायिक रूप से अपनी खान तकनीकी सेवाओं की पेशकश शुरू कर दी है। एम एन दस्तूर एंड कंपनी के साथ यह समझौता हमारी क्षमताओं और सामर्थ्य का पूरक होगा,




विशेष रूप से खदान की बुनियादी संरचना योजना और बैंक योग्य व्यवहार्यता रिपोर्ट तैयार करने के क्षेत्र में। एम एन दस्तूर और हमारे अन्य प्रतिष्ठित बिज़नेस पार्टनर्स के साथ, हम अधिक वैज्ञानिक और सस्टेनेबल माइनिंग विकास के लिए भारत में विशेष रूप से और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर ऐसी सेवाओं के मानकों को बढ़ाने का इरादा रखते हैं।

## मौ. अंसार खान को दोबारा जिला उपाध्यक्ष बनाए जाने पर कर्बला कमेटी ने किया जोरदार स्वागत

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** मौलाना अंसार खान को पूर्वी सिंहभूम जिला कांग्रेस कमेटी में जिला उपाध्यक्ष बनाने पर बजमे शोदाय कर्बला कमेटी बगान शाही मानगो जमशेदपुर के द्वारा फूलों की मालाएं पहनाकर जोरदार स्वागत किया गया। वे आज ही सुबह दिल्ली से शहर वापस लौटे है। मौलाना अंसार खान ने कहा, मैं सबसे पहले हमारे मंत्री बन्ना गुप्ता और जिला अध्यक्ष आनंद बिहारी दुबे और प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर का तहे दिल से शुक्रिया अदा करता हूं, जिन्होंने मुझ पर विश्वास करके दोबारा से यह जिम्मेदारी दिया। पार्टी और लोगों को आश्वस्त करता हूं की पहले से ज्यादा पब्लिक के बीच में जाकर रात दिन काम करूंगा। आज स्वागत कार्यक्रम में बजमें शोदाए



कर्बला कमेटी के सदर हाजी अब्दुल लतीफ, सेक्रेटरी नदीम अख्तर, हाजी मोहम्मद रियाज, कमेटी मेंबर हाजी मकसूद, मंसूर आलम, मोहम्मद अली इमाम, मोहम्मद शमीम, मोहम्मद गुलाम रब्बानी, गुलाम सरवर आलम आदि ने स्वागत किया।

## स्कूल बस ने स्कूल जा रहे बेल्डीह चर्च के छात्र को मारी टक्कर, बच्चे की मौत

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** टाटा स्टील जुगसलाई गेट के समीप स्कूल बस ने स्कूटी को टक्कर मार दी। इस दुर्घटना में जुगसलाई नया बाजार के राम टेकरी रोड निवासी पिता विकास प्रसाद और पुत्र ललित प्रसाद (14 वर्ष) गंभीर रूप से घायल हो गए. घायलों को तत्काल इलाज के लिए टीएमएच ले जाया गया जहां जांच के दौरान डॉक्टरों ने पुत्र को मृत घोषित कर दिया। घटना गुरुवार सुबह 6 बजे की बताई जा रही है। घटना को अंजाम देने के बाद स्कूल बस तेजी से बिष्टुपुर की ओर फरार हो गया।

# जमशेदपुर U-13 ने एफसी मद्रास को 2-0 से हराकर यूथ कप में तीसरे स्थान पर रही



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** कर्नाटक के बेल्लारी में चल रहे जेएसडब्ल्यू यूथ कप में जमशेदपुर एफसी की U-13 टीम ने मार्शल हेम्ब्रम और चरण सोरेन के गोल की बदौलत एफसी मद्रास पर 2-0 की आसान जीत के बाद तीसरे स्थान पर रही। वही मार्शल हेम्ब्रम को बेस्ट प्लेयर का अवॉर्ड दिया गया। U-13 के मुख्य कोच अरशद हुसैन इस मैच में अपनी टीम की शानदार शुरुआत से खुश थे, क्योंकि उन्होंने मौके बनाए और शुरुआती गोल के लिए पूरी ताकत लगा दी. 37 वें मिनट में मार्शल हेम्ब्रम के गोल से टीम का खाता खुला. कप्तान ने पूरे टूर्नामेंट में शानदार प्रर्दशन किया और उनके गोल ने बचे हुए खेल के में जमशेदपुर एफसी के दबदबे को बनाए रखा. चरण सोरेन ने एफसी मद्रास के गोलकीपर उदयन प्रभुराम के पास से शॉट निकालकर स्टील की टीम को 2-0 से आगे कर दिया. मैच में कोई पीला या लाल कार्ड नहीं देखा गया और जमशेदपुर U-13 की टीम जीत के साथ तीसरा स्थान हासिल करने में सफल रही.

## तेजस्विनी क्लब तिरुलडीह का खेलकूद आयोजित



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**तिरुलडीह :** कुकडु प्रखंड के तिरुलडीह में तेजस्विनी परियोजना के अंतर्गत किशोरियों और युवा महिलाओं के बीच खेलकूद का आयोजन किया गया। इस दौरान चेयर लेस, बैलून फोड़,चम्मच रेस आदि का आयोजन किया गया। जिसमे परियोजना अंतर्गत तिरुलडीह कलुस्टार के सदस्यों ने भाग लिया। वही विजेताओं को पुरस्कृत भी किया गया।युवा उत्प्रेरक बसंती प्रामाणिक ने बताया कि महिलाओं के सर्वांगीण विकास के लिए समय समय पर इस प्रकार का आयोजन किया जाता है।

## संपादकीय

# विपक्षी एकता के प्रयास

**विपक्षी** एकता का धारावाहिक बीते कई महीनों से जारी है। मुख्य भूमिका में बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार हैं, लेकिन अभी तक कोई भी निश्चित आकार सामने नहीं आया है। एकता का विरोध किसी भी नेता ने नहीं किया है। उसके बावजूद न्यूनतम साझा कार्यक्रम की प्रस्तावना तक लिखी नहीं जा सकी है। न्यूनतम साझा कार्यक्रमों के आधार पर गठबंधन सरकारें बनी हैं और अब भी बन सकती है, लेकिन न्यूनतम साझा बातचीत और मुलाकात की ठोस स्थितियां भी बन नहीं पा रही हैं। अपने-अपने अहंकार, जनाधार की हेकड़ी और आपसी गंभीर विरोधाभासों में ही विपक्षी दल फंसे हैं। नीतीश कुमार की हिम्मत और सहिष्णुता की दाद देनी पड़ेगी कि वह व्यापक देशहित में विपक्षी एकता के सूत्रधार बने हैं। व्यापक देशहित में मौजूदा मोदी सरकार, खासकर प्रधानमंत्री मोदी, को तभी सत्ता के बाहर करना संभव होगा, जब विपक्ष पूरी मजबूती, एकता और ईमानदार लामबंदी के साथ भाजपा का मुकाबला करेगा। उसके अलावा, प्रधानमंत्री मोदी को हराने का कोई विकल्प नहीं है। नीतीश के साथ बिहार के उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव ने कोलकाता जाकर बंगाल की मुख्यमंत्री एवं तृणमूल कांग्रेस पार्टी की अध्यक्ष ममता बनर्जी से मुलाकात की। फिर लखनऊ आकर वे सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव से भी मिले। ममता ने बेहद महत्त्वपूर्ण बात कही कि जिस तरह जयप्रकाश नारायण ने अपना आंदोलन बिहार से शुरू किया था, उसी तर्ज पर नीतीश कुमार विपक्षी नेताओं की बैठक पटना में बुलाएं। सभी साझा मुद्दों पर विमर्श किया जाए और फिर एक निश्चित विजन बने। यकीनन यह ममता बनर्जी की राजनीति का बड़ा बदलाव है। उन्होंने यह भी इच्छा जाहिर की कि हमें यह संदेश देना जरूरी है कि हम सब एक हैं। हमें भाजपा को 'जीरो' बनाना है। वह सिर्फ झूठ बोल कर, फेक वीडियो बनाकर, गुंडागर्दी कर, मीडिया के जरिए 'हीरो' बनती रही है। नीतीश जी जो प्रयास कर रहे हैं, उसे हम भी जारी रखेंगे और दूसरे क्षेत्रीय दलों के नेताओं से भी बात करेंगे। मेरा कोई व्यक्तिगत अहम नहीं है। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव की भी सोच लगभग यही है। नीतीश इसी माह दिल्ली में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे समेत राहुल गांधी, दिल्ली के मुख्यमंत्री एवं 'आप' के राष्ट्रीय संयोजक केजरीवाल और वामपंथी नेताओं से भी मुलाकात और विपक्षी एकता के सरोकारों पर बातचीत कर चुके हैं। वह निकट भविष्य में हैदराबाद में बीआरएस प्रमुख एवं तेलंगाना के मुख्यमंत्री चंद्रशेखर राव और भुवनेश्वर में ओडिशा के मुख्यमंत्री एवं बीजद अध्यक्ष नवीन पटनायक से भी मुलाकात कर सकते हैं। नीतीश कुमार वरिष्ठतम विपक्षी नेता हैं और बार-बार साफ कर चुके हैं कि वह प्रधानमंत्री पद के दावेदार नहीं हैं। सिर्फ देश, लोकतंत्र, संविधान को बचाने की दिशा में वह प्रयास कर रहे हैं कि विपक्ष एकजुट होकर चुनाव लड़े। नीतीश के साथ संवाद का स्वागत सभी पक्ष करेंगे, लेकिन विपक्षी एकता के लिए इतना ही काफी नहीं है। बीते दिनों लोकसभा में कांग्रेस संसदीय दल के नेता अधीर रंजन चौधरी ने एक बयान दिया कि तृणमूल कांग्रेस ने जांच एजेंसियों से बचने के लिए प्रधानमंत्री मोदी से सैटिंग कर ली है। टीवी चैनलों की बहस में कांग्रेस प्रवक्ता अक्सर तृणमूल के खिलाफ जहर उगलते रहते हैं और पुराने मसलों को कुरेदते रहते हैं। तृणमूल प्रवक्ता भी कांग्रेस की दोगली राजनीति के मुखर आलोचक रहते हैं। दोनों ही पक्षों के तेवर जैसे दिखाई दे रहे हैं, उनके मद्देनजर विपक्षी एकता के मंच पर वे साथ-साथ कैसे आ सकते हैं। विपक्ष के साझा चेहरे और विजन के मुद्दे तो अभी नेपथ्य में हैं। फिलहाल यह धारावाहिक चलता रहेगा।

> नीतीश के साथ बिहार के उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव ने कोलकाता जाकर बंगाल की मुख्यमंत्री एवं तृणमूल कांग्रेस पार्टी की अध्यक्ष ममता बनर्जी से मुलाकात की। फिर लखनऊ आकर वे सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव से भी मिले। ममता ने बेहद महत्त्वपूर्ण बात कही कि जिस तरह जयप्रकाश नारायण ने अपना आंदोलन बिहार से शुरू किया था, उसी तर्ज पर नीतीश कुमार विपक्षी नेताओं की बैठक पटना में बुलाएं। सभी साझा मुद्दों पर विमर्श किया जाए और फिर एक निश्चित विजन बने। यकीनन यह ममता बनर्जी की राजनीति का बड़ा बदलाव है। उन्होंने यह भी इच्छा जाहिर की कि हमें यह संदेश देना जरूरी है कि हम सब एक हैं। हमें भाजपा को 'जीरो' बनाना है। वह सिर्फ झूठ बोल कर, फेक वीडियो बनाकर, गुंडागर्दी कर, मीडिया के जरिए 'हीरो' बनती रही है। नीतीश जी जो प्रयास कर रहे हैं, उसे हम भी जारी रखेंगे और दूसरे क्षेत्रीय दलों के नेताओं से भी बात करेंगे। मेरा कोई व्यक्तिगत अहम नहीं है। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव की भी सोच लगभग यही है। नीतीश इसी माह दिल्ली में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे समेत राहुल गांधी, दिल्ली के मुख्यमंत्री एवं 'आप' के राष्ट्रीय संयोजक केजरीवाल और वामपंथी नेताओं से भी मुलाकात और विपक्षी एकता के सरोकारों पर बातचीत कर चुके हैं।

## कुछ अलग

# नौकरी का हुलिया

**कुछ** तो पांव चादर से बाहर निकले हुए, कुछ सफर की थकान ने हुलिया बदल दिया। कुछ ऐसा ही मंजर हिमाचल का हुलिया बयां कर रहा है, जहां एक ओर सरकारी नौकरी की खिदमत में दरियां बिछाई जा रही हैं और दूसरी ओर बजट की सांकल से लटके प्रदेश के फटेहाल नजर आ रहे हैं। फिर भी एक आशावाद हर नई सरकार की कोशिश को दिन दूना, रात चौगना तरक्की करते हुए देखना चाहता है। नौकरियों की अर्जियां सपनों के दर पर माथा रगड़ रहीं और इधर कई कॉडर अपनी भूमिका में निरस्त होकर फांसी के लिए खड़े हैं। सरकारी नौकरी की जिरह पड़ताल पर उतरती है, तो 18542 पद डाइंग कॉडर बनकर अलविदा कह रहे हैं। सरकार ने अपने ढांचे में इतनी महत्त्वाकांक्षा भर ली है कि अगर सारे हाथी दौड़ाने हों, तो कुल 308894 पदों पर सरकारी मुलाजिम रखने पड़ेंगे। इस तरह एक ईमानदारी तो यही थी कि पता लगाया जाए कि आखिर सरकारी नौकरी की बस्ती में कितने घर खाली हैं और दूसरी ओर वादों की खेती के लिए नौकरी के नाम ऐसे इंतजाम हों कि प्रत्यक्ष-अप्रत्यक्ष और तरह-तरह के उपनामों से लोग भर्ती कर लिए जाएं। हिमाचल का शीर्षासन है भी यही कि सरकारें बदलते ही नौकरी की पर्चियां कुछ इस कद्र बंटें कि सारा तामझाम उदार नजर आए। फिलहाल 70 हजार रिक्त पदों का खालीपन नए रोजगार का एहसास और सरकारी नौकरी का स्पेस तैयार कर रहा है। हर विभाग तंबू लगाकर खड़ा है और इस तरह नौकरी का आश्रयस्थल बनकर सरकार को अपनी महफिल जमानी है। मिलकर बैठेंगे कितने बेरोजगार, जहां हम, तुम और कोई न कोई विभाग होगा। मोटे तौर पर 70 हजार रिक्त पद अमानत हैं उस दरियादिली की जो कंगाली में गीले आटे की गर्मागर्म सियासी रोटी बेल सकती है। इन सत्तर हजार नौकरियों के कई दर्पण हैं और कई ऐसे विभाग भी हैं जो बेरोजगारों को भाग्य रसीद करते हैं। कई डिग्रियां यूं ही पैदा नहीं होती, बल्कि अभिभावकों के सपनों को कंधों पर उठाकर हर परिवार का कोई न कोई बच्चा निरंतर इंतजार में पिटारा खुलने की आहट के लिए अपने कानों पर भरोसा कर रहा है। हर चुनाव में कान से आती नौकरी का दीदार और क्या होगा कि फिलवक्त हिमाचल को 70 हजार पद भरने हैं। इनमें कितनी दिहाडियां, कितने अनुबंध और कितने ऐसे पद भी होंगे जो सरकारी मुलाजिम बनने की नई शर्तों के साथ नए पैबंद ही तो हैं। खाली पदों पर नजर दौड़ाएं तो 19 विभागों में शिखर पर पीडब्ल्यूडी में 15816 पद और इसके बाद एलिमेंटरी एजुकेशन में ही 13383 पद रिक्त है, जबकि उच्च शिक्षा में 9591 पद खाली हैं। कुल मिला कर सामाजिक सुरक्षा की उच्च प्राथमिकताओं के बीच शिक्षकों के ही बीस हजार से ऊपर पदों का रिक्त होना, बहुत कुछ बयान कर रहा है। इसी शृंखला में स्वास्थ्य विभाग में खाली रह गए 10199 पदों का अर्थ हर स्वास्थ्य केंद्र पर चस्पां है। कमोबेश हर विभाग की कार्यशैली में कर्मचारियों की आवश्यकता के मानदंड तय हैं और इस लिहाज से न्यूनतम स्तर पर भी अधिकतम उपस्थिति के लिए कई पदों पर रिक्तियों का नासूर पूरी व्यवस्था को मनोरोगी बना सकता है। बेशक यह परिदृश्य उस लापरवाही या वाहवाही का भी है, जहां सरकारों ने जरूरत से कहीं ज्यादा संस्थान व कार्यालय खोल दिए। देखना यह होगा कि सरकार इन रिक्तियों को रोजगार के विकल्प के रूप में भरना चाहेगी या सेवाओं में गुणवत्ता लाने के आधार पर किफायत से निर्णय लेगी।

### भारत में ज्यादा लोग पहले के मुकाबले लम्बी उम्र तक जी रहे हैं और देश में कम बच्चे पैदा हो रहे हैं

# बढ़ती जनसंख्या से असीमित चुनौतियां

डा. वरिंद्र भाटिया

> इस साल के मध्य तक भारत की आबादी 142 करोड़ 86 लाख पहुंचने की उम्मीद है जो चीन की 142 करोड़ 57 लाख की आबादी से 29 लाख ज्यादा होगी। साल 2011 के बाद से भारत में जनगणना नहीं हुई है, इसलिए इस वक्त भारत की जनसंख्या क्या है, इसके बारे में कोई आधिकारिक जानकारी उपलब्ध नहीं है। लेकिन साल 2020 में नेशनल कमीशन ऑन पॉपुलेशन ने जनसंख्या के अनुमानों पर एक रिपोर्ट जारी की जिसमें कहा गया कि साल 2011 और 2036 के बीच के 25 सालों में भारत की जनसंख्या 121 करोड़ दस लाख से बढ़कर 152 करोड़ 20 लाख हो जाएगी। इसका नतीजा ये होगा कि जनसंख्या का घनत्व 368 से बढ़कर 463 व्यक्ति प्रति वर्ग किलोमीटर हो जाएगा।

**देश** के लिए बढ़ती जनसंख्या एक वरदान है या फिर एक अभिशाप है, यह हमारे लिए एक सवालिया निशान है। हाल ही में संयुक्त राष्ट्र के जारी आंकड़ों के मुताबिक भारत इस साल के मध्य तक चीन को पीछे छोड़ दुनिया में सबसे अधिक आबादी वाला देश बन जाएगा। इस साल के मध्य तक भारत की आबादी 142 करोड़ 86 लाख पहुंचने की उम्मीद है जो चीन की 142 करोड़ 57 लाख की आबादी से 29 लाख ज्यादा होगी। साल 2011 के बाद से भारत में जनगणना नहीं हुई है, इसलिए इस वक्त भारत की जनसंख्या क्या है, इसके बारे में कोई आधिकारिक जानकारी उपलब्ध नहीं है। लेकिन साल 2020 में नेशनल कमीशन ऑन पॉपुलेशन ने जनसंख्या के अनुमानों पर एक रिपोर्ट जारी की जिसमें कहा गया कि साल 2011 और 2036 के बीच के 25 सालों में भारत की जनसंख्या 121 करोड़ दस लाख से बढक़र 152 करोड़ 20 लाख हो जाएगी। इसका नतीजा ये होगा कि जनसंख्या का घनत्व 368 से बढक़र 463 व्यक्ति प्रति वर्ग किलोमीटर हो जाएगा। लेकिन जानकारों का कहना है कि भारत में ज्यादा लोग पहले के मुकाबले लम्बी उम्र तक जी रहे हैं और देश में कम बच्चे पैदा हो रहे हैं जिसकी वजह से भारत की जनसंख्या की वृद्धि दर नीचे जा रही है। वृद्धि दर के घटने के बावजूद भारत की जनसंख्या का बढना जारी है और अगले कई सालों तक जारी रहेगा। ऐसी स्थिति में देश के सामने जो चुनौतियां पेश होंगी, उनका प्रभाव नकारा नहीं जा सकता है। लगातार बढ़ती जनसंख्या की वजह से सबसे बड़ी चुनौती प्राकृतिक संसाधनों पर बढ़ता दबाव है। इन प्राकृतिक संसाधनों में जमीन, पानी, जंगल और खनिज शामिल हैं। जनसंख्या के बढने की वजह से इन संसाधनों का जरूरत से ज्यादा इस्तेमाल होता है। नतीजतन कृषि उत्पादकता और पानी की कमी के साथ पर्यावरण में गिरावट होने की सम्भावना बढ़ जाती है। बढ़ती आबादी के कारण आवास, परिवहन, स्वास्थ्य और शिक्षण सुविधाओं से जुड़े बुनियादी ढांचे का विस्तार करने की जरूरत भी बढ़ जाती है। एक बहुत बड़ी आबादी की जरूरतों को पूरा करना एक मुश्किल काम बन जाता है और आबादी का एक बड़ा हिस्सा बदहाल हालात में जीने के लिए मजबूर हो सकता है। एक बड़ी



आबादी की वजह से काम करने की क्षमता रखने वाले लोगों की एक बड़ी संख्या भी खड़ी हो जाती है। इस बड़ी संख्या को रोजगार उपलब्ध करवाना एक बड़ी चुनौती के तौर पर उभरता है। आज भी भारत में बेरोजगारी एक ज्वलंत समस्या है। लगातार बढ़ रही जनसंख्या की वजह से यह समस्या भविष्य में विकराल रूप ले सकती है। रोजगार की कमी आर्थिक असमानता और गरीबी को बढ़ाने का काम काम कर सकती है जिससे सामाजिक अशांति फैल सकती है। शिक्षा और एक बड़ी आबादी को शिक्षित और कुशल बनाना चुनौतीपूर्ण हो सकता है क्योंकि समय के साथ जितने लोगों को शिक्षित और कुशल बनाने की जरूरत होगी उतनी क्षमता शैक्षणिक संस्थानों के पास शायद नहीं होगी। इसका सीधा परिणाम ये हो सकता है कि बहुत से लोग अच्छी शिक्षा हासिल नहीं कर पाएंगे और बहुत से लोगों के पास जो कौशल होगा वो नौकरी के बाजार से मेल नहीं खाएगा। बढ़ती जनसंख्या की वजह से गरीबी रेखा के नीचे रहने वाले लोगों की संख्या बढ़ सकती है। साथ ही आमदनी की असमानता भी बढने का खतरा है। एक बड़ी चुनौती गरीबी कम करने की कोशिशों को समाज के सभी वर्गों तक पहुंचाने की भी होगी। कुल मिलाकर लोगों के जीवन स्तर और स्वास्थ्य और शिक्षा तक उनकी पहुंच में गहरी असमानताएं पैदा हो सकती हैं। बढ़ती जनसंख्या का सीधा असर पर्यावरण पर भी पड़ेगा। वनों की कटाई, वायु प्रदूषण और जल प्रदूषण पर्यावरण की रक्षा के लिए बड़ी चुनौतियों के तौर पर उभर सकते हैं। वृद्धि दर के घटने के बावजूद भारत की जनसंख्या का बढना जारी है और अगले कई सालों तक जारी रहेगा। ऐसे में सरकारों के लिए एक बड़ी चुनौती लोगों के लिए प्रभावी नीतियां और योजनाएं बनाना और उन्हें लागू करना होगा। भारत की बढ़ती जनसंख्या के मद्देनजर सरकारों के लिए ऐसी नीतियां और योजनाएं बनाना और मुश्किल हो जाएगा जो ये सुनिश्चित करें कि संसाधनों का वितरण बराबरी से हो और सामाजिक व आर्थिक विषमता को दूर किया जा सके। बढ़ती जनसंख्या से जुड़ी एक बड़ी चिंता ये जताई जाती है कि इससे कई किस्म की सामाजिक चुनौतियां सामने आ सकती हैं। एक बड़ी आबादी भीड़भाड़ को तो बढ़ाएगी ही, साथ ही शहरीकरण को भी बढ़ावा देगी जिसकी वजह से अपराधों में बढ़ोतरी आ सकती है और काानून-व्यवस्था कायम रखना मुश्किल हो सकता है? इस बात से इनकार नहीं किया जा सकता कि एक बड़ी आबादी पर्यावरण और संसाधनों पर दबाव डालती है। यही कारण है कि जनसंख्या को लेकर इतना चिंताजनक विमर्श हो रहा है। हालांकि इस बात का ध्यान रखना जरूरी है कि भारत लंबे समय से दुनिया का दूसरा सबसे अधिक आबादी वाला देश रहा है और भारत सबसे अधिक आबादी वाला देश बनने ही वाला था। तो यह कोई आश्चर्य की बात नहीं है। भारत की बढ़ती जनसंख्या को लेकर तरह-तरह की चिंताएं जताई जा रही हैं। तो क्या किसी देश के लिए कोई आदर्श जनसंख्या होनी चाहिए? किसी भी देश के लिए कोई आदर्श जनसंख्या आकार नहीं है। जब आप जनसंख्या की बात करते हैं तो आप लोगों की बात करते हैं और लोग नंबरों से पहले आते हैं, इसलिए संख्या को लोगों से ज्यादा महत्त्व देना मानवाधिकार आधारित दृष्टिकोण नहीं होगा ज्यादा जरूरी यह है कि इस बारे में सवाल पूछे जाएं कि क्या लोगों का स्वास्थ्य अच्छा है, क्या उनके पास सही अवसर हैं, क्या वे पर्याप्त शिक्षित हैं। चर्चा का एक और विषय भारत की प्रजनन दर को लेकर भी है। नेशनल फैमिली हेल्थ सर्वे के आंकड़ों के अनुसार भारत के सभी धार्मिक समूहों में प्रजनन दर कम हो रही है। जनसंख्या को केवल प्रजनन दर से जोडने का मतलब ये है कि सारा बोझ महिलाओं पर डाला जा रहा है। भारत में 25 साल से कम उम्र के लोगों की आबादी कुल आबादी का करीब 40 फीसदी है। वहीं देश की करीब आधी आबादी की उम्र 25 से 64 साल के बीच है।

# अपराध बड़ा या आपराधिक मानसिकता?

> जिस समय मानव समाज की रचना हुई अर्थात मनुष्य ने अपना सामाजिक संगठन प्रारंभ किया, उसी समय से उसने अपने संगठन की रक्षा के लिए नैतिक, सामाजिक आदेश बनाए। उन आदेशों का पालन मनुष्य का 'धर्म' बतलाया गया। किंतु, जिस समय से मानव समाज बना है, उसी समय से उसके आदेशों के विरुद्ध काम करने वाले भी पैदा हो गए और जब तक मनुष्य प्रवृति ही न बलद जाए, ऐसे व्यक्ति बराबर होते रहेंगे। युगों से अपराध की व्याख्या करने का प्रयास हो रहा है। अतएव के. सेन ने अपराध की सत्ता इतिहास काल के भी पूर्व से मानी है। अतएव इसकी व्याख्या कठिन है। पूर्वी तथा पश्चिमी देशों के प्रारंभिक विधानों के नैतिक, धार्मिक तथा सामाजिक नियमों का तोड़ना समान परू से अपराध था। सारजेंट सटीफन ने लिखा है कि समुदाय का बहुमत जिसे सही बात समझे, उसके विपरीत काम करना अपराध है। ब्लेकस्टन कहते है कि समुचे समुदाय के प्रति कत्तव्य है तथा उसके जो अधिकार हैं उनकी अवज्ञा अपराध का निर्णय नगर की समूची जनता करती थी।

**समाज** जिसमें व्यक्ति रहता है, मानवीय समाज कहलाता है। मानवीय समाज मानवीय नियम और कानून समाज व्यवस्था को चलाने के लिए अलग-अलग समाज के लिए बनाए जाते हैं। बने हुए सामाजिक नियमों को तोडने को अपराध की श्रेणी में गिना जाता है। सामाजिक, राजनीतिक, धार्मिक और मानवीय नियम विभिन्न समय और सभ्यताओं के अनुसार प्रतिपादित किए जाते हैं। जिस समय मानव समाज की रचना हुई अर्थात मनुष्य ने अपना समाजिक संगठन प्रारंभ किया, उसी समय से उसने अपने संगठन की रक्षा के लिए नैतिक, सामाजिक आदेश बनाए। उन आदेशों का पालन मनुष्य का 'धर्म' बतलाया गया। किंतु, जिस समय से मानव समाज बना है, उसी समय से उसके आदेशों के विरुद्ध काम करने वाले भी पैदा हो गए और जब तक मनुष्य प्रवृत्ति ही न बदल जाए, ऐसे व्यक्ति बराबर होते रहेंगे। युगों से अपराध की व्याख्या करने का प्रयास हो रहा है। अतएव के. सेन ने अपराध की सत्ता इतिहास काल के भी पूर्व से मानी है। अतएव इसकी व्याख्या कठिन है। पूर्वी तथा पश्चिमी देशों के प्रारंभिक विधानों के नैतिक, धार्मिक तथा सामाजिक नियमों का तोडना समान रूप से अपराध था। सारजेंट सटीफन ने लिखा है कि समुदाय का बहुमत जिसे सही बात समझे, उसके विपरीत काम करना अपराध है। ब्लेकस्टन कहते हैं कि समुचे समुदाय के प्रति कत्तव्य है तथा उसके जो अधिकार हैं उनकी अवज्ञा अपराध का निर्णय नगर की समूची जनता करती थी। आज के कानून में अपराध 'सार्वजनिक हानि' की वस्तु समझा जाता है। दो सौ वर्ष पूर्व तक संसार के सभी देशों की यह निश्चित नीति थी कि जिसने समाज के आदेशों की अवज्ञा की है, उससे बदला लेना चाहिए। इसीलिए अपराधी को घोर यातना दी जाती थी। जेलों में उसके साथ पशु से भी बुरा व्यवहार होता था। यह भावना अब बदल गई है। आज समाज की निश्चित धारणा है कि अपराध शारीरिक तथा मानसिक दोनों प्रकार का रोग है, इसलिए अपराधी की चिकित्सा करनी चाहिए। उसे समाज में वापस करते समय शिष्ट, सभ्य, नैतिक नागरिक बनाकर वापस करना है। अतएव कारागार यातना के लिए नहीं, सुधार के लिए है। यह तो स्पष्ट हो गया कि अपराध यदि नैतिक तथा सामाजिक आदेशों की अवज्ञा का नाम है तो इस शब्द का कोई निश्चित अर्थ नहीं बतलाया जा सकता। फ्रायड वर्ग के विद्वान प्रत्येक अपराध को कामवासना का परिणाम बतलाते हैं तथा हीली जैसे शास्त्री उसे सामाजिक वातावरण का परिणाम कहते हैं, किंतु ये दोनों मत मान्य नहीं हैं। एक देश में एक ही प्रकार का धर्म नहीं है। हर एक में एक ही प्रकार का सामाजिक संगठन भी नहीं है, रहन-सहन में भेद है, आचार-विचार में भेद है, ऐसी स्थिति में एक देश का अपराध दूसरे देश में सर्वथा उचित आचार बन सकता है। कहीं पर स्त्री को तलाक देना वैध बात है, कहीं पर सर्वथा वर्जित है। कहीं पर संयुक्त परिवार का जीवन उचित है, कहीं पर पारिवारिक जीवन का कोई कानूनी नियम नहीं है। सन 1946-47 में इंग्लैंड में चोरबाजारी करने वालों को कड़ा दंड मिलता था। फ्रांस में उसे एक 'साधारण' बात समझा जाता था। कई देश धार्मिक रूप से किया गया विवाह ही वैध मानते हैं। पूर्वी यूरोप तथा अन्य अनेक सभ्यवादी देशों में धार्मिक प्रथा से किए गए विवाह का कोई कानूनी महत्त्व ही नहीं होता। मनोविज्ञान अपराध को मनुष्य की मानसिक उलझनों का परिणाम मानता है। जिस व्यक्ति का बाल्यकाल प्रेम और प्रोत्साहन के वातावरण में नहीं बीतता उसके मन में अनेक प्रकार की हीनता की मानसिक ग्रंथियां बन जाती हैं। इन ग्रंथियों में, उसकी मन में, उसकी बहुत सी मानसिक शक्ति संचित रहती है। डा. अलफ्रेड एडलर का कथन है कि जिस व्यक्ति के मन में हीनता की मानसिक ग्रंथियां रहती हैं वह अनिवार्य रूप से अनेक प्रकार के अपराध करता है। यह अपराध वह इसलिए करता है कि स्वयं को वह दूसरे लोगों से अधिक बलवान सिद्ध कर सके। हीनता की ग्रंथी जिस व्यक्ति के मन में रहती है, वह सदा भीतरी मानसिक असंतोष की स्थिति में रहता है। वह सब समय ऐसे कामों में अपने को लगाए रहता है जिससे सभी लोग उसकी ओर देखें और उसकी प्रशंसा करे। हीनता की मानसिक ग्रंथी मनुष्य को ऐसे कामों में लगाती है जिनके करने से मनुष्य को अनेक प्रकार की निंदा सुननी पड़ती है। ऐसा व्यक्ति स्वयं को सदा चर्चा का विषय बनाए रखना चाहता है। यदि उसके भले कामों के लिए चर्चा नहीं हुई तो बुरे कामों के लिए ही हो। उसकी मानसिक ग्रंथी उसे शांत मन नहीं रहने देती। वह उसे सदा विशेष काम करने के लिए प्रेरणा देती रहती है। यदि ऐसे व्यक्ति को दंड दिया जाए तो इससे उसका सुधार नहीं होता, अपितु इससे उसकी मानसिक ग्रंथी और भी जटिल हो जाती है। ऐसे अपराधी के उपचार के लिए मानसिक चिकित्सक की आवश्यकता होती है। क्रिमिनोलॉजी मूल रूप से एक सामाजिक दृष्टिकोण से अपराध का अध्ययन है और इस अध्ययन का फोकस यह निर्धारित करना है कि कोई व्यक्ति अपराध करता है या आपराधिक तरीके से कार्य करता है। आधुनिक मनोविज्ञान ने हमें बताया है कि समाज में अपराध को कम करने के लिए दंडविधान को कड़ा करना पर्याप्त नहीं है। इसके लिए समाज में सुशिक्षा की आवश्यकता होती है। जब मनुष्य की कोई प्रवृत्ति बचपन से ही प्रबल हो जाती है तो आगे चलकार वह विशेष प्रकार के कार्यों में प्रकाशित होती है। ये कार्य समाज के लिए हितकर होते हैं अथवा समाजविरोधी होते हैं। जिस बालक को बड़े लाड-प्यार से रखा जाता है और उसे सभी प्रकार के कामों को करने के लिए छूट दे दी जाती है, उसमें दूसरों के सुख के लिए अपने सुख को त्यागने की क्षमता नहीं आती। ऐसे व्यक्ति की सामाजिक भावनाएं अविकसित रह जाती हैं। जीवन सुस्वत्व का निर्माण नहीं होता। इसके कारण वह न तो सामाजिक दृष्टि से भले-बुरे का विचार कर सकता है और न बुरे कामों से स्वयं को रोकने की क्षमता प्राप्त कर पाता है। बालक के माता-पिता और आसपास का वातावरण तथा पाठशालाएं इसमें महत्त्व का काम करती हैं। उचित शिक्षा का एक उद्देश्य यही है कि बालक के भीतर संयम की क्षमता आ जाए। जिस व्यक्ति में आत्मनियंत्रण की स्थिति जितनी अधिक रहती है, वह अपराध उतना ही कम करता है।

## नागरिक बोध

# उत्तरप्रदेश में अमन, चैन और विकास की वैतरणी पार करने में योगी ने निभाई अहम भूमिका

**सत्य** और न्यासी इन दो शब्द से सन्यासी शब्द बनता है। इसका अर्थ सत्य को अक्षुण्ण रखने वाला।योगी आदित्यनाथ का शासन सन्यासी भावना के अनुरूप है। यूपी का नाम आते ही दिलोदिमाग में गुंडागर्दी, भ्रष्टाचार, माफियागिरी, छेड़खानी आदि शब्द जेहन में आते थे।मोदी और अमित शाह का नारा,सबका साथ ,सबका विकास और सबका प्रयास योगी के सन्यासी अर्थों के करीब था ।योगी के मुख्यमंत्री बनने के बाद विपक्षी दल योगी पर कटाक्ष करते थकते नही थे। यूपी को हर हमेशा के लिए माफिया गिरी से आजाद कर महिलाओं के सरंक्षण के लिए प्रयासरत है। भाजपा ने सबसे पिछड़ी जातियों को आगे लाकर उम्मीदवार बनाया जाना यूपी की सफलता का सूचक रहा है। योगी की धाक से माफिया और गुंडागर्दी वाले दुबके नजर आ रहे है।एनकाउंटर की बात हो या माफियाओ को पुलिस का डर हमेशा सताता रहता है। यूपी के लिए ऐसे मुख्यमंत्री की ही जरूरत थी जिसका लोहा मनवा लेने में सफलता हासिल कर सके। इस निर्विवाद मुख्यमंत्री को सूबे की जनता ने दूसरी बार स्वीकार किया है। माफिया कभी कभी सिर बिल से बाहर निकालते है तो योगी सरकार कुचलने में आगे है। सन्यासी का जाति, कुल और परिवार नही होता।इस सब मे योगी युपयुक्त होते हुए उनके गृहस्थी परिवार में ध्यान नही देकर उनका नजरिया पूरे सूबे का है। उन्होने एक इंटरव्यू में कहा है कि मैं योगी हूँ और मेरा पूरा प्रदेश परिवार है।उन्होंने आधुनिक रूप दिया है। आज के परिपेक्ष्य में योगी के नाम से गुंडे थरथर कांपते है। यूपी के लिए महत्वपूर्ण था और यूपी की चमक उनके किए प्रयासों का सुफल है। गोरखपुर के पीठाधीश्वर योगी आदित्यनाथ सामयिक संदर्भो के अतिरिक्त शासक पद स्वीकार करते हुए गोरखपुर मन्दिर में एकत्रित फरियादियों की व्यथा सुनकर निराकरण देने के लिए हमेशा आवागमन करते है। देश मे सन्यासियों की अहम भूमिका रही है। सन्यासियों ने पीड़ति परिवारों की सेवा और गांव गांव में घूमकर अंग्रेजो के विरुद्ध जनता को जागृत किया। आज भी देश मे धर्म से जोड़े रखने का कार्य और धार्मिक उपदेश से समाज को बांधे रखने में अहम भूमिका है। समाजवादी नेता डॉ राम मनोहर लोहिया कहते थे कि धर्म दीर्धकालीन राजनीति है।और राजनीति अल्पकालिक धर्म। डॉ लोहिया ने गौहत्या के विरोध में संत पर प्रभुदत्त ब्रह्चारी का अनशन तुड़वाया।भारत साधु समाज के कार्यक्रमो में जवाहरलाल नेहरू और गृहमंत्री गुलजारी लाल नन्दा भाग लेते रहते थे। बाबा गोरखपुर शिव के अवतार माने जाते है। इस गोरखनाथ मंदिर में योगी का समय बिता है। मोदी और अमित शाह के विचारों के योगी को दूसरी बार सूबे की जनता ने चुना है।यूपी को अव्वल बनाने का बीड़ा उठाकर आगे बढ़ाने के कार्य मे जुड़े है।आर्थिक सद्दरता और स्वावलंबन में उत्तरप्रदेश देश के अन्य राज्यो से कम नही है। 1977 में जनता पार्टी की जीत लोकनायक जय प्रकाश नारायण के नाम थी।

## देश दुनीया से

# उफ! अब मेरे भी दिन फिरे...

**इधर** जबसे मुझे यह शुभ समाचार मिला है कि लुगदी साहित्य को विश्वविद्यालय के पाठ्यक्रम में शामिल किया जा रहा है, तबसे मेरे बांछें न होने के बाद भी मेरी बांछें ही क्या, मैं पूरा का पूरा खिल रहा हूं। वजह! मैं भी उच्चकोटि का लुगदी साहित्यकार हूं। अब वसंत इसका क्रेडिट लेता हो तो लेता रहे। पर इस क्रेडिट का वह कतई हकदार नहीं। वैसे मुफ्त का क्रेडिट लेने वालों की इस समाज में कोई कमी थोड़े ही है। एक पत्थर हटाओ तो दस निकल आएंगे। अब पाठ्यक्रम से हटाए रोने वाले रोते हों तो रोते रहें। उनके रोने का कुछ नहीं हो सकता। रोने के बदले उन्हें इस बात की खुशी होनी चाहिए कि आजतक वे पाठ्यक्रम में कैसे टिके रहे? सम्मानों में नहीं तो कम से कम पाठ्यक्रम में तो बारी बारी सबको चांस मिलना चाहिए। जो वे अपने समय के सूर, तुलसी, प्रेमचंद, अज्ञेय थे तो मैं भी अपने समय का सूर, तूलसी, प्रेमचंद, अज्ञेय हूं। वे मुझे अपने से कम मानते हों तो मानते रहें, पर असल में वे मुझसे बहुत कम हैं। मुझ जैसे बरसों से सोते सोते लिखने वालों को भी जिंदा जी हंसने का कम से कम एक मौका तो जरूर मिलना चाहिए। सम्मान हर लेखक का जन्मसिद्ध अधिकार हो या न, पर पाठ्यक्रम में आना हर लेखक का जन्मसिद्ध अधिकार है। वह चाहे क्लासिक साहित्यकार हो, लुगदी साहित्यकार हो या फिर रद्दी साहित्यकार। मैं तो हर विश्वविद्यालय के वीसी से मांग करता हूं कि मुझ जैसे सर्वश्रेष्ठ लुगदी साहित्यकारों को भी नहीं, मुझ जैसे सर्वश्रेष्ठ लुगदी साहित्यकारों को ही इनके उनके विश्वविद्यालयों के हिंदी से लेकर साइंस तक के पाठ्यक्रम में शामिल किया जाना चाहिए ताकि हर स्ट्रीम के छात्रों को पता चले कि मुझ जैसों ने बकवास की छांव में कितना खास लिखा है, कितना साफ-साफ लिखा है। अपने लिखे को जबरदस्ती छात्रों को अपने जीते जी भी और मरने के बाद भी पढ़ाने का अधिकार केवल और केवल उनका ही तो नहीं है। चंदन न सही तो न सही, पर मैं भी तो इधर बरसों से कलम पिस रहा हूं। अपने गोबर लिखे को चाहे ये वे कितना ही श्रेष्ठ कहाते फिरें, अपने गोबर साहित्य को अपने किराए के समीक्षकों से उसे चाहे कितना ही समाजोपयोगी कहाते फिरें, पर मैं अपने लुगदी साहित्य को सर्वश्रेष्ठ साहित्य मानता हूं, क्लासिक साहित्य से भी चार कदम आगे का। लुगदी साहित्य ही दिमाग में गुदगुदी करता है। साहित्य का उद्देश्य भी तो गुडी गुडी की फीलिंग देना ही तो है तो फिर हे लुगदी साहित्य के विरोधियो ! लुगदी से परहेज क्यों? कहावत यों ही किसी ने नहीं बनाई थी कि घूरे के भी दिन फिरते हैं। आज उसे चरितार्थ होते अपनी फटी आंखों से साफ-साफ देख रहा हूं। तय है, अब मेरे लिखे साहित्य के भी दिन भी फिरने वाले हैं। मैं भी आगामी सत्र से किसी न किसी विश्वविद्यालय के पाठ्यक्रम में निश्चित तौर पर शामिल होने वाला हूं। इसलिए इन दिनों आत्म परिचय लिख रहा हूं। बाद में जल्दबाजी में कहीं कुछ छूट न जाए। अहा! अब छात्र मुझे भी पढ़ेंगे। अब मेरे साहित्य का सही सही मूल्यांकन होगा। मेरे सर्वश्रेष्ठ लुगदी साहित्य के सामाजिक उपयोगिता की परख होगी। आज तक मेरे साहित्य का मूल्यांकन किया ही किसने? जिसे भी कहा कि यार! मेरे लिखे पर दो चार ही सही शब्द मार दो, उसने अपनी कलम का मुंह तो मेरी ओर से फेरा ही फेरा, अपना मुंह भी मेरी ओर से फेर लिया। हे श्रेष्ठ, सर्वश्रेष्ठ रद्दी साहित्य लिखने वालो! अगला दौर आपका है। इसलिए बिना किसी खौफ के लिखते रहो।

> एक पत्थर हटाओ तो दस निलक आएंगे। अब पाठ्यक्रम से हटाए रोने वाले रोते हों तो रोते रहें। उनके रोने का कुछ नहीं हो सकता। रोने के बलदे उन्हें इस बात की खुशी होनी चाहिए कि आजतक वे पाठ्यक्रम में कैसे टिके रहे? सम्मानों में नहीं तो कम से कम पाठ्यक्रम में तो बारी बारी सबको चांस लिमना चाहिए। जो वे अपने समय के सूर, तुलसी, प्रेमचंद, अज्ञेय थे तो मैं भी अपने समय का सूर, तूलसी, प्रेमचंद, अज्ञेय हूं। वे मुझे अपने से कम मानते हों तो मानते रहें, पर असल में वे मुझसे बहुत कम हैं। मुझ जैसे बरसों से सोते सोते लखिने वालों को भी जिंदा जी हंसने का कम से कम एक मौका तो जरूर लिमना चाहिए। सम्मान हर लेखक का जन्मसिद्ध अधिकार हो या न, पर पाठ्यक्रम में आना हर लेखक का जन्मसिद्ध अधिकार है। वह चाहे क्लासिक साहित्यकार हो, लुगदी साहित्यकार हो या फिर रद्दी साहित्यकार।

इंटरस्टेट शराब तस्करों के विरुद्ध चतरा पुलिस की बड़ी कार्रवाई

# झारखंड-बिहार बॉर्डर से अवैध नकली शराब का बड़ा खेप जब्त

➲ अवैध रूप से संचालित नकली शराब फैक्ट्री का भी पुलिस ने किया भंडाफोड़, फैक्ट्री में निर्मित शराब का बिहार में होता है सप्लाई



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा :** पुलिस को इंटर स्टेट शराब माफियाओं के विरुद्ध एक बार फिर बड़ी सफलता हाथ लगी है। एसबी राकेश रंजन को मिली गुप्त सूचना के आधार पर हंटरगंज पुलिस इंस्पेक्टर प्रमोद पांडे के नेतृत्व में गठित पुलिस और उत्पाद विभाग की संयुक्त टीम ने झारखंड-बिहार सीमा पर स्थित जबड़ा और जजलो गांव के दो अलग-अलग घरो मे छापेमारी कर भारी मात्रा में अवैध नकली जहरीली अंग्रेजी शराब की खेप को बरामद किया है। टीम ने छापेमारी के पहले क्रम मे जबड़ा गांव निवासी भीम यादव के घर के बाहर खड़े टेम्पो वाहन से भारी मात्रा मे इंपीरियल ब्लू नामक शराब की खेप को बरामद किया है। बरामद शराब की खेप को बिहार के विभिन्न हिस्सों मे तस्करो द्वारा खपाने की तैयारी थी। वही टीम ने छापेमारी के दुसरे क्रम मे जजलो तरवाडीह गांव निवासी विकास कुमार के घर से भारी मात्रा मे मैकडॉवेल नंबर 1 व टंच कम्पनी के भारी मात्रा मे निर्मित नकली शराब बरामद करने के साथ अवैध रूप से संचालित नकली शराब फैक्ट्री का भी भांडाफोड़ किया है। इस दौरान टीम ने इंपीरियल ब्लू के 55 बोतल निर्मित नकली शराब,टंच कम्पनी के नकली निर्मित 31 बोतल शराब व मैकडॉवेल नंबर 1 कम्पनी के 89 पेटी मे बन्द अवैध नकली निर्मित शराब के साथ नकली शराब के निर्माण मे प्रयुक्त इंपीरियल ब्लू, मैकडॉवेल नंबर 1 और strelling b| कम्पनी के भारी मात्रा मे खाली बोतल,नकली स्ट्रीकर व रैपर बरामद किये हैं। प्रेस कॉन्फ्रेंस कर मामले की जानकारी देते हुए पुलिस इंस्पेक्टर प्रमोद पांडे ने बताया कि जिले को नशा मुक्त बनाने के लिए जिले के एसपी के द्वारा स्पेशल ड्राइव चलाया जा रहा है उन्होंने बताया कि शराब माफियाओं के विरुद्ध पुलिस की यह दूसरी बड़ी सफलता है। उन्होंने बताया कि शराब माफियाओं और तस्करों के विरुद्ध पुलिस की यह कार्रवाई निरंतर जारी रहेगी किसी भी परिस्थिति मे नकली शराब निर्माण के काले कारोबार को चतरा में फलने फूलने नहीं दिया जाएगा।

## बड़े पैमाने के कमीशनखोरी का नतीजा, दर्जनों जल मीनार बेकार




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरवाडीह :** असंतुलित वातावरण बढ़ती गर्मी जल संरक्षण की अव्यवस्था के कारण जल स्तर काफी गिरा है जिससे आने वाले दिनों में पेयजल का संकट गहराने वाला है। जहां पेयजल की समस्या से निबटने के लिए पंचायत व जिला स्तर से करोड़ों रुपए खर्च कर सैकड़ों जल मीनार अधिष्ठापित किए गए हैं। जहां जल मीनार अधिष्ठापन में वित्तीय अनियमितता बरतते हुए निम्न स्तर का स्ट्रक्चर, सोलर, मोटर व टंकी लगा दिया गया है। जिसमें बड़े पैमाने पर कमीशन खोरी की गई। वहीं निम्न स्तर के मोटर के जल जाने या खराब हो जाने से दर्जनों जल मीनार बंद पड़े हैं और पेयजल की समस्या जस की तस बनी हुई है।

## शानदार कव्वाली का हुआ आयोजन



**महुआडांड़ (प्रभात मंत्र संवाददाता):** हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी हजरत अनजान शाह दाता उस शरीफ के मौके पर कव्वाली का आयोजन किया गया। आयोजन से पूर्व विधि विधान के साथ कव्वाली में शामिल होने पहुंचे जिसके मुख्य अतिथि मनिका विधायक रामचंद्र सिंह एवं विशिष्ट अतिथि जिला परिषद सदस्य स्टेला नगेसिया, कांग्रेस प्रदेश सचिव आफताब आलम, जेएमएम जिला सचिव शमशुल होदा समेत भाजपा जिला उपाध्यक्ष भानु प्रसाद हिंदू महासभा अध्यक्ष मनोज जयसवाल उर्स कमेटी के मुख्य संरक्षक मोहम्मद इफ्तिखार अहमद सदर जामा मस्जिद महुआडांड़ फहीम खान, भाजपा मंडल अध्यक्ष शंभू प्रसाद, उप प्रमुख अभय मिंज डॉ एके शाह कांग्रेस लातेहार विधानसभा अध्यक्ष टिंकू आलम जेएमएम अल्पसंख्यक जिला अध्यक्ष वारिस अंसारी युवा प्रखंड अध्यक्ष मजहर खान, अजीत पाल कुजुर, कव्वालन सनम साहिबा एवं कव्वाल अमन अफजल साबरी को माला पहनाकर शॉल ओढ़ाकर और बैच लगाकर सम्मानित किया गया। जिसके बाद मुख्य अतिथि माननीय विधायक श्री रामचंद्र सिंह विशिष्ट अतिथि शमशुल हुदा,आफताब आलम उर्स कमेटी के अध्यक्ष मोहम्मद मुस्तकीम उर्स कमेटी के सदस्य समेत अन्य लोगों के द्वारा संयुक्त रूप से फीता काटकर कार्यक्रम का आगाज किया गया।मनिका विधानसभा क्षेत्र के विधायक श्री रामचंद्र सिंह के द्वारा कार्यक्रम स्थल पर सभी को संबोधित करते हुए कहा गया कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी उर्स के मौके पर कव्वाली का प्रोग्राम कराया जा रहा है यह बहुत ही अच्छा है इससे हम सभी को एक साथ मिलने का मौका भी मिल जाता है और हमें एक रहने का जरिया भी बनता है हर वर्ष इसी तरह यह प्रोग्राम होता रहे यही मैं चाहूंगा। और अनजान शाह दाता की मजार की खुशबू पूरे मनिका विधानसभा क्षेत्र में फैले और हम सभी को इनका सहारा हमेशा मिलता रहे।

## जेजेएमपी के एरिया कमांडर सत्येन्द्र उरांव ने पुलिस के समक्ष किया आत्मसमर्पण




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। झारखंड के लातेहार जिले में सक्रिय उग्रवादी संगठन जेजेएमपी का एरिया कमाण्डर सत्येन्द्र उराँव उर्फ अभिमन्यु उर्फ मामा ने पुलिस के समक्ष आत्मसमर्पण कर दिया। झारखण्ड सरकार के आत्मसमर्पण नीति के तहत दिन गुरुवार को अंजनी अंजन ( भा0पु0 से0), पुलिस अधीक्षक लातेहार, कमाण्डेंट वेद प्रकाश त्रिपाठी, द्वितीय कमान अधिकारी,विनोद कुमार कनौजिया, 11 बटालियन, सीआरपीएफ के समक्ष आत्मसमर्पण किया है। उन्हें पुलिस अधीकारीयों ने पुष्प गुच्छ व शॉल देकर स्वागत किया।उक्त क्रियावादी सत्येन्द्र ने पुलिस को बताया कि बड़ा भाई हरदयाल उरॉव, जे0जे0एम0पी0 का सक्रिय सदस्य था, जिसकी मृत्यु वर्ष 2019 में इन्काउंटर में हो गई थी। इसी बात की जानकारी लेने के लिए उसने जेजेएमपी सुप्रिमो पप्पू लोहरा के पास गया था इसके बाद उसने संगठन में विकास लोहारा के साथ रहने लगा।उक्त क्रियावादी सत्येन्द्र की उम्र करीब 27 वर्ष, पिता-रामपाल उरॉव, ग्राम-ईरगु, थाना-पांकी, जिला-पलामू का रहने वाला है इसके विरुद्ध दो मामले भी दर्ज हैं। सत्येन्द्र ने बाकी साथियों से मुख्य धारा से जुड़ने का अपील किया है। वहीं पुलिस अधीक्षक अंजनी अंजन ने कहा कि जिले में अन्य उग्रवादी संगठन जो सक्रिय हैं उन्हें भी अपने घर परिवार को देखते हुए आत्मसमर्पण कर समाज कि मुख्य धारा में जुड़कर विकास कार्यों में अपना योगदान देना चाहिए। मौके पर कई पुलिस अधिकारी उपस्थित थे।

## सिमरिया विधायक किशुन कुमार दास ने अपने प्रतिनिधियों के साथ एनटीपीसी मुख्य महाप्रबंधक से की मुलाकात



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा/टंडवा :** सिमरिया के विधायक किशुन कुमार दास ने एनटीपीसी के मुख्य महाप्रबंधक तेजेंद्र गुप्ता के साथ आज मुलाकात की है। इस मुलाकात के दौरान विधायक के प्रतिनिधियों का शिष्टमंडल भी मौजूद रहा। गौरतलब है कि एनटीपीसी प्रबंधन के द्वारा परियोजना परिक्षेत्र में जनता से जुड़ी समस्याओं के निपटारे को लेकर विधायक किशुन कुमार दास ने एनटीपीसी के मुख्य महाप्रबंधक से मुलाकात की है। गौरतलब है कि इस क्षेत्र में गर्मी का आहट शुरू हो जाते ही एक बार फिर टंडवा में पानी का संकट छाया हुआ है। विधायक श्री दास ने सभी गांव में पेय जल की सुविधा बहाल करने की मांग की है। इसके साथ ही सभी सड़कों पर समय-समय पर पानी का छिड़काव, स्थानीय लोगों को रोजगार देने सहित अन्य ज्वलंत मुद्दे को लेकर विधायक ने एनटीपीसी प्रबंधन के साथ बैठकर वार्ता की है। भारतीय जनता पार्टी का एक प्रतिनिधिमंडल टंडवा के प्रभावित क्षेत्रों में पेयजल की समस्या, हाइवा, ट्रक ट्रांसपोर्ट रोड में पानी का छिड़काव, सूर्य मंदिर में प्याऊ सेंटर का निर्माण कार्य, टंडवा में अंबेडकर पार्क, सहित स्थानीय को रोजगार आदि समस्याओ को लेकर मुख्य महाप्रबंधक से विस्तार पूर्वक बैठक में चर्चा हुई। मुख्य महाप्रबंधक एनटीपीसी तेजेंद्र गुप्ता ने बहुत जल्द सभी कार्यों के निष्पादन का भरोसा दिया है। प्रतिनिधिमंडल में भाजपा चतरा जिला महामंत्री मिथिलेश कुमार गुप्ता, जिला विधायक प्रतिनिधि अक्षयवट पांडे, महामंत्री विकास कुमार मालाकार, विधायक प्रतिनिधि शशि चौरसिया, प्रकाश पाठक, राजेंद्र सिंह, गणेश प्रसाद गुप्ता, ललित प्रसाद साहू आदि नेता उपस्थित थे।

## राज्य स्तरीय अनुश्रवण टीम ने प्रखंड क्षेत्र भ्रमण कर योजना का किया निरीक्षण



**सेन्हा-लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सेन्हा प्रखंड क्षेत्र का भ्रमण कर राज्य अनुश्रवण टीम ने विभिन्न योजनाओं का किया निरीक्षण योजना में त्रुटि पाए जाने पर संबंधित अधिकारी को सुधार का दिया निर्देश। सेन्हा प्रखंड क्षेत्र के भड़गांव पंचायत,मुर्की तोड़ार पंचायत तथा अरु पंचायत का राज्य अनुश्रवण टीम दौरा कर वर्ष 2022-23 एवं 2023 -24 सहित अन्य योजना का निरीक्षण किया। वही योजना निरीक्षण के दौरान त्रुटि पाए जाने पर सुधार करने का निर्देश दिया गया। साथ ही पारही क्षेत्र में जलछाजन मद्य से अर्धनिर्मित अमृत सरोवर का निरीक्षण कर अभिलंब पूर्ण करने का निर्देश दिया गया। जबकि कूप निर्माण में पारपेट पूर्ण नही होने तथा योजना पुराना होने पर नाराजगी जताते हुए पूर्ण करने का निर्देश दिया गया। वही आम बगवानी,डोभा प्रधानमंत्री आवास का भी अवलोकन क्षेत्र भ्रमण के दौरान किया गया। जानकारी के अनुसार बता दें कि राज्य अनुश्रवण टीम द्वारा दो टीमो में बंट कर अलग अलग योजना निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के पश्चात पंचायत भवन में अभिलेख का जांच किया गया। और पूर्व की अर्धनिर्मित योजना को पूर्ण करने हेतु समय दिया गया है। वही संचालित योजना को निधारित समय के अनुसार पूर्ण करवाने का भी निर्देश दिया गया। आम बागवानी में पौधा जहां सुख गया है। और घेरा बंदी नही होने पर अभिलेख का मांग किया गया है। राज्य स्तरीय अनुश्रवण टीम में प्रशाखा पदाधिकारी मुकेश कुमार मीडिया सह प्रशिक्षण पदाधिकारी कुमार सौरभ सहित जिला व प्रखंड पदाधिकारी एवं अधिकारी शामिल थे। योजना निरीक्षण के दौरान विभिन्न योजना में बारीकी से निर्मित अर्धनिर्मित योजना का जायजा लिया गया। इसके अलावे प्रखंड परिसर स्थित संचालित जे एस एल पी एस संस्था द्वारा स्कूल ड्रेस व स्वेटर सिलाई बुनाई केंद्र का भी अवलोकन किया गया। इस दरमियान निर्माण से लेकर ट्रांसपोटिंग का भी जायजा लिया गया। मौके पर बीडीओ अशोक कुमार चोपड़ा,बीपीओ निलेन्द्र कुमार,जेई संजीत कुमार सहित पंचायत सचिव रोजगार सेवक एवं प्रखंड व पंचायत कर्मी शामिल थे।

## विलुप्त होने के कगार पर दुनिया का सबसे पहला वैज्ञानिक कुम्हार

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पत्थलगड़ा :** अब न मिट्टी के खिलौने की मांग है ना भोज एवं शादी विवाह की दावतों में मिट्टी की कुल्हड़ की प्रचलन। लोग 3 दशक पहले किशोरावस्था में मिट्टी के बने भोंपू बजा कर आनन्द लेते थे।गुजरे जमाने में इतना आधुनिक तकनीकी कहां था। बच्चे पैसे जमा करने के लिए गुलक हुवा करता था। आज लोग स्मार्ट फोन पर डिजिटल गुलक में पैसे रखते है।दीपावली पर तो नाम मात्र के मिट्टी के दिये जलते है। कच्चे मकानों पर नकासीदार फूल, पतियां मिट्टी से छपवाते थे।लेकिन आज थपवाने के स्थान पर लोहे व स्टील के चादरों ने ले लिया है। ऐसे में कुम्हारों की रोजी रोटी का सहारा छीन गया। आधुनिकता ने इस वर्ग ने कला को निगल लिया है। इस कला का माहिर अब बुजुर्ग ही बस चाक और आवा से जुड़े है। युवा वर्ग ने रोजी -रोटी के लिए अन्य विकल्प अपना लिए है। ऐसे में यह कला अब विलुप्त होने के कगार पर है। कभी ऐसा भी हुवा करता था शादी विवाह या दावत के अन्य प्रयोजनों की सर्वप्रथम सूचना गांव के कुमार को दी जाती थी दिन रात एक कर कुल्हड़ बनाता था। मेलो में मिट्टी के खिलौनो की अच्छी बिक्री होती थी। कुम्हार को दिवाली का बेसब्री से इंतजार था। गांव में खपरैल मकान बनाने के लिए बराबर मांग बनी रहती थी। आधुनिकता ने मिट्टी के प्रत्येक बर्तन की मांग समाप्त कर दिया है आज भी इस पेशे से जुड़े पत्थलगड़ा निवासी प्रजापति कहते हैं कि यह तो बस शारदीय एवं चैत्र नवरात्रि पर ही कुछ कलसे, घड़े एवं अन्य बर्तन बिकते हैं कि सारे परिवार का गुजारा नामुमकिन कारण है। कहते है कि अब चाक के सहारे परिवार का गुजारा नामुमकिन है ।यही कारण है कि इस पुश्तैनी पेसे को युवा पीढ़ी छोड़ रहें है।

## उपायुक्त की अध्यक्षता में समर अभियान के तहत कुपोषण से निपटने के कार्यों की समीक्षा बैठक सम्पन्न



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा :** समाहरणालय स्थित उपायुक्त कार्यालय कक्ष में डीसी अबु इमरान की अध्यक्षता में समर अभियान के तहत कुपोषण से निपटने हेतु किये जा रहे कार्यों की समीक्षा बैठक की गई। बैठक में मुख्य रूप से झारखंड सरकार द्वारा राज्य में कुपोषण निवारण के लिए 1000 दिनों की अवधि के योजनाबद्ध महा-अभियान के तहत जिले में कुपोषण एवं अनीमिया से ग्रसित बच्चों और महिलाओं के उपचार हेतु किये जा रहे कार्यों की जानकारी दी गई।महिला, बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग के द्वारा स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग, ग्रामीण विकास विभाग, स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग, खाद्य सार्वजनिक वितरण एवं उपभोक्ता मामले विभाग, झारखण्ड, के सहयोग एवं समेकित प्रयास से राज्य में कुपोषण एवं अनीमिया उन्मूलन हेतु अगले 1000 दिनों में समयबद्ध समर अभियान के संचालन का निर्णय राज्य सरकार द्वारा लिया गया है। प्रथम चरण में इस अभियान की शुरुआत राज्य के पाँच जिलों में की जायेगी जिसमें चतरा जिला भी शामिल है। इस अभियान में मुख्यतः अति गंभीर कुपोषण से ग्रसित बच्चों, गंभीर अनीमिया से पीड़ित बच्चे, किशोरियों, युवतियाँ, धात्री एवं गर्भवती महिलाओं पर विशेष ध्यान दिया जायेगा। कुपोषण एवं अनीमिया की रोकथाम हेतु विभिन्न विभागों में संचालित ऐसे सभी कार्यक्रमों, जिनका कुपोषण एवं अनीमिया निवारण पर प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से प्रभाव होता है, उन्हें चिन्हित कर अभियान में जोड़ा जायेगा।

समर अभियान जिलावार गृह सर्वेक्षण की स्थिति विगत 03 माह में जिलावार गृह सर्वेक्षण में हुई प्रगति पर चतरा जिला कुल 24 प्रतिशत सर्वेक्षण की प्रगति हो पायी है जिसे उपायुक्त महोदय के द्वारा ससमय गृह सर्वेक्षण का कार्य पूर्ण करने का निदेश दिया गया है।जन्म से 05 वर्ष तक बच्चे विगत 03 माह में समर अभियान के अन्तर्गत सर्वेक्षण कार्य में कुपोषण उपचार केन्द्र में कार्यरत् सभी प्रखण्डों के आहार विशेज्ञ को सर्वेक्षण का कार्य का निदेश गया है ताकि कुपोषित बच्चों चिन्हित हो सके।0-5 वर्ष के अबतक चिन्हित कुपोषित बच्चों का फलोअप कार्य निर्धारत समय में पूर्ण करने का निदेश दिया गया इस निमित सभी आहार विशेज्ञ को फलोअप कार्य में तेजी लाने एवं ठीक हुए बच्चों की संस्था समर एप्प पर अपलोड करने तथा बच्चों का जॉच कार्य 100 प्रतिशत पूर्ण करने का निदेश दिया गया।स्वास्थ्य विभाग को निर्देशित किया गया कि सभी चिन्हित एनीमा मामलों पर अंकुश लगाने हेतु जॉच कैम्प आयोजित कर केन्द्रवार द्ब्ब्र टेबलेट / सीरप उपलब्ध कराने तथा नामांकित कुपोषित बच्चों को स्रूकिट अविलम्ब उपलब्ध कराने का निदेश दिया गया।

## आगामी कार्यक्रमों को लेकर जिला पड़हा कोर कमेटी की हुई बैठक



**लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** बृहस्पतिवार को जिला पड़हा कोर कमेटी सदस्यों का एमजी रोड झाखरा कुंबा लोहरदगा मे अरविंद उरांव सामाजिक कार्यकर्ता सह जिला पड़हा कोर कमेटी सदस्य की अध्यक्षता में बैठक हुई। जिसमें 28, 29, 30 अप्रैल को चीरी पतरा कुडू लोहरदगा में आयोजित विशू सेंदरा का सफल आयोजन के साथ-साथ कई बिंदुओं पर लिया गया महत्वपूर्ण निर्णय। फूलचंद उरांव जिला महासचिव आदिवासी छात्र संघ सह पड़हा कोर कमेटी सदस्य ने कहा कि सशक्त किया जाएगा पड़हा स्वशासन व्यवस्था को,कई महत्वपूर्ण नियमावली का किया जायेगा फरमान जारी कर प्रत्येक पड़हा राजाओं,पड़हा दीवानों को दी जाएगी जिम्मेवारी। पडहा स्वशासन व्यवस्था को सशक्त करने का दिया गया निर्देश बैठक में उपस्थित जिला पडहा कोर कमेटी सदस्य एवं गणमान्य सामाजिक अगुआ गन, अरविंद उरांव,सामाजिक कार्यकर्ता,सह जिला पड़हा कोर कमेटी सदस्य फूलचंद उरांव, जिला महासचिव आदिवासी छात्र संघ सह पडहा कोर कमेटी सदस्य लोहरदगा सोमे उरांव, केंद्रीय उपाध्यक्ष स.प.स, विजय उरांव, जिला पडहा वीरेंद्र भगत, जिला पड़हा दीवान संजू भगत, पडहा दिवान, जतरू उरांव, जिला पडहा लोहरदगा मतलू उरांव, बालकिशन उरांव, अमित उरांव, बिंदेश उरांव, एतवा उरांव, महेश उरांव इत्यादि उपस्थित थे।

## पंचायत समिति की बैठक में स्कूलो में वसूली को लेकर बीईओ को स्पष्टीकरण की मांग



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**प्रतापपुर :** मुख्यालय स्थित सभागार परिसर में पंचायत समिति की बैठक किया गया। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड प्रमुख स्मिता प्रकाश एवं संचालन प्रखंड विकास पदाधिकारी मुरली यादव ने किया। बैठक में उपप्रमुख कविता देवी, मंत्री प्रतिनिधी लवली देवी, सीओ जुल्फीकार अंसारी, चिकित्सा प्रभारी संजीव कुमार, सांसद प्रतिनिधी सतेन्द्र पासवान, सभी पंचायत समिति व विभाग के पदाधिकारी उपस्थित थे। स्वास्थ्य, कल्याण, वित्तीय, पीडीएस, शिक्षा, पेयजल, वन विभाग, आंगनबाडी, मनरेगा समेत सभी विभागो को बारी-बारी से समिक्षा किया गया। मौके पर बैठक में स्कूलो में अवैध वसूली को लेकर प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी पर स्पष्टीकरण निकाला गया है। स्वास्थ्य विभाग को निर्देशित किया गया की एएनएम को उपस्वास्थ्य केन्द्रो पर पदस्थापित करना, प्रखंड में अवैध संचालित नर्सिंग को संचालन में सहिया व ममता वाहन को समलित होने पर कारवाई व अवैध नर्सिंग होम को बंद कराने का प्रस्ताव लिया गया है।पीएचडी विभाग के जेई को अभियान चलाकर चपानल व जलमीनार मरम्मति कराने के कहा गया व प्रखंड में पेयजल सुविधा को बेहतर करने लिए प्रत्येक पंचायत में पांच बोरिंग कराने का प्रस्ताव को डीसी को भेजा जाएगा।कमिटी गठन कर आंगनबाड़ी जांच करने तथा यादवनगर टंडवा में वर्षो से निर्माणधीन पड़ा स्वास्थ्य केन्द्र को डीसी को प्रस्ताव भेजकर पूर्ण कराने की बात कहा गया है। बैठक में योजना अनुमोदन, मनरेगा, आंगनबाडी, वित्तीय, कल्याण विभाग व सरकार के द्वारा संचालित विकास योजना पर चर्चा किया गया है। प्रमुख नें बैठक में अनुपस्थित रहने वाले विभागो को डीसी की सूचना देकर कारवाई की मांग किया है। बैठक में पशुपालन पदाधिकारी संजीव ओझा, बीपीएम नीरज सिंह, आवास समन्वयक कुलदीप कुमार, वित्तीय समन्वयक राजकिशोर दबगर, पंचायत समिति सदस्य मुस्तफा खान, इस्तेयाक खान, मनोज यादव, पार्वती देवी, इन्दु देवी, चिंता देवी, अनिता देवी, कृण्णा यादव, मुखिया किशोर यादव, सुरेश राम, मनिष सिंह, पूनम कुमारी, काशिफ रजा, मोती पासवान समेत सभी समिति व पदाधिकारी मौजूद थे।

## हजरत अंजान शाह दाता का उर्स मुबारक के मौके पर अकीदतमंदों ने चादर पोशी कर मांगी दुआएं



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**महुआडांड़ :** प्रखंड अंतर्गत पंचायत परहाटोली के ग्राम नगरप्रतापुर में 26 अप्रैल को हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी बाबा हजरत अंजान शाह दाता के उर्स मुबारक के मौके पर फातिहा कुरान खानी मिलाद खानी लंगर खाने चादर पोशी आदि की गई। सबसे पहले हजरत अंजान शाह दाता के मजार पर बुधवार सुबह 8 बजे गुस्ल व चादर पोशी के साथ ही विभिन्न कार्यक्रम शुरू हो जायेगा। 8:30 मदरसे के तलबा और ओलमाओ के द्वारा कुरानखानी एवं 11 बजे मीलाद शरीफ का आयोजन किया गया। जिसमें ओलमाए एकराम के द्वारा हजरत अंजान शाह दाता के जीवनी के बारे में प्रकाश डाला गया। जिसके बाद से उस कमेटी के लोगों के द्वारा लंगर का एहतमाम कर लंगर खानी की गई और अनजान शाह दाता की मजार पर आए लोगों के बीच रात तक लंगर लुटाया गया। रात होती लोग हजारों की तादाद में अनजान शाह दाता की बारगाह में पहुंचे और अकीदत के साथ साथिया और चादर पोशी की साथ ही लोगों ने अपने लिए मन्नत भी मांगे। वहीं उर्स कमेटी के लोगों के द्वारा एवं उपस्थित ओलमाओ के द्वारा देश दुनिया राज्य में अमन व शांति के लिए दुआएं भी की गई। ऐसे तो अकीदतमंदों ने सुबह 11:00 बजे के बाद से ही साथिया एम चौधरपुर से प्रारंभ कर दिया था। वही दूसरी ओर दोपहर 2:00 बजे के बाद महुआडांड़ अंजुमन एवं उर्स कमेटी के लोगों के द्वारा उर्स का चादर घुमाया गया। जो जामा मस्जिद शुरू होकर अंम्बाटोली, गुरगुटोली, मुख्य बाजार थाना चौक शास्त्री चौक बस पड़ाव आजाद मार्केट डीपाटोली, रामपुर समेत पूरे महीना क्षेत्र में चादर को घुमाया गया इस दौरान लोगों ने चादर में सदका डाला चादर को बोसा लिया एवं अपने लिए दुआएं की और मन्नते भी मांगे। जिसके बाद यह अंजुमन का चादर हजरत अनजान शाह दाता के मजार पर पहुंचा जिसके बाद बड़े धूमधाम के साथ चादर चढ़ाया गया। इस दौरान हजरत अनजान शाह दाता के मजार पर हजारों की संख्या में अकीदतमंद उपस्थित हुए।

## उपायुक्त वाघमारे प्रसाद कृष्ण की अध्यक्षता में यूनिफाइड कमांड की हुई बैठक

**लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण की अध्यक्षता में यूनिफाईड कमाण्ड की बैठक समाहरणालय सभागार में हुई। बैठक में सीआरपीएफ कमाण्डेंट के द्वारा इस वित्तीय वर्ष में पेशरार स्थित नाला में गार्डवाल निर्माण का प्रस्ताव दिया गया जो स्वीकृत किया गया। सीआरपीएफ पिकेट में निर्माणधीन बाथरूम निर्माण का कार्य पूर्ण किये जाने का निदेश संबंधित कार्यान्वयन एजेंसी को दिया गया। ओनेगड़ा में पुल निर्माण के संबंध में संबंधित कार्यपालक अभियंता को तीन दिनों के अंदर अद्यतन प्रतिवेदन उपायुक्त के समक्ष प्रस्तुत किये जाने का निदेश दिया गया।

प्रभात मंत्र

रामगढ़/हजारीबाग

रांची, शुक्रवार, 28 अप्रैल 2023 | पेज 8

## संक्षिप्त खबरें

### 1 मई को होगा नुक्कड़ सभा



**बरही (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** विधानसभा समेत हजारीबाग लोकसभा के जनमुद्दों को लेकर संजय मेहता के बरही न्यू कॉलोनी स्थित आवास पर एक प्रेस कांफ्रेंस का आयोजन किया गया। प्रेस कांफ्रेंस को बरही विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी संजय मेहता एवं भुवनेश्वर यादव ने संयुक्त रूप से संबोधित किया। कांफ्रेस को संबोधित करते हुए संजय मेहता ने कहा कि बरही समेत हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र में जनमुद्दों को लेकर जनता के सवाल गौण हो गए हैं। बरही में विस्थापितों का मुद्दा हो, पानी, बिजली, सड़क, रोजगार की बात हो, हजारीबाग के पत्थर व्यवसायियों की समस्या हो, रामगढ़ में विस्थापितों की समस्या हो, बड़कागांव में विस्थापितों की समस्या की बात हो, मांडू में जन समस्याओं की बात हो हर जगह स्थानीय और मूलनिवासी ठगे जा रहे हैं। जमीनों का अधिग्रहण हो रहा है लेकिन स्थानीय लोगों को रोजगार में प्राथमिकता नहीं दी जा रही है। बरही विधानसभा और हजारीबाग लोकसभा के समस्याओं पर गौर करने से पूर्व एक बात और गौर करने वाली है कि इन दो स्तरों पर निर्वाचित प्रतिनिधि इस माटी के नहीं हैं। हालांकि यह समस्या झारखंड के कई निर्वाचन क्षेत्रों की है। चूंकि हम बरही की माटी से संबंध रखते हैं इसलिए हम इस माटी से आवाज बुलंद करेंगे। यहाँ नब्बे के दशक से लंबे वक्त तक वैसे लोगों का कब्जा कायम है जिनका इस माटी से भावनात्मक लगाव नहीं है। इसका प्रतिबिंब उनकी कार्यशैली में दिखाई देता है। इस कारण बरही विधानसभा समेत हजारीबाग लोकसभा में जनता के सवाल और मुद्दे हाशिए पर चले गए हैं। जिससे हमारी पीढ़ियाँ पिछड़ रही है। हमारे माटी में हमारे साथ ही राजनीतिक प्रतिनिधित्व में हकमारी हो रही है। इस हकमारी से माटी के लोगों के भीतर नेतृत्व का कौशल नहीं पनप पा रहा है। इस कारण एक बड़ी आबादी पिछड़ेपन का शिकार हो रही है। शिक्षा जैसे मसले पर इनका ध्यान नहीं है। आजादी के सात दशक और झारखंड निर्माण के दो दशक से अधिक हो गए हैं। लेकिन अब तक बरही में बेटियों-बहनों के पढ़ने का एक महिला कॉलेज तक नहीं है। राजनीतिक उदासीनता के कारण हम अपनी पीढ़ियों को बेहतर शैक्षणिक वातावरण नहीं दे पा रहे हैं। इससे हमारी पीढ़ियाँ बर्बाद हो रही है। सिर्फ धर्म, सम्प्रदाय की राजनीति को आधार बनाकर समाज को दिग्भ्रमित किया जा रहा है। ऐसे में चुप नहीं बैठा जा सकता है। हम इन सवालों को लेकर जनता के बीच जाएंगे। हम जनता के हर सवाल और मुद्दे को उठाएंगे। उन्होंने कहा कि पूरे झारखण्ड में स्थानीय मसलों पर आंदोलन चल रहा है लेकिन स्थानीय मुद्दे बरही के राजनीतिक विमर्श का हिस्सा नहीं है। यहाँ स्थानीय मसलों पर कोई बात नहीं कर रहा है। यहाँ सिर्फ जाति - सम्प्रदाय के आधार पर राजनीति हो रही है। ऐसे में एक जागरूकता की जरूरत है। हम जनता को जागरूक करेंगे।

### उप विकास आयुक्त की अध्यक्षता में हुआ जिला टीबी फोरम की बैठक



**रामगढ़ (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** गुरुवार को समाहरणालय सभा कक्ष में उप विकास आयुक्त रामगढ़ नागेंद्र कुमार सिन्हा की अध्यक्षता में राष्ट्रीय यक्ष्मा उन्मूलन कार्यक्रम से संबंधित टी0बी0 फोरम की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के दौरान सर्वप्रथम डीपीसी श्री आशीष आईंद के द्वारा पीपीटी के माध्यम से उपस्थित सभी को विस्तार से जानकारी दी गई तत्पश्चात श्री सिन्हा ने उपस्थित सभी प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारियों को ज्यादा से ज्यादा लोगों की जांच करने का निर्देश दिया। साथ ही उन्होंने इलाजरत मरीजों की नियमित रूप से निगरानी करने का भी निर्देश दिया। बैठक के दौरान श्री सिन्हा ने जिला यक्ष्मा पदाधिकारी डॉ0 स्वराज को प्रशिक्षण रोस्टर तैयार करते हुए टी0बी0 से जुड़े सभी सरकारी एवं गैर सरकारी स्वास्थ्य कर्मियों को टी0बी0 से संबंधित प्रशिक्षण देने का निर्देश दिया। वहीं उन्होंने टी0बी0 से ठीक हुए मरीजों को भी प्रशिक्षित कर उन्हें आई कार्ड निर्गत करने का निर्देश दिया जिससे वे टी0बी0 से जूझ रहे मरीजों की सहायता करने में समर्थ हो। बैठक के दौरान श्री सिन्हा ने टी0बी0 के कारण हुए लोगों की मृत्यु पर घोर चिंता व्यक्त किया साथ ही मृतकों की संख्या कम करने हेतु टी0बी0 उन्मूलन अभियान से जुड़े सभी लोगों को टी0बी0 मरीजों की नियमित रूप से निगरानी करने एवं ज्यादा से ज्यादा प्रचार प्रसार कर लोगों को टी0बी0 के प्रति जागरूक करने का निर्देश दिया। बैठक के दौरान सिविल सर्जन रामगढ़ डॉ प्रभात कुमार, जिला यक्ष्मा पदाधिकारी डॉ स्वराज, पिरामल स्वास्थ्य से अजय नारायण दुबे, अर्पिता, सभी प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारीयों सहित अन्य उपस्थित थे।

# उपायुक्त की अध्यक्षता में विभिन्न परियोजनाओं की समीक्षा बैठक




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** आधारभूत संरचना एवं विभिन्न परियोजनाओं के तहत वृहस्पतिवार को उपायुक्त रामगढ़ माधवी मिश्रा की अध्यक्षता में समाहरणालय सभाकक्ष में समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के दौरान उपायुक्त ने बरलांगा कसमार सड़क निर्माण के तहत हो रहे कार्यों की समीक्षा के क्रम में कार्य प्रगति की जानकारी लेने के उपरांत शत प्रतिशत मुआवजे का भुगतान सुनिश्चित करने के संबंध में योजनाबद्ध तरीके से कार्य करने का निर्देश दिया। वहीं उन्होंने सांडी-रजरप्पा मार्ग में बाकी बचे कार्य को जल्द से जल्द पूर्ण करने का निर्देश दिया। बैठक के दौरान उपायुक्त ने जुडको, पथ निर्माण विभाग, पीवीयूएनएल, टिस्को, सीसीएल सहित अन्य परियोजनाओं के अधिकारियों से उनके द्वारा किए जा रहे कार्यों की समीक्षा करते हुए एफआरए, एनओसी, जमीन अधिग्रहण सहित लंबित मामलों की जानकारी लेने के उपरांत जल्द से जल्द कार्रवाई करते हुए उनके निष्पादन के संबंध में संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। उपायुक्त ने विभिन्न परियोजनाओं में अधिग्रहित किए गए जमीन के लंबित मुआवजे के भुगतान की समीक्षा करते हुए जल्द से जल्द मुआवजा भुगतान करने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने अंचलवार अंचल अधिकारियों से उनके उनके क्षेत्रों में चल रही परियोजनाओं में भूमि सहित अन्य मामलों के तहत हो कार्यों की जानकारी लेने के उपरांत मामलो पर कार्रवाई करते हुए ससमय उनका निष्पादन करने का निर्देश दिया। समीक्षा के क्रम में उपायुक्त ने सभी परियोजनाओं के अधिकारियों को किए जा रहे कार्यो के दौरान आने वाली समस्याओं से जिला प्रशासन को नियमित रूप से अवगत कराने का निर्देश दिया। बैठक के दौरान वन प्रमंडल पदाधिकारी, अपर समाहर्ता, भूमि सुधार उप समाहर्ता, भू अर्जन पदाधिकारी, विभिन्न परियोजनाओं के महाप्रबंधक, जिला स्तरीय अधिकारियों, अंचल अधिकारियों सहित अन्य उपस्थित थे।

## हेसला झारखंड इस्पात के समक्ष मुख्य सड़क पर 71 घंटों से भारी वाहन कतार में खड़े

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिरका :** नईसराय-अरगड्डा मुख्य सड़क स्थित हेसला झारखंड इस्पात प्राईवेट लिमिटेड फैक्ट्री में प्रवेश करने वाले कोयला व स्पंच लदे ट्रकों के कतार 71 घंटे बीत जाने के बाद भी मुख्य सड़क को इससे निजात नहीं मिल पाई हैं। बताया जाता है कि बीते सोमवार संध्या 7 बजे से यह सिलसिला आरंभ हुआ था, जो गुरुवार 6 बजे तक ट्रकों की लंबी लाइन लगी हुई थी। इससे मुख्य सड़क पर गजरने वाले आम जनता, यात्रियों को खासा मुश्किल का सामना करना पड़ रहा था। वाहन चालकों को वाहन चलाने में भी विशेष सावधानी बरतनी पड़ रही थी। इसे लेकर आदिवासी जनपरिषद जिला रामगढ़ अध्यक्ष हीरालाल बेदिया ने कहां कि फैक्ट्री प्रबंधन क्षमता से ज्यादा कोयला, स्पंच भारी वाहनों में मंगा लेते है, लेकिन फैक्ट्री में व्यवस्था अच्छी नहीं होने के कारण मुख्य सड़क पर ट्रकों के खड़े होने से जाम की स्थिति उत्पन्न हो जाती हैं।

## एक दिवसीय हनुमान यज्ञ को लेकर महिलाओं ने निकाली कलश यात्रा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**सिरका :** नगर परिषद अरगड्डा वार्ड 13 के झोपड़ी बस्ती में गुरुवार को श्री श्री हनुमान एक दिवसीय यज्ञ का आयोजन किया गया। इससे पूर्व 151 महिलाओं, युवतियों ने कलश यात्रा निकाली। जो अरगड्डा नोनाहीटाड़ दामोदर घाट से कलश में जलभर कर वापस यज्ञ स्थल लौटा। यज्ञ में मुख्य रूप से श्रमिक नेता सुशील कुमार सिन्हा, पूर्व मुखिया दिवाकर प्रसाद सिंह उपस्थित हुए। यज्ञ पुजारी जीपी कैंप के शिव कुमार झा, सहयोगी विपिन दुबे थे। जबकि यजमान के रुप में पांच जोड़ी उमेश भुईयां, रुबी देवी, संजय भुईयां, रीना देवी, सुरज भुईयां, मुनीता देवी, राजन भुईयां, रुबी देवी, गोपी भुईयां, संजू देवी शामिल रहे। कलश भ्रमण यात्रा में भक्तों ने गैरवा और पीले रंग के परिधान पहन रखे थे। हाथों में धर्म की ध्वजा थामें जय श्री राम, जय हनुमान, हर हर महादेव के नारों से पूरा नगर क्षेत्र गुंजामय बन उठा। यज्ञ समिति के भक्तों ने बताया कि क्षेत्र में सुख, शांति और समृद्धि बनाए रखने के लिए यज्ञ अनुष्ठान किया गया हैं। जो आज 28 अप्रैल भंडारे आयोजन के साथ संपन्न होगा। मौके पर राजेन्द्र नायक, रतन लाल ऋषि, नारायण भुइयां, रंजीत भुईयां, रंजन भुईयां, दिनेश नायक, मनबाबु नायक, गोपी भुईयां, छोटे भुईयां, आशीष कुमार, दिपक भुईयां, दीपू कुमार, रवि हांसदा, लक्की कुमार, बादल कुमार, कुणाल कुमार, रौनक कुमार, अरुण कुमार, सकक्षम कुमार,सागर कुमार, देव कुमार ऋषी, शिवा नायक , मनीष कुमार, रॉकी कुमार ,अगत कुमार, जैकी भुईयाँ, अजय कुमार, राहुल कुमार, विवेक कुमार, करन कुमार समेत दर्जनों महिला, पुरुष, युवा भक्तजन उपस्थित थे।

## विष्णुगढ़-बनासो के बारह लोगो पर बिजली चोरी की प्राथमिकी दर्ज की गई

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विष्णुगढ़ :** विष्णुगढ़ प्रखंड के बनासो में बुधवार को बिजली चोरी के विरुद्ध छापेमारी अभियान चलाया गया।जिसमे निगम के उच्चाधिकारियों के निर्देशानुसार बिजली ऊर्जा की चोरी के विरुद्ध एक छापेमारी दल का गठन किया गया।इस दौरान छापेमारी में व्यक्ति अवैध बिजली बिल की राशि बकाया एवं अवैध रूप से बिजली का उपयोग करते हुए पकड़े गए। जिसमें सभी बकायादारो एवं अवैध रूप से बिजली का उपयोग कर रहे हैं लोगों का बिजली कनेक्शन डिस्कनेक्ट कर दिया गया है।वही इस छापेमारी दल में कनीय अभियंता जेई मुर्मू के अलावे अमित अनुज मिंज,संतोष कुमार पटेल,राकेश कुमार,गिरधारी महतो,प्रकाश महतो,राजू महतो, बालेश्वर महतो,विद्युत कर्मी शामिल थे।जिसमे बारह लोग जो सभी बनासो के है ,जो इस प्रकार है,धानी महतो पिता स्व0 हेमलाल महतो, गुरुचरण महतो पिता हेमलाल महतो, आरती शर्मा पति जयदेव शर्मा, संतोष कुमार पिता वासदेव कुमार, नरेश पासवान पिता स्व0टिको पासवान, अरुण राज मेहता पिता जय नारायण महतो, खेलोचंद महतो पिता टिको महतो, दीपक साव पिता स्व0 टेकन साव, उमाशंकर पिता जितेंद्र महतो, मिभीलंश कुमार पांडेय पिता सुधीरचंद्र पांडेय, कृष्णा साव पिता डेगलाल साव, विजय कुमार पांडेय पिता रामेश्वर पांडेय आदि सभी के खिलाफ बिष्णुगढ़ थाने में प्राथमिकी दर्ज की गई है।

## पतरातू झारखंड ग्रामीण मजदूर सभा का एक दिवसीय धरना प्रदर्शन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**पतरातू :** झारखंड ग्रामीण मजदूर सभा(झामस) द्वारा प्रखंड कार्यालय सह अंचल कार्यालय परिसर में एक दिवसीय धरना प्रदर्शन दिया गया।धरना प्रदर्शन के बाद 23 सूत्री मांग पत्र महामहिम राष्ट्रपति के नाम अंचल अधिकारी को ज्ञापन सौंपा गया है। ज्ञापन में दलित आदिवासी गरीब मजदूरों की रोजी-रोटी मजदूरी आवास पेंशन की गारंटी भूमिहीनों को मुकम्मल सर्वे के आधार पर नया आवास कानून बनाने,हाउसिंग राइट को मौलिक अधिकार का दर्जा देने, उज्जवल गैस की शुरुआती कीमत पर रसोई गैस की आपूर्ति,सुखाड़ एवं फसल बीमा राशि अविलंब भुगतान करने और जाति प्रमाण-पत्र आवासीय प्रमाण-पत्र और आय प्रमाण-पत्र समय के अंदर निर्गत करने सहित विभिन्न मांगों पर सकारात्मक करवाई करने कि मांग की गई है। धरना प्रदर्शन में अध्यक्ष नरेश बड़ाईक, प्रेमसागर महतो, अमल कुमार घोषाल,नीता बेदिया, ऐपवा देवी,नागेश्वर मुंडा, मनोज मांझी,सोहन बेदिया, राजेंद्र राम, धनीराम प्रजापति, शंकर बेदिया, उमेश बेदिया,किशोर कुमार, तुलेश्वर बेदिया रामेश्वर बेदिया, प्रभु महतो,जगन बेदिया आदि के साथ सैकड़ों कार्यकर्ता शामिल थे।

# हजारीबाग के दो पत्रकारों को शहर के लोगों ने दी श्रद्धांजलि

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**हजारीबाग :** हजारीबाग के दो निर्भीक और निष्पक्ष पत्रकारिता के सशक्त हस्ताक्षर रहे स्व.टी.पी.सिंह और स्व.शाद्वल कुमार का गुरुवार को शहर के गणमान्य लोगों और मीडियाकर्मियों ने श्रद्धांजलि दिया गया। दोनों का असामयिक निधन कोरोना काल में अप्रैल माह में हुआ था। हजारीबाग शहर के अन्नदा चौक स्थित प्रभु निवास मार्केट में झारखंड जर्नलिस्ट एसोसिएशन, हजारीबाग इकाई और भैया अभिमन्यु प्रसाद के संयुक्त रूप से पुण्यतिथि- सह- श्रद्धांजली सभा का आयोजन किया था। सभा में जिले के प्रशासनिक अधिकारी, जनप्रतिनिधि, राजनीतिक दलों के लोग, समाजसेवी, पत्रकार, व्यवसाई, अधिवक्ता, शिक्षक सहित अन्य प्रबुद्धजन बड़ी संख्या में जुटे। दोनों दिवंगत पत्रकारों की तस्वीर पर पुष्पार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित कर याद किया । मौके पर मौजूद हजारीबाग के पुलिस अधीक्षक चोथे मनोज रतन ने कहा कि करीब 11 साल पहले जब मैं हजारीबाग आया था तो उस वक्त पहली बार हजारीबाग के तत्कालीन पुलिस अधीक्षक पंकज कंबोज के कार्यालय कक्ष में टी.पी. सिंह से पहली मुलाकात हुई थी। मैंने अपनी पहली मुलाकात के दौरान उनसे हुई बातचीत में ही यह भांप लिया था कि टी.पी. सिंह विलक्षण प्रतिभा के धनी है और बेखौफ होकर इमानदारी पूर्वक पत्रकारिता करते हैं। फिर बाद में मैं लोहरदगा, रांची और धनबाद जिले में रहा। इस दौरान उनसे फेसबुक से जुड़ा रहा और उनकी कार्यशैली को देखकर गर्व होता था कि वर्तमान समाज में भी कलम के सिपाही सोए नहीं है। एसपी मनोज रतन ने पत्रकार स्व शाद्वल कुमार के व्यवहार कुशलता की भी प्रशंसा की और आने वाले भविष्य में हजारीबाग के पत्रकारों से आग्रह किया कि इनके पद चिन्हों पर चलकर आप इनके सपने को साकार करें। उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि प्रेषित करें। हजारीबाग के पूर्व सांसद भुवनेश्वर प्रसाद मेहता ने कहा कि दोनों दिवंगत पत्रकार भाई और मित्र जैसे थे, और हमसे दोनों का घनिष्ठता रही है । दोनों अन्याय और दुराचारियों के खिलाफ़ मुखर पत्रकारिता के माध्यम से ऐसी विरोध जताते थे कि गलत करनेवालों में खौफ था। भुनेश्वर प्रसाद मेहता ने स्व टीपी सिंह की मौत को अस्वाभाविक बताते हुए इसपर रहस्य बरकरार रहने की बात कही।

## कोल्हापुर में चौथी मंजिल से शाहनवाज की काम के दौरान गिरने से मौत

**विष्णुगढ़ (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** विष्णुगढ़ के प्रवासी मजदूरों की मौत का सिलसिला थमने का नाम नही ले रहा ।इसी कड़ी में गाल्होबार के प्रवासी मजदूर की मौत खबर आई। बताया जाता है कि विष्णुगढ़ प्रखंड के प्रवासी मजदूर की मौत महाराष्ट्र के कोल्हापुर में बिल्डिंग से गिरने से हो गई।बिष्णुगढ थाना क्षेत्र के अंतर्गत गाल्होवार निवासी जाकिर अंसारी के 20 वर्षीय पुत्र शाहनवाज वारसी उर्फ चुक्की की महाराष्ट्र के कोल्हापुर की बुधवार शाम को काम करने के दौरान चार मंजिले बिल्डिंग के बालकनी से गिरने से गंभीर रूप से घायल हो गया।अस्पताल ले जाने के दौरान रास्ते में मौत हो गयी।मौत की सूचना मिलते ही परिजनो का रो रोककर बुरा हाल है।वह टाइल्स-मार्बल मिस्त्री के रूप में कार्यरत था। वहीं इस दुखद घटना को लेकर प्रवासी हित में कार्य करनेवाले सिकन्दर अली ने कहा कि हमारे झारखंड के हजारीबाग,गिरीडीह,बोकारो जिले के अधिकतर लोग पलायन कर चुके हैं और अधिकतर मजदूर विदेशों में काम करते हैं और प्रवासी मजदूरों की मौते लगातार हो रही हैं।जो एक बडी चिंता का विषय हैं।इसलिए मैं झारखंड सरकार से आग्रह करना चाहूँगा कि मृतक परिवारों को कंपनी के साथ-साथ सरकार की ओर से उचित सहयोग राशि दी जाय ।

## भारत विकास परिषद ने शादी में किया सहयोग

**रामगढ़ (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** रामगढ़ जिले के मरार बस्ती निवासी एक बिटिया के शादी में भारत विकास परिषद रामगढ़ शाखा के सदस्यों के सकारात्मक एवं सराहनीय प्रयास से जरूरतमंद बिटिया को उपहार स्वरूप ड्रेसिंग टेबल सेंट्रल टेबल कुर्सी एवं अन्य कई सामग्री देकर बिटिया की शादी में उपहार स्वरूप सहयोग किया गया है। भारत विकास परिषद रामगढ़ शाखा के पूर्व अध्यक्ष गोविंद मेवाड़ जी के व्यवसायिक प्रतिष्ठान में एक सादे समारोह को आयोजित कर जरूरतमंद बिटिया की शादी में भारत विकास परिषद के सभी सदस्यों के अथक प्रयास से कई उपहार बिटिया के शादी में सहयोग किया गया है इस अवसर पर अध्यक्ष अमित साहू ने कहा कि यह सहयोग का सिलसिला यूं ही निरंतर जारी रहेगा और आगे भी कायम रहेगा। पूर्व अध्यक्ष गोविंद मेवाड़ ने कहा कि भारत विकास परिषद लगातार इस प्रकार के सहयोग में अपना अग्रणी भूमिका निभाता है और इस बार भी भारत विकास परिषद रामगढ़ शाखा के सानिध्य में चतुर्थ सामूहिक विवाह समारोह कराने पर विचार विमर्श किया जा रहा है।ताकि जरूरतमंद बिटिया का शादी धूम धाम से हो सके। इस अवसर पर भारत विकास परिषद के सचिव डॉ अलोक रतन चौधरी उपाध्यक्ष प्रदीप कुमार शर्मा, अनिल गोयल कोषाध्यक्ष रामप्रवेश गुप्ता समेत कई अन्य सदस्य भी मौजूद थे।

## झारखंड मजदूर किसान समिति भाकपा माले ने प्रखण्ड मुख्यालय में दिया धरना

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**विष्णुगढ़ :** विष्णुगढ़ प्रखण्ड मुख्यालय के धरना स्थल में आज भाकपा माले किसान संगठन,झारखण्ड मजदूर किसान समिति ने देशव्यापी धरना कार्यक्रम के तहत एकदिवसीय धरना देकर दस सूत्री माँगो की सूची प्रखंड विकास पदाधिकारी संजय कुमार कोंगारी को सौपा । धरना कार्यक्रम की अध्यक्षता घनश्याम पाठक ने तथा संचालन सचिव दुलारचंद प्रसाद ने की । धरने के माध्यम से लिखित रूप में हाउसिंग राइट को मौलिक अधिकार का दर्जा देने के साथ किसानों पर हो रही बुलडोजर की कार्यवाई को रोकने की बात कही गई।भूमिहीनों को मुकम्मल सर्वे कर नया वास-आवास कानून की माँग की ।मनरेगा की मजदूरी को बढ़ाते हुए 600 के साथ मोदी सरकार डिजिटल हाजिरी का निर्णय वापस लेने की बात कही,। दलित-आदिवासीयों को 200 यूनिट मुफ्त बिजली केंद्र एवं राज्य सरकार मिलकर करें । आदिवासियों,दलित गरीबों को 3000 हजार मासिक पेंशन की गारंटी दे। उज्जवला गैस की शुरुआती कीमत पर गरीबो को सरकार गैस दे। शिक्षा के निजीकरण पर रोक हो । राज्य सरकार सुखाड़ राहत योजना के तहत जिन किसानों को राशि का भुगतान नही हुआ है, उनका अविलंब भुगतान करें सरकार। किसानों को कृषि ऋण जिन किसानों को नही मिला है,उनको लाभ मिले। राज्य सरकार कृषि निधि का पैसा किसानों के खाते में सिडिंग कराकर लाभ दिया जाय। किसानों को जमीन से सम्बंधित दाखिल खारिज ,रशिद निर्गत,खाता प्लॉट सुधार की समस्याओं का तत्काल निदान की सुविधा मिले ।सिंचाई की व्यवस्थाओं को दुरुस्त किया जाय ।इस मौके पर मुख्य रूप से भोला सिंह,बसुदेव मंडल, दुलारचंद प्रसाद,भिखो भुइयाँ,अशोक कुमार साहू,बांकेलाल कुमार,इंद्रमणि गोप, भुनेश्वर यादव,जयराम सिंह,टिंकू कुमार,रामदास सिंह,कार्तिक सिंह,बदरी यादव समेत दर्जनों कार्यकर्ता शामिल रहे ।

## राजस्व भवन व पुस्तकालय भवन के सामने गंदे नाली के पानी का जमाव

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**बड़कागांव :** टैक्सी स्टैण्ड बड़कागांव के निकट दाता बाबा मजार के पास राजस्व भवन तथा बड़कागांव पुस्तकालय भवन के सामने नाली में गंदे पानी का जमाव हो रहा है। किसी भी स्थानीय जनप्रतिनिधि या प्रशासनिक पदाधिकारीयों का ध्यान इस ओर नहीं है। जल जमाव कि समस्या से निजात पाने के लिए स्थानीय विधायक के द्वारा 12 दिसम्बर 2022 को नाली निर्माण कार्य का शिलान्यास किया गया था, जिसका शिलापट्ट राजस्व भवन के सामने लगा था लेकिन उसे भी किसी ने उखाड दिया गया है। नाली निर्माण कार्य टैक्सी स्टैण्ड से लेकर राजस्व भवन तक किया गया। नाली के गंदा पानी के जमाव से राजस्व भवन व पुस्तकालय भवन में जाने वाले लोगों को काफी परेशानी हो रही है। गंदा पानी के जमा होने से कई प्रकार के बिमारियों का भी खतरा उत्पन्न हो रहा है। आसपास घरों व राहगीरों को बदबू का सामना करना पड़ रहा है। इस समस्या को लेकर बड़कागांव पश्चिमी मुखिया रंजीत कुमार महतो से पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि नाली निर्माण कुछ ही दूर हुआ है और आगे तक नाली निर्माण के लिए डीएमएफटी फंड से निर्माण के लिए लिख कर दिया गया है। जिला से जैसे ही नाली निर्माण कार्य का स्वीकृति प्रदान होगी, पुनः नाली निर्माण कार्य शुरू किया जाएगा।

## सुरक्षा इंस्पेक्टर ने अरगड्डा कॉलोनी क्षेत्र का भ्रमण कर किया निरीक्षण

**सिरका(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** सीसीएल अरगड्डा जीएम आंफिस यूनिट के नव सुरक्षा इंस्पेक्टर राजू राम ने गुरुवार को अरगड्डा के सुभाष नगर, चेक पोस्ट, चाड़ी मोहल्ला, बाजार, रोलर चौक समेत सिरका कॉलोनी क्षेत्रों का भ्रमण कर निरीक्षण किया। इसके बाद परियोजना कार्यालय सिरका सुरक्षा ऑफिस पहुंचे। बताया गया कि क्षेत्र की जानकारी और विधि व्यवस्था किस प्रकार हैं, उसे जाना गया। मौके पर जीएम ऑफिस इंस्पेक्टर राजू राम, सुरक्षा सिरका प्रभारी देवनाथ महतो, प्रहरी आतिश आदि मौजूद थे।

प्रभात मंत्र प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक रेशमा खान द्वारा खबर-एक्सप्रेस प्रा0 लि0 3 व 4, ओपोजिट मॉरिश फूड कोकर इन्डसट्रियल एरिया, कोकर, रांची से मुद्रित कर कार्यालय प्रभात मंत्र राईन मार्केट पहला तल्ला, उर्दू लाइब्रेरी, मेन रोड रांची से प्रकाशित, संपादकीय कार्यालय-2बी दूसरा तल्ला, अनवर अरकेड, विश्वकर्मा मंदिर लेन , मेन रोड, रांची। संपादक : रवींद्र कुमार उपाध्याय*। *पीआरबी एक्ट के तहत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। मो0 न0 7004121786, 06513571957

## चोरों ने महिला के गले से झपटा चैन, थाना में हुआ शिकायत दर्ज

**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सरायढेला थाना क्षेत्र के कृष्णा नगर में एक बार फिर चोरों ने चेन छिनतई लकी घटना को अंजाम दिया। पौस इलाकों में अपराधियों ने एक बार फिर अपनी सरगर्मी बढ़ा दि है। चोरों और लुटेरों का मनोबल आसमान छू रहा है। गुरुवार की सुबह सरायढेला के कृष्णा नगर मे बाइक सवार दो अपराधियों ने एक महिला के गले से सोने का चेन छीनकर फरार हो गए। पीड़ित महिला ने बताया कि वह बाजार से सामान लेकर घर लौट रही थी। इसी दौरान बाइक पर सवार दो अपराधियों ने उसके गले से सोने का चेन झपट कर फरार हो गए। अपराधी सफेद कलर के अपाची मोटरसाइकिल से आए और गले से चेन झपट कर भाग गए। हो हल्ला करने के बाद अपराधी काफी तेजी से निकल भागे। दोनों अपराधी में से एक नकाबपोश था दूसरा हेलमेट पहना था। महिला ने सरायढेला थाना में चैन छीनतई को लेकर लिखित शिकायत दर्ज कराया है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

## नई एसोसिएशन ने की गांधी मैदान में बैठक

**जामताड़ा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** स्थानीय गांधी मैदान में नाई एसोसिएशन की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता परेश भंडारी ने की। इस दौरान नाइ संघ की मजबूती सहित विभिन्न बिंदुओं पर विस्तार पूर्वक चर्चा की गई। बैठक के बाद जानकारी देते हुए अभिजीत भंडारी ने बताया कि बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया है कि शनिवार को सभी सैलून संचालक अपने-अपने दुकानों को बंद रखेंगे यही नहीं अगर कोई सैलून संचालक दुकान खोलते हैं तो उन पर ?500 तथा ?1000 का जुर्माना लगाया जाएगा। बताया कि ऐसा करने के साथ-साथ नियमित रूप से संघ की बैठक करने का भी निर्णय लिया गया है ताकि संगठन को मजबूत किया जा सके। साथ ही नाई जाति को एससी का दर्जा देने के लिए मुख्यमंत्री को मांग पत्र सौंपने तथा राज्य स्तरीय बैठक जो बोकारो में प्रस्तावित है उसमें प्रतिनिधि भेजने पर भी चर्चा की गई। इस दौरान नाई समाज के लोगों ने अपनी मांगों के समर्थन में जमकर नारेबाजी भी की। मौके पर शंकर भंडारी, राजेश भंडारी, दीपक भंडारी, संजय भंडारी सहित काफी संख्या नाई समाज के लोग मौजूद थे।

## पथ के निर्माण कार्य का हुआ शिलान्यास

**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता):** पुराना बाजार पानी टंकी से टेम्पल रोड होते हुए रेलवे फाटक पुराना बाजार तक लगभग 2.5 किलोमीटर कालिकृत पथ के निर्माण कार्य का शिलान्यास सांसद पशुपतिनाथ सिंह की गरिमामयी उपस्थित में धनबाद विधायक राज सिन्हा के द्वारा किया गया। मौके पर ज्ञान देव अग्रवाल, मोहन ग्रोवर, सईद आलम, नौशाद आलम, अजय नारायण लाल, श्रीकांत अग्रवाल, विक्रम अग्रवाल, राजीव अग्रवाल, संजय साउगी, पवन सोनी, खुर्शीद आलम, विकाश चतुर्वेदी, अजित ठाकुर, मौसम सिंह, नीतिन भट्ट, निर्मल प्रधान, रिंकू सिंह, प्रीतपाल सिंह, उमेश सिंह, अरुण सिंह आदि लोग उपस्थित थे।

## पोषण ट्रैकर एप्लिकेशन पर आंगनबाड़ी सेविकाओं को दिया प्रशिक्षण

**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता):** जिला समाज कल्याण पदाधिकारी स्नेह कश्यप के निर्देश पर आज बाल विकास परियोजना गोविंदपुर में आंगनबाड़ी सेविकाओं को पोषण ट्रैकर एप्लिकेशन का प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण के दौरान राज्य समन्वयक झारखंड, डिजिटल इंडिया कॉर्पोरेशन के बबलू कुमार ने गोविंदपुर के सभी सेक्टर से आये आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को पोषण ट्रैकर एप्लीकेशन में विभिन्न विषयों पर डाटा प्रविष्टि करने का प्रशिक्षण दिया। प्रशिक्षण लेने के बाद आंगनवाड़ी सेविकाओं ने बताया कि उन्हें प्रशिक्षण से बहुत कुछ सीखने को मिला है। अब वें बेहतर तरीके से डाटा प्रविष्टि कर पाएंगे। इस मौके पर गोविंदपुर की सीडीपीओ अल्पना कुमारी सहित बड़ी संख्या में आंगनबाड़ी सेविकाएं मौजूद रही।

## संडे को होली डे लागू करने की मांग को लेकर कार्य बहिष्कार

**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता):** न्यू आकाशकिनारी कोलियरी ओसीपी के जनता मजदूर संघ के श्रमिकों ने संडे-होली डे पूर्व की तरह लागू करने की मांग को लेकर कार्य बहिष्कार किया। संघ नेताओ ने कहा कि पूर्व में आंदोलन के बाद प्रबंधन संडे-होलीडे समान रूप से दे रही थी लेकिन 23 अप्रैल को संडे ड्यूटी में प्रबंधन ने वादाखिलाफी की। जिसके तहत संघ ने संडे ड्यूटी का बहिष्कार कर संघ के महामंत्री सिद्धार्थ गौतम से मिलकर समस्या को रखा। इसके बाद महामंत्री ने गोविंदपुर क्षेत्र के महाप्रबंधक से दूरभाष पर बात कर संघ के साथ जो लिखित समझौता हुआ है, उसको अमल करने की मांग की। जिस पर जीएम ने आने वाले दिनों में पहले की तरह संडे-होलीडे को लागू करने की बात कही। मौके पर जय नारायण सिंह, चंद्रिका प्रसाद सिंह, किरण कुमार पांडे, बलदेव योगी, मुकुल सिंह, शक्ति दसौंधी, कैलाश भुइयां, मेघनाथ महतो, संजय केसरी, सुखदेव मिस्त्री,हरि प्रकाश यादव, राजू मिस्त्री, सोनू रविदास, सतीश चमार, आजादी मिस्त्री, जीतू कुमार राय, सुमन कुमार, बासुदेव विश्वकर्मा आदि मौजुद थे।

## 25 सूत्री मांग को लेकर धकोकस ने की जीएम से वार्ता

**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता):** धनबाद कोलियरी कर्मचारी संघ ने गोविंदपुर महाप्रबंधक जीसी साहा के साथ 25 सूत्री मांग को लेकर वार्ता की। वार्ता में कई मांगो का समाधान हुआ जबकि कुछ मांगो पर फिर से वार्ता कर पहल करने की सहमति बनी। वार्ता में महामंत्री रामधारी, अध्यक्ष उमेश सिंह, मुरारी तांती, गंगासागर राय, महेन्द्र नाथ राम, मंतोष तिवारी, बालेश्वर दुब्बे, सुसील कुमार सिंह, गजेन्द्र कुमार, चंद्रशेखर महतो, तेजलाल प्रसाद, फूलचंद दसौंधी, कैलाश राम के अलावा डिप्टी सीपीएम अमित महतो आदि उपस्थित थे।


### झारखण्ड सरकार
### कार्यालय: जिला मत्स्य पदाधिकारी, रामगढ़

**अतिअल्पकालीन निविदा आमंत्रण**

एतद् द्वारा जाल आपूर्त्तिकर्त्ताओं को सूचित किया जाता है कि वर्ष 2023–24 के लिए मत्स्य निदेशालय, झारखण्ड, रॉची का 470 दिनांक 06.03.2023 के द्वारा राज्य योजना के अन्तर्गत निबंधित मत्स्य बीज उत्पादकों को फ्राई कैचिंग नेट की आपूर्ति किया जाना है। इस प्रयोजानार्थ जाल आपूर्तिकत्ताओं से निविदा आमंत्रित किया जाता है। इच्छुक जाल आपूर्तिकताओं से जाल आपूर्ति हेतु मुहरबंद निविदा दिनांक 13.05.2023 के अपराह्न 01:00 बजे तक जिला मत्स्य कार्यालय, रामगढ़ में स्वीकार किया जायेगा, तथा उसी दिन अपराह्न 03.00 बजे निविदा समिति के समक्ष उप विकास आयुक्त, रामगढ़ के कार्यालय कक्ष में खोली जाएगी, निविदा आमंत्रण हेतु आवश्यक शर्तें www.ramgarh.nic.in एवं जिला मत्स्य कार्यालय, रामगढ़ के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

ह0/–
जिला मत्स्य पदाधिकारी
रामगढ़

PR 296092 Fish (23-24)_D


# झारखंड राज्य पत्रकार स्वास्थ्य बीमा योजना को लेकर हुआ प्रेस मीट का आयोजन





**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** गुरुवार को समाहरणालय परिसर स्थित जिला सूचना एवं जनसंपर्क कार्यालय में जिला जनसंपर्क पदाधिकारी रामगढ़ डॉ असीम कुमार के द्वारा झारखंड राज्य पत्रकार स्वास्थ्य बीमा योजना से संबंधित प्रेस मीट का आयोजन किया गयाइइस दौरान डॉ कुमार ने उपस्थित सभी पत्रकारों को कहा कि जैसे कि आप सभी को पता है कि एक पत्रकार का काम काफी जोखिम भरा होता है इसीलिए सरकार का यह प्रयास है कि उनके स्वास्थ्य संबंधित समस्याओं को आसान किया जाए ताकि उनको काम करने में सहूलियत हो। इसी उद्देश्य से सरकार द्वारा पत्रकारों के हित में झारखंड राज्य पत्रकार स्वास्थ्य बीमा योजना को लागू किया गया है। साथ ही उन्होंने योजना का लाभ लेने में आ रहे दुविधाओं पर चर्चा की एवं उनका निष्पादन करने के उपायों को सभी से साझा किया। यह योजना मीडिया प्रतिनिधियों के लिए ग्रुप बीमा के रूप में लागू होगी, बीमाधारक मीडिया प्रतिनिधि सहित उसके पति / पत्नी एवं 21 वर्ष की आयु के दो अविवाहित एवं निर्भर संतान को लाभ मिलेगा

**इन मीडिया प्रतिनिधियों को मिलेगा लाभ**

इस योजना नियमावली के तहत मीडिया कर्मियों का अभिप्राय वैसे लोगों से है, जो प्रधान संपादक, समाचार संपादक, उप संपादक , पत्रकार, छाया पत्रकार, वीडियोग्राफर पत्रकार और समाचार व्यंगकार चित्रकार आदि हैं जो किसी दैनिक, साप्ताहिक, पाक्षिक, मासिक, टैबलॉयड समाचार पत्र, पत्रिका समाचार एजेंसी, इलेक्ट्रॉनिक मीडिया, न्यू मीडिया (सामाचार आधारित वेब साइट्स/ वेब पोर्टल) में कार्य कर रहे हों तथा दि वर्किंग जर्नलिस्ट एंड अदर न्यूज पेपर इंप्लाई (कंडिसन्स ऑफ सर्विस) एंड मिसलिनियस प्रॉविजन्स एक्ट 1985 से परिभाषित किए गए हों. यह योजना अधिसूचना जारी होने के दिन से प्रभावी होगी.

**प्रीमियम राशि का 80 प्रतिशत राज्य सरकार तथा 20 प्रतिशत मीडिया प्रतिनिधि वहन करेंगे**

झारखंड राज्य पत्रकार स्वास्थ्य बीमा योजना नियमावली -2021 मीडिया प्रतिनिधियों के लिए ग्रुप बीमा के रूप में लागू होगी. बीमा लागू होने की तिथि से बीमाधारक मीडिया प्रतिनिधि सहित उसके पति / पत्नी एवं 21 वर्ष की आयु के दो अविवाहित एवं निर्भर संतान को लाभ मिलेगी. इसमें नियत प्रीमियम राशि का भुगतान राज्य सरकार तथा बीमाधारक मीडिया प्रतिनिधि के द्वारा क्रमशः 80 तथा 20 के अनुपात में किया जाएगा।


### जिला अभियंता का कार्यालय, जिला परिषद, खूँटी
### (अभियंत्रण शाखा)

**शुद्धि पत्र**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि इस कार्यालय द्वारा अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या 04/2023-24 PR No- 295862 District 2023-24(D) द्वारा प्रकाशित निविदा में महत्वपूर्ण तिथियों को निम्न प्रकार से संशोधित किया जाता है:–

| क्र. | | पूर्व में प्रकाशित तिथि | संशोधित तिथि |
|---|---|---|---|
| 1 | वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि | 27.04.2023 अपराह्न 12:00 बजे | 29.04.2023 अपराह्न 12:00 बजे |
| 2 | वेबसाईट में निविदा डालने की अंतिम तिथि | 06.05.2023 अपराह्ण 05:00 बजे तक। | 08.05.2023 अपराह्ण 05:00 बजे तक। |
| 3 | निविदा शुल्क, अग्रधन की राशि, शपथ–पत्र की मूल प्रति एवं अपलोड किये गये योग्यता दस्तावेज की प्रति जमा करने की तिथि | 08.05.2023 अपराह्ण 03:00 बजे तक | 09.05.2023 अपराह्ण 03:00 बजे तक |
| 4 | निविदा खोलने की तिथि | 09.05.2023 अपराह्ण 01:00 बजे | 10.05.2023 अपराह्ण 01:00 बजे |

निविदा शुल्क, अग्रधन की राशि, शपथ–पत्र की मूल प्रति एवं अपलोड किये गये योग्यता दस्तावेज की प्रति जमा करने का स्थान:–जिला नियंत्रण कक्ष, एस0 पी0 ऑफिस, खूँटी।

निविदा सूचना की शेष शर्तें पूर्ववत रहेंगी।

जिला अभियंता,
जिला परिषद, खूँटी

PR 296081 District(23-24)#D

### INTEGRATED TRIBAL DEVELOPMENT AGENCY, GUMLA
**Email: dwo.gumla@gmail.com; website: www.gumla.nic.in**

**Tender Reference No: -`** **Date: -**

**Very Short Expression of Interest (EOI):** Supply & installation of open-air gym (outdoor) equipment at various locations in Gumla with defect liability period of one year & operation and maintenance of three years under **Pradhan Mantri Aadi Adarsh Gram Yojna (PMAAGY)**

| Sl No. | Information | Details |
|---|---|---|
| 1 | Name of the work | Supply & installation of open-air gym (outdoor) equipment(Such as **MONKEY BAR,SNAKE CLIMBER,STANDING TWISTER,CYCLE,MINI SHOULDER PRESS,MINI ROWER,MINI LEG PRESS (DOUBLE,)CHEST PRESS (DOUBLE),** at various Govt. schools of Gumla with defect liability period of one year & operation and maintenance of two years. |
| 2 | Period Of Work | 60 Days |
| 3 | Date of Publication of Bid on website | 26/04/23 |
| 4 | Earnest Money to be Deposited (EMD) | Rs.9,75,000 in the form of DD (Valid for at least 3 months from the date of bid published ) in favor of **DWO,GUMLA** |
| 5 | Last date and time of receipt of Bid | Date: 10/05/23 (Wednesday) Time: 11:00 AM |
| 7 | Date and time of opening of Bid | Date: 10/05/23 (Wednesday) Time: 03:00 PM |
| 8 | Bid submission Place | ITDA OFFICE, GUMLA |
| 9 | Tentative cost of bid | Related project document & information can be inquired from office during office hours. |
| 10 | Bid Opening Place | Conference Hall of New Collectorate Building Ground Floor, Gumla-835207 |
| 11 | Contact Number | 9905443673 Email Id: dwo.gumla@gmail.com |

**Signature**
**D.C**
**Gumla**

PR 296100 Welfare(23-24).D

### वरीय पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, राँची

**सर्वसाधारण के लिए सूचना**

उपरोक्त लोअर बाजार थाना काण्ड सं0–235 / 14, दिनांक– 19.09.14 धारा–**147/148/149/448/379/427** भा0द0वि0 के प्राथमिकी अभि0 1 प्रा0 अभि0 सतीश कुमार रवि पे0 स्व0 रामखेलावन राम सा0 घरौंदा अपार्टमेंट डंगरा टोली थाना लोअर बाजार जिला रॉची का द0प्र0सं0 की धारा 82 के अन्तर्गत माननीय न्यायालय से इतेहार निर्गत किया गया है,

**Court of Sri Kamlesh Behra**
**J.M-XI, Ranchi**
Schedule XLIII-High court(M) 31C, [Old Criminal Process No. 4]
PROCLAMATION REQUIRIND THE APPEARANCE OF
A PERSON ACCUSED **Lower Bazar-235/2014**
[Form No. 4 Schedule II Act 2 1974]
(Section 82 of the Code of Criminal Procedure.)

1. नाम व शिल पता — चूंकि मेरे पास नालिश की गई है(1)
Satish kumar Ravi S/O Late Ramkhelawan Ram R/O-Gharaunda Apartment, Dangratoli P.S.- Lower Bazar, Dist. Ranchi
2. किया है या करने का उस पर शुवहा है। — जोव–मुजिब दफा मजमूअए तावीरात हिन्द के सजा के लायक है(2)
3. नाम — औरव–तामील वारन्ट गिरफ्तारी जो बाद अर्जाजारी हुआ वा यह कैफियत दी गई है कि(3) जब
4. फरार हुआ है या रूपोष है ताके वारन्ट मजकुर उस पर जारी न हो सके। — पाये नहीं जाते है और चूंकि ब–तषफ्फी हमारे साबित किया गया है कि(3) जब
4. मोकाम।
**U/S-147/148/149/448/379/427 IPC** — मजकुर इसलिए बजरिये इस के इश्तिहार दिया जाता है कि मजकुर साकिन ब–मोकाम(5)
6. इस अदालत व रूबरू मेरे। — अ–हजुर(6)
ब–तारीख 19.05.2023 माह नालिष–मजकुर को जवाब देही के लिए हाजिर हो
आज तारीख 05.04.2023

**Sd/-Kamlesh Behra**
**J.M. Ranchi**

अतः सभी जन संधारण से अनुरोध है कि उक्त काण्ड की प्राथमिकी अभियुक्त, सतीश कुमार रवि, कहीं मिलते / दिखाई देते है तो इसके संबंध में वरीय पुलिस अधीक्षक / Court of Sri KAMLESHBEHRA J.M-XI, RANCHI के न्यायालय में इसकी सूचना दें या निम्नांकित फोन नम्बर पर संपर्क कर इसकी जानकारी दें।

पुलिस उपाधीक्षक, नगर, राँची। –9431706139
थाना प्रभारी, लोअर बाजार, राँची। –9431706171

वरीय पुलिस अधीक्षक
राँची

PR 296106 Police (23-24)_D


## सरकार पर वादाखिलाफी का आरोप, मुख्यमंत्री आवास का घेराव करेंगे होमगार्ड

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पाकुड़ :** झारखंड सरकार के प्रति होमगार्डों में आक्रोश बढ़ रहा है। न्यायालय के आदेश का पालन नहीं करने और वादाखिलाफी का आरोप है। न्यायालय के आदेश के बावजूद समान काम का समान वेतन नहीं मिलने से आक्रोशित होमगार्ड 15 मई को मुख्यमंत्री आवास का घेराव करेंगे। यह जानकारी झारखंड होमगार्ड वेलफेयर एसोसिएशन के पाकुड़ जिला सचिव रामानुज कुमार ने दी। उन्होंने कहा कि चुनाव के दौरान सरकार ने जो वादा किया था, उसे पूरा नहीं किया। न्यायालय के आदेश के बाद भी जवानों को समान काम का समान वेतन नहीं मिला। जबकि बिहार सहित अन्य राज्यों में इसे लागू किया गया है। कोर्ट के आदेश का पालन नहीं करना राज्य के लिए चिंता का विषय है। उन्होंने कहा कि बिहार में समान काम का समान वेतन के साथ ही सेवानिवृत्त गृह रक्षक को डेढ़ लाख तक की राशि दी जाती है। झारखंड में न्यायालय के आदेश का भी पालन नहीं किया जा रहा है। इससे होमगार्डों में आक्रोश है। आगामी 15 मई को रांची में विशाल रैली होगी। जिसमें पाकुड़ जिले से भी होमगार्ड शामिल होंगे।

## ग्रामीणों को जल व स्वच्छता के प्रति किया जागरूक

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पाकुड़िया :** प्रखंड के फुलझींझरी पंचायत में सौगत फाउंडेशन के तत्वावधान में जल जीवन मिशन अंतर्गत कला जत्था के माध्यम से गांव-गांव और टोले-टोले में घूमकर आम जनों को स्थानीय भाषा संस्कृति के माध्यम से जल एवं स्वच्छता को लेकर जागरूक करने का कार्य किया जा रहा है। इस बाबत कला जत्था के उषा हांसदा, सुमिता हेंब्रम, सृष्टि हेंब्रम आदि अन्य ने बताया कि संथाली गीत संगीत के माध्यम से आज सलगाडीह, मोहनपुर, चट्टानटोला सहित अन्य गांवों में कला जत्था के माध्यम से लोगों को पेयजल एवं स्वच्छता की जानकारी दी गई। लोगों को पीने का स्वच्छ पानी इस्तेमाल करने, चापानल के आसपास गंदा पानी को जमा होने से रोकने का प्रयास करने, पेयजल को हमेशा ढंककर रखने, पानी निकालने से पूर्व ठीक से हाथ धोने, साफ सुथरे पात्र में जल रखने सहित अन्यान्य विभिन्न प्रकार की स्वस्थ्यजनित जानकारियां देकर लोगों को जल एवं स्वच्छता की जानकारी दी गई।


### नेतरहाट आवासीय विद्यालय नेतरहाट
### पो०-नेतरहाट, जिला-लातेहार
**(An Autonomous Institute under Societies Reg. Act 1860, Ministry of School Education and Literacy Dept. Govt. of Jharkhand)**

संख्या –548 दिनांक– 26.04.2023

**निविदा सूचना**

नेतरहाट आवासीय विद्यालय, नेतरहाट के लगभग 550 विद्यार्थियों हेतु एवं विद्यालय के अन्य विविध उपयोग मे लाई जाने वाली विविध सामग्रियों के क्रय एवं आपूर्ति हेतु मुहरबंद निविदायें प्राचार्य, नेतरहाट आवासीय विद्यालय, नेतरहाट के नाम आमंत्रित की जाती है।

| | | |
|---|---|---|
| 1. | निविदा का नाम | विविध सामग्रियों के क्रय एवं आपूर्ति हेतु । |
| 2. | कार्यालय का नाम एवं पता | प्राचार्य, नेतरहाट आवासीय विद्यालय, नेतरहाट पो०–नेतरहाट, जिला–लातेहार, पिन–835218 |
| 3. | सामग्रियों का नाम | कोड– 01 (अरवा चावल, मिश्रित खाद्य सामग्री, सरसोंतेल, रिफाण्ड तेल, घी, पावरोटी, मिल्क पाउडर इत्यादि)<br>कोड– 02 (फॉर्म अण्डा, ब्रायलर मुर्गा, खस्सी मांस, मछली इत्यादि)<br>कोड– 03 (हरी सब्जी, फल, आलू,प्याज, लहसुन, अदरक, इमली आदि)<br>कोड– 04 (पेंट, पेंटब्रश, कांटी, तिरपाल, टेंट, बक्सा आदि)<br>कोड– 05 (फुटबॉल, बॉलीबाल, कैरमबोर्ड, क्रिकेटबॉल आदि)<br>कोड– 06 (बिजली तार, टयूबलाईट, बल्ब, पंखा स्वीच आदि)<br>कोड– 07 (कपड़ा, तौलिया, मच्छरदानी, गंजी, स्वेटर, बेल्ट आदि)<br>कोड– 08 (सिलाई–कुर्त्ता, फूलपैंट, शर्ट, ब्लेजर, गरमकोट आदि)<br>कोड– 09 (कॉपी, रजिस्टर, पेन, सर्जना छपाई, सेंचुरी पेपर आदि)<br>कोड–10 (दवा, उपकरण आदि)<br>कोड–11 (बस किराया आदि)<br>कोड–12 (साबुन, फिनायल तेल, रूम फ्रेशनर, मोमबती, बैट्री आदि)<br>कोड–13 (कृषि उपकरण खुरपी, कुदाल, बेलचा, बीज आदि)<br>कोड–14 (छात्रों का कपड़ा धुलाई, आयरन आदि)<br>कोड–15 (प्रिन्टिग एवं प्रकाशन)<br>कोड–16 (प्लम्बरिंग सामग्री)<br>कोड–17 (एन.सी. ई.आर.टी. की पुस्तकें)<br>कोड–18 (काला जूता,पी०टी० शू, हवाई चप्पल) |
| 4. | निविदा भेजने का पता | प्राचार्य, नेतरहाट आवासीय विद्यालय, नेतरहाट पो०–नेतरहाट, जिला–लातेहार। पिन कोड–835218 |
| 5. | वेबसाईट का नाम एवं निविदा प्रसारण तिथि | WWW.netarhatvidyalaya.com पर दिनांक 27.04.2023, समय 1.00 बजे अपराह्न से उपलब्ध। |
| 6. | बिल ऑफ क्वांटिटी प्राप्त करने का माध्यम | विद्यालय कार्यालय से हाथो–हाथ निविदा शुल्क जमा करने के पश्चात्। |
| 7. | बिल ऑफ क्वांटिटी प्राप्त करने की अंतिम तिथि | 12.5.2023 के अपराह्न 1:30 तक |
| 8. | निविदा जमा करने की अंतिम तिथि | 15.05.2023 समय 11.30 बजे पूर्वाह्न तक। |
| 9. | निविदा खुलने की तिथि | 16.05.2023 समय 11.30 बजे पूर्वाह्न (टेक्नीकल बीड) एवं<br>19.05.2023 को पूर्वाह्न 11.30 बजे ( फिनानसियल बीड )<br>नोटः– फिनानसियल बीड केवल वैसे आपूर्तिकत्ताओं के खोले जायेंगे जो टेक्नीकल बीड में सफल पाये जायेंगे। |

**नोट** :–निविदा सूचना, निविदा नियम एवं शर्त्ते, निविदा शुल्क, अग्रधन की राशि एवं अन्य सभी प्रकार की वांछित सूचनाएँ / निविदा संबंधी कागजात विद्यालय कार्यालय में पूर्वाह्न 10.00 बजे से अप० 1.30 बजे तक संबंधित राशि जमा कर प्राप्त की जा सकती है।

ह० / – प्राचार्य
नेतरहाट आवासीय विद्यालय, नेतरहाट।

PR.NO.296047 Human Resource Developement(23-24):D

### कार्यालय जिला परिषद, हजारीबाग

**निविदा आमंत्रण सूचना संख्या :– 08 / 2023–24**

1. विज्ञापनदाता का पदनाम एवं नाम :– जिला अभियंता, जिला परिषद, हजारीबाग।
2. परिमाण विपत्र की बिक्री की तिथि :– दिनांक 17.05.23 एवं 18.05.23 को 10:00 पूर्वाह्न से 2:00 बजे अपराह्न तक।
3. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय :– दिनांक 20.05.23 को 3:00 बजे अपराह्न तक।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– दिनांक 20.05.23 को 4:00 बजे अपराह्न से
5. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान :– जिला अभियंता, जिला परिषद, हजारीबाग।
6. निविदा प्राप्ति का स्थान :– नियंत्रण कक्ष, हजारीबाग।
7. निविदा खोलने का स्थान :– जिला परिषद कार्यालय, हजारीबाग।
8. मद का नाम :– जिला खनिज फाउण्डेशन ट्रस्ट मद

| क्र0 स0 | प्रखण्ड | पंचायत | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | अग्रधन की राशि | योजना पूर्ण करने की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | बरही | दुलमाहा | ग्राम लखना अडवार खेल मैदान में शौचालय एवं चेंजिंग रूम का निर्माण। | 499500.00 | 750.00 | 10000.00 | चार माह |
| 2 | बरही | बरही | ग्राम बरही के प्रखण्ड खेल मैदान में शौचालय एवं चेंजिंग रूम का निर्माण | 499500.00 | 750.00 | 10000.00 | चार माह |
| 3 | बरकट्ठा | बरकनगांगो | ग्राम कुचई में उत्क्रमित विद्यालय के बगल में खेल मैदान में शौचालय एवं चेंजिंग रूम का निर्माण | 499500.00 | 750.00 | 10000.00 | चार माह |
| 4 | विष्णुगढ़ | नागी | ग्राम नागी में सिवाडीह खेल मैदान में शौचालय एवं चेंजिंग रूम का निर्माण | 499500.00 | 750.00 | 10000.00 | चार माह |
| 5 | चौपारण | डेबो | ग्राम डेबों में सिधियावर के सामने खेल मैदान में शौचालय एवं चेंजिंग रूम का निर्माण | 499500.00 | 750.00 | 10000.00 | चार माह |
| 6 | चुरचू | जरबा | ग्राम दासोखाप तिलैयाटांड खेल मैदान में शौचालय एवं चेन्जिंग रूम का निर्माण। | 499500.00 | 750.00 | 10000.00 | चार माह |
| 7 | चुरचू | हेन्देगढ़ा | ग्राम हेन्देगढा खेल मैदान में शौचालय एवं चेन्जिंग रूम का निर्माण। | 499500.00 | 750.00 | 10000.00 | चार माह |
| 8 | बड़कागांव | सांढ | ग्राम सांढ खेल मैदान में चेन्जिंग रूम एवं शौचालय का निर्माण। | 499500.00 | 750.00 | 10000.00 | चार माह |
| 9 | बड़कागांव | सांढ | ग्राम होरम सिवाडीह खेल मैदान में चेन्जिंग रूम एवं शौचालय का निर्माण। | 499500.00 | 750.00 | 10000.00 | चार माह |
| 10 | डाडी | रेलीगढा | ग्राम पछाडी के बासरी खेल मैदान में शौचालय एवं चेंजिंग रूम का निर्माण। | 499500.00 | 750.00 | 10000.00 | चार माह |
| 11 | डाडी | रेलीगढा | ग्राम पछाडी के सिमरा टोला खेल मैदान में शौचालय एवं चेंजिंग रूम का निर्माण। | 499500.00 | 750.00 | 10000.00 | चार माह |
| 12 | दारू | हरली | ग्राम हरली में सुन्दर नगर टांड खेल मैदान में शौचालय एवं चेंजिंग रूम का निर्माण। | 499500.00 | 750.00 | 10000.00 | चार माह |
| 13 | ईचाक | बोंगा | ग्राम बोंगा के कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय खेल मैदान में शौचालय एवं चेंजिंग रूम का निर्माण। | 499500.00 | 750.00 | 10000.00 | चार माह |
| 14 | कटकमदाग | अडरा | ग्राम अडरा के सिमरा कोनी खेल मैदान में शौचालय एवं चेंजिंग रूम का निर्माण। | 499500.00 | 750.00 | 10000.00 | चार माह |
| 15 | कटकमसांडी | शाहपुर | ग्राम शाहपुर खेल मैदान में शौचालय एवं चेंजिंग रूम का निर्माण। | 499500.00 | 750.00 | 10000.00 | चार माह |
| 16 | केरेडारी | मनातू | ग्राम फुसरी में सरैया बांध गोसाई खेल मैदान में शौचालय एवं चेंजिंग रूम का निर्माण। | 499500.00 | 750.00 | 10000.00 | चार माह |
| 17 | केरेडारी | सलगा | ग्राम सलगा के सयानी खेल मैदान में शौचालय एवं चेंजिंग रूम का निर्माण। | 499500.00 | 750.00 | 10000.00 | चार माह |
| 18 | पदमा | सूर्यपूरा | ग्राम परतन खेल मैदान में शौचालय एवं चेंजिंग रूम का निर्माण। | 499500.00 | 750.00 | 10000.00 | चार माह |
| 19 | सदर | सिन्दूर | ग्राम पंचायत सिन्दूर पंचायत भवन खेल मैदान में शौचालय एवं चेंजिंग रूम का निर्माण। | 499500.00 | 750.00 | 10000.00 | चार माह |
| 20 | टाटीझरिया | टाटीझरिया | ग्राम टाटी खेल मैदान में शौचालय एवं चेंजिंग रूम का निर्माण। | 499500.00 | 750.00 | 10000.00 | चार माह |

नोट :– 1. अद्यतन UCAN प्रमाण पत्र निविदा के साथ समर्पित करना अनिवार्य है अन्यथा कार्य आवंटित नहीं किया जायेगा।
2. निविदा की शर्तें कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

जिला अभियंता,
जिला परिषद, हजारीबाग।

PR.NO.296065 District(23-24):D

## द एसोसिएशन ऑफ सर्जन ऑफ इंडिया झारखंड चैप्टर का बैठक संपन्न

**गिरिडीह(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** गिरिडीह गांधी चौक स्थित अशोका गेस्ट




हाउस में गिरिडीह जिला के चिकित्सकों की बैठक का आयोजन किया गया जिसमें जिला स्तरीय सभी चिकित्सकों ने भाग लिया इसमें मुख्य रूप से द एसोसिएशन ऑफ सर्जन ऑफ इंडिया झारखंड चैप्टर के सेक्रेटरी डॉ राजेश कुमार सिंह उपस्थित हुए वही बैठक की अध्यक्षता डॉ मोहम्मद आजाद ने की वही संचालन उत्तम कुमार जलान ने किया , इस बैठक में पेट से संबंधित कई बीमारियों पर चर्चा की गई डॉक्टर श्री सिंह ने बताया कि आज का जो दौर गुजर रहा है जिसमें खानपान सही ढंग से ना होना के कारण ही मानव के पेट से कई प्रकार की बीमारियां सामने आ रही है मानव का पेट ही एक ऐसा है जो आपको स्वास्थ और तंदुरुस्ती रखता है अगर पेट मैं कुछ बीमारियां होती है तो आपका पूरा दिन और स्वास्थ्य पर बुरा असर पड़ता है वही जिले में आधुनिक मशीनों के द्वारा उपचार पर भी बढ़ावा दिया गया है, द एसोसिएशन ऑफ सर्जन के सदस्यों ने झारखंड चैप्टर के सेक्रेटरी डॉ राजेश कुमार सिंह एवं भूतपूर्व चेयरमैन डॉ आजाद को बुके देकर सम्मानित किया गया बैठक में उपस्थित डॉ एस के दुकानिया, डॉ राजीव, डॉ अमित गोंड, डॉक्टर रमेश।

## डिजिटल लेन देन अभियान की शुरुआत

**सरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** प्रखंड के नावाडीह पंचायत भवन में



आजादी का अमृत महोत्सव 2.0 के अंतर्गत नावाडीह आजीविका महिला संकुल संगठन भवन में सक्षम केंद्र सह वित्तीय साक्षरता एवं डिजिटल ट्रांजेक्शन अभियान का शुभारम्भ मुख्य अतिथि प्रखंड कार्यक्रम प्रबंधक मनोज दास एवं विशिष्ट अतिथि स्थानीय मुखिया हेमंती देवी एवं अध्यक्ष सुजीता देवी के संयुक्त तत्वाधान में फीता काटकर और नारियल फोड़कर उदघाटन किया । कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए प्रखंड कार्यक्रम प्रबंधक मनोज ने कहा वित्तीय समावेशन, डिजिटल लेनदेन, सामाजिक सुरक्षा योजना पर जागरूक की जानकारी दिया गया. साथ ही 'संगठन से समृद्धि की ओर ' पर विशेष रूप से प्रकाश डालें। कार्यक्रम को विशिष्ट अतिथि मुखिया हेमंती देवी ने सक्षम योजना सह परामर्श केन्द्र से होने वाले लाभ की जानकारी सखी मंडल की दीदी को दिया। इस कार्यक्रम के मौके पर फ़टीसी जय प्रकाश कुमार वर्मा, सीसी अभिषेक नीलम आईपीआरपी हीना खातून, सी एल एफ अध्यक्ष सुजीता देवी, बैंक सखी एवं काफी संख्या में सखी मंडल की दीदी उपस्थित हुई ।

## स्व0 आशीष मिश्रा के अधूरे कार्यों को हम सब मिलकर पूरा करेंगे : शंकर रवानी

**महुदा(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** बाघमारा प्रखंड अंतर्गत तेतुलिया पंचायत



दो के पी मिश्रा बालिका विद्यालय बेलाखोन्दा में श्रद्धाजली सभा आयोजित कर साक्षरता के पुर्व जिला कार्यकारिणी सदस्य स्व.आशीष मिश्रा का द्वितिय पुण्यतिथि मनायी गयी। स्व.आशिष मिश्रा के तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धासुमन अर्पित किया तथा उनके आत्मा के शान्ति के लिए दो मिनट का मौन रखा गया। श्रद्धाँजलि सभा में उपस्थित जिप अध्यक्ष शारदा सिंह ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि स्व0मिश्रा ने समाज में शिक्षा का दीप जलाया है। उसे हमसबों को आगे बढ़ाना है।। समाजसेवी शंकर रवानी ने कहा कि स्व0 आशीष मिश्रा एक सच्चे समाजसेवी थे वे हमेशा गरीबो एवं शोषित पीड़ितों के बीच शिक्षा एवं स्वास्थ्य के क्षेत्र में काम करते रहे, उनके अधूरा कार्य को पूरा करके ही हम उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि दे सकते हैं। श्रद्धाँजलि देने वालो में स्व.आशिष मिश्रा के धर्मपत्नी रेखा मिश्रा, राधु राय, गणेश रवानी, लक्ष्मण, दीपक, विष्णु गयाली के अलाव गण मान्य लोग उपस्थित थे।

## माइनिंग टेक्नोलाजी इनोवेशन हब का उद्घाटन 28 को

**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** शुक्रवार को आईआईटी ( आईएसएम) के इंस्टीट्यूट इनोवेशन हब ( आई2एच) भवन में माइनिंग टेक्नोलाजी इनोवेशन हब (टैक्समिन) का उद्घाटन होगा। उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि डा एस चंद्रशेखर सचिव, भारत सरकार, विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग (डीएसटी) तथा प्रोफेसर जेरेमी किलबर्न, प्रोवोस्ट, कर्टिन विश्वविद्यालय, ऑस्ट्रेलिया सम्मानित अतिथि होंगे। सैफुल्ला अंसारी, निदेशक (एमएसई), खान सुरक्षा महानिदेशालय (डीजीएमएस), धनबाद विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। समारोह के दौरान प्रोफेसर राजीव शेखर, निदेशक, आईआईटी (आईएसएम), प्रो धीरज कुमार, उप निदेशक और अन्य उपस्थित रहेंगे, जो टेक्मिन के स्टार्टअप्स द्वारा प्रमुख नवाचार की प्रस्तुति और अलग-अलग वीडियो के माध्यम से प्रमुख आरएंडडी सुविधाओं की प्रस्तुति देंगे।

## अवैध वाटर कनेक्शन के खिलाफ निगम का अभियान तेज

**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** अवैध वाटर कनेक्शन को वैध कराने



की निगम द्वारा दी जा रही बार बार चेतावनी के बाद भी बेफिक्र होकर निगम का पानी उपयोग कर है अवैध कनेक्शन वालों के खिलाफ निगम ने कमर कस लिया है। शहरी क्षेत्र में लगे अवैध पानी कनेक्शन के खिलाफ गुरुवार से नगर निगम ने अभियान शुरू किया। बरटांड में इस जांच अभियान के दौरान पाए गए अवैध वाटर कनेक्शन कट किया गया। अवैध कनेक्शन की जांच को लेकर प्रत्येक वार्ड में एक-एक टीम गठित की गई है।नगर निगम के पदाधिकारी अनिल कुमार ने बताया कि अवैध पानी कनेक्शन के लिए लोगों से कई बार वैध करा लेने की अपील की गई है, लेकिन इसके बाद भी लोगों ने इस पर ध्यान नहीं दिया। पानी का अवैध कनेक्शन से न सिर्फ लोगों को परेशानी होती है बल्कि निगम के राजस्व का भी नुकसान होता है। अभियान चलाकर ऐसे सभी अवैध कनेक्शन हटाए जा रहे हैं और निरंतर यह अभियान चलता रहेगा।

## बाघमारा : मजदूर नेता के घर पर पथराव, तीन एम्बुलेंस क्षतिग्रस्त

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** बाघमारा थाना क्षेत्र के माटिगढ़ हाट मेन कॉलोनी निवासी जनता मजदूर संघ के केंद्रीय उपाध्यक्ष राम गोपाल मिश्रा के घर पर बुधवार की देर रात अज्ञात अपराधियों ने हमला कर दिया। अपराधियों ने मजदूर नेता के घर पर पथराव किया। जिससे घर के बाहर खड़ी तीन एम्बुलेंस क्षतिग्रस्त हो गई। बीसीसीएल ब्लॉक दो में टेंडर के माध्यम से चलाने के लिए तीन नए एम्बुलेंस को मजदूर नेता द्वारा लाकर रखा गया था। घटना से मजदूर नेता व उनका पूरा परिवार



दहशत में है। मजदूर नेता ने बाघमारा थाना में इसकी लिखित शिकायत देकर दोषियों पर कार्रवाई का मांग की है।

मजदूर नेता ने बताया कि बुधवार देर रात करीब 11 बजे अपराधियों ने घर पर पथराव किया। जिससे घर के बाहर खड़ी तीन नए एम्बुलेंस गाड़ी क्षतिग्रस्त हो गई। इसके अलावा घर में लगे एसी को भी क्षतिग्रस्त कर दिया गया। उनका कहना है कि किसी बड़े लोगो की साजिश है। घटना की सूचना पाकर पुलिस मजदूर नेता के घर पर पहुंच मामले की जांच की। बाघमारा थाना के एएसआई मुदीप सिंह ने बताया कि मजदूर नेता के द्वारा शिकायत किया गया है कि उनके घर पर हमला किया गया है। जिसकी जांच की जा रही है। आरोपियों को जल्द गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## सड़क हादसे में एक चालक की मौत, तीन घायल



**गिरिडीह(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** गिरिडीह देवरी थाना क्षेत्र के अहले सुबह चतरो चकाई मुख्य मार्ग स्थित जम्हरा मोड़ के पास दो वाहनों के बीच आमने सामने से टक्कर हो गई जिससे भीषण आग लग गई प्रत्यक्षदर्शियों के मुदाबित एक चालक की मौत ट्रक में ही जलकर मौत हो जाने की आशंका जताई जा रही वहीं तीन लोग घायल बताया जा रहा।घटना सुबह करीब 5 बजे की बताई जा रही है टक्कर होने के बाद दोनों वाहनों में भीषण आग लग गई मौके पर चकाई पुलिस पहुंची और चार चार दमकल बुलाकर घंटो मशक्कत के बाद 9 बजे तक अब पर काबू पाया गया तबतक साबुन लोडेड एक ट्रक जलकर राख हो गई वहीं दूसरी मक्का लोडेड ट्रक का मात्र कुछ ही हिस्सा बचा पाया किंतु इंजन जलकर खाक हो गई।हालाकि खबर लिखे जाने तक पुलिस प्रशासन की ओर से चालक की मौत की पुष्टि नहीं की गई है जेसीबी के द्वारा मलबा हटाया जा रहा है।

## धनबाद जिला कांग्रेस कार्यालय खुलवाने को लेकर प्रदर्शन जारी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** धनबाद जिला कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष संतोष कुमार सिंह के उपस्थिति में धनबाद जिला कांग्रेस कार्यालय खुलवाने को लेकर लगातार चल रहे धरने का आज 14वें दिन तोपचांची प्रखंड कांग्रेस कमिटी के नेतृत्व में प्रदर्शन किया गया। जिसमें काफी संख्या में जिले से कोने कोने से कांग्रेसजनों की उपस्थिती रही। इस कार्यक्रम में उपस्थित धनबाद जिला कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष संतोष कुमार सिंह ने कहा कि कांग्रेस कार्यालय को खुलवाने को लेकर धरना के 14वें दिन आज तोपचॉंची प्रखंड अध्यक्ष मुकेश प्रसाद के नेतृत्व में धरना दिया गया। आगे उन्होंने कहा कि भाजपा का हर षड़यंत्र कांग्रेस के कार्यकर्त्ता के हौसले के आगे नतमस्तक है। आज 14वें दिन लगातार धरने में शामिल हुए एक-एक कार्यकर्त्ता को साधुवाद है। जिन्होने अपने मंदिर रूपी कार्यालय को खोलने के लिय एक सूत्र में आंदोलनरत है।

## रहस्यमय ढंग से व्यक्ति लापता पत्नी का रोकर बुरा हाल



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**झरिया :** जोरापोखर थाना क्षेत्र के डिगवाडीह टाटा न्यू कॉलोनी के रहने वाले 39 वर्षीय एसआईएस के निजी सुरक्षा प्रहरी सुरजीत सिंह मेहरा की मंगलवार की रात रहस्यमय ढंग से लापता हो गया। उसकी पत्नी सोनी कौर ने जोरपोखर थाना में शिकायत दर्ज किया है। उसने कहा कि मंगलवार की रात अपने परिचित विकाश सिंह नामक दोस्त की शादी की सालगिरह में भूतगड़िया गए थे। दस बजे रात्रि को उन्हें डिगवाडीह बाजार में देखा गया परंतु घर वापस नही आए। सोनी की शादी 2018 में सुरजीत के साथ हुई थी। उनका एक तीन वर्षीय पुत्र करण सिंह है। पत्नी का रो रो कर बुरा हाल है। वही लोग तरह तरह के सवाल कर रहे है। थाना प्रभारी विनोद उरांव ने बताया कि सुरजीत के मोबाइल फोन का लोकेशन का पता लगाया जा रहा है। जगह जगह सी सी टीवी कैमरा की जाँच की जा रही है। जल्द ही मामला का खुलासा हो जायेगा।

## टाटा स्टील ने एमएन दस्तूर एंड कंपनी के साथ किया समझौता

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**झरिया :** टाटा स्टील ने इंजीनियरिंग और बुनियादी संरचना के क्षेत्र में सहयोग के साथ विश्वसनीय व्यवहार्यता अध्ययन और विस्तृत परियोजना रिपोर्ट के लिए खनिज भंडार की खोज से लेकर एंड टू एंड सेवाएं प्रदान करने के लिए अपनी क्षमताओं में इजाफे के उद्देश्य से एमएन दस्तूर एंड कंपनी प्रा. लिमिटेड के साथ कारोबार सहयोग समझौते पर हस्ताक्षर किया।



टाटा स्टील के रॉ मटेरियल्स के वाइस प्रेसिडेंट डीबी सुंदरा रामम ने इस समझौते पर कहा कि ÷हम टाटा स्टील के प्राकृतिक संसाधन प्रभाग के साथ एक सदी से भी अधिक समय से माइनिंग व्यवसाय में हैं, जो सस्टेनेबल माइनिंग के लिए हमारी कैप्टिव माइंस के लिए विभिन्न अन्वेषण और माइन प्लानिंग सेवाएं प्रदान करते हैं। पिछले 18 महीनों से, हमने टाटा स्टील इंडस्ट्रियल कंसल्टिंग के माध्यम से टाटा स्टील के बाहर खनन उद्योग को व्यावसायिक रूप से अपनी खान तकनीकी सेवाओं की पेशकश शुरू कर दी है। एम एन दस्तूर एंड कंपनी के साथ यह समझौता हमारी क्षमताओं और सामर्थ्य का पूरक होगा। विशेष रूप से खदान की बुनियादी संरचना योजना और बैंक योग्य व्यवहार्यता रिपोर्ट तैयार करने के क्षेत्र में। एम एन दस्तूर और हमारे अन्य प्रतिष्ठित बिज़नेस पार्टनर्स के साथ, हम अधिक वैज्ञानिक और सस्टेनेबल माइनिंग विकास के लिए भारत में विशेष रूप से और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर ऐसी सेवाओं के मानकों को बढ़ाने का इरादा रखते हैं।

टाटा स्टील भारत में माइनिंग में सबसे पुरानी और सबसे बड़ी निजी क्षेत्र की कंपनी है। यह एक सदी से अधिक समय से खनन क्षेत्र में है और लौह अयस्क, मैंगनीज, क्रोमाइट और कोयले की कई खदानों का संचालन कर रही है। यह खनिज अन्वेषण, खान योजना, वैज्ञानिक खनन संचालन और खनिज प्रसंस्करण में गहरा ज्ञान और अनुभव रखती है।

## बुलडोजर राज के बहाने गरीबों के सवालों की अनदेखी नहीं चलेगी : झामस

**देशव्यापी कार्यक्रम के तहत झामस ने सरिया अनुमंडल, प्रखंड व अंचल मुख्यालय में 16 सूत्री मांगो को लेकर सौंपा ज्ञापन।**



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सरिया(गिरिडीह) :** झारखंड मजदूर किसान सभा के द्वारा गुरुवार को जन सवालों को हल करने में पूरी तरह से विफल मोदी सरकार लोकतंत्र और संविधान को ताक पर रखकर बुलडोजर राज थोपने के बहाने गरीबों के सवालों की अनदेखी व देश के गरीब रोटी कपड़ा और मकान के लिए जद्दोजहद कर रहे हैं। लेकिन इन सबसे बेफिक्र केंद्र की मोदी सरकार रात-दिन एक कर कार्पोरेट की तिजोरी भरने का काम कर रही है। जैसे मामलो को लेकर एक दिवसीय धरना देकर अपनी मांगो को रखा । देश भर के भूमिहीनों और गरीबों के लिए वास-आवास कानून बनाकर जमीन और आवास की गारंटी करनी होगी। मनरेगा में मजदूरों के रोजगार की आवश्यकता के अनुसार काम और समय पर भुगतान की गारंटी करनी होगी। उक्त सवालो के अलावा भी कई अन्य मांगों के साथ आज देशव्यापी कार्यक्रम के तहत गिरिडीह के सरिया में एक दिवसीय धरना देकर झारखंड मजदूर किसान सभा की अगुवाई में धरना प्रदर्शन करते हुए 16 सूत्री मांग को लेकर उपायुक्त गिरिडीह के नाम से अनुमंडल पदाधिकारी बगोदर सरिया कुंदन कुमार द्वारा ज्ञापन सौंपा वही सरिया प्रखंड विकास पदाधिकारी पायल राज व प्रभारी अंचल अधिकारी धीरज कुमार को ज्ञापन की कॉपी सौंप पहल की बात कही। वही धरना कार्यक्रम का नेतृत्व झामस के प्रखंड अध्यक्ष धानेष्वर पासवान,संचालन लक्ष्मण मंडल ने किया । इस बाबत माले के राज्य कमिटी सदस्य भोला मंडल ने अपने संबोधन में कहा की, देश में लोकतंत्र और संविधान को ताक पर रखकर बुलडोजर राज थोपने के बहाने करोड़ों गरीबों के ज्वलंत सवालों को अनदेखी करने की साजिश की जा रही है।

## पूर्व मध्य रेल महिला कल्याण संगठन का दस्तक अभियान



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हाजीपुर :** पूर्व मध्य रेल महिला कल्याण संगठन ने दस्तक अभियान के तहत् संगठन की अध्यक्षा श्रीमती भारती शर्मा के नेतृत्व में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया । दिनांक 27 अप्रैल, 2023 को पटना के स्लम क्षेत्र में रहने वाली महिलाओं के मध्य सेनिटरी पैड का वितरण किया गया और उसके उपयोग के बारे में आवष्यक जानकारी दी गयी । इस अवसर पर पूर्व मध्य रेल महिला कल्याण संगठन की संयुक्त सचिव संतोषी, संयुक्त कोषाध्यक्ष विनीता एवं प्रीति कुमारी भी उपस्थित थीं ।

## महामहिम राष्ट्रपति के नाम झारखंड ग्रामीण मजदूर सभा ने बीडीओ को सौंपा ज्ञापन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिरिडीह :** गुरुवार को गिरिडीह ज़िले में झारखंड ग्रामीण मजदूर सभा की अगुवाई में देशव्यापी कार्यक्रम के तहत अन्य मांगों के साथ जिले के सभी प्रखंडों में धरना प्रदर्शन करते हुए 5 सूत्री मांग पत्र महामहिम राष्टपति महोदया के नाम सबंधित प्रखंड विकास पदाधिकारी/अंचल अधिकारी के माध्यम से भेजा गया। गिरिडीह प्रखंड कार्यालय में मांग पत्र सौंपते हुए भाकपा माले के राज्य कमेटी सदस्य राजेश यादव, गिरिडीह विधानसभा प्रभारी राजेश सिन्हा, झामस नेता मनोज यादव, पंकज वर्मा एवं मो0 इफ्तिखार अंसारी आदि ने अपने संबोधन में कहा कि, देश में लोकतंत्र और संविधान को ताक पर रखकर बुलडोजर राज थोपने के बहाने करोड़ों गरीबों के ज्वलंत सवालों को अनदेखी करने की साजिश की जा रही है। माले/झामस नेताओं ने कहा कि, सभी भूमिहीनों और गरीबों को जमीन उपलब्ध कराने के लिए वास-आवास कानून बनाना होगा। मनरेगा मजदूरों के लिए न्यूनतम ?600 मजदूरी की गारंटी करनी होगी। किसानों के लिए एमएसपी कानून बनाना होगा। जरूरतमंदों गरीब एवं लाचार जरूरतमंदों को ?3000 प्रति माह पेंशन की व्यवस्था लागू करनी होगी। उज्ज्वला योजना में प्रांभिक दर पर ही गरीब परिवारों को गैस सिलेंडर उपलब्ध कराना होगा।

## धनबाद क्लब का चुनाव 28 मई को

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** धनबाद क्लब के चुनाव की तैयारी शुरू हो गई है। 28 अप्रैल को अधिसूचना जारी कर दी जाएगी। 21 मई को नामांकन की आखिरी तिथि है। 22 मई को नामांकन पत्र की स्क्रूटनी है, जबकि 23 को नाम वापस लेने की आखिरी तिथि है। 28 मई को चुनाव होगा। देर शाम तक परिणाम घोषित कर दिया जाएगा। चुनाव का नामांकन फॉर्म एक हजार रुपए में मिलेगा। कुल दस पदों के लिए चुनाव होंगे, जिनमें सीनियर वाइस प्रेसिडेंट, सेक्रेटरी, ज्वाइंट सेक्रेटरी, ट्रेजरर के लिए एक एक पद और कार्यकारिणी सदस्य के पांच पद शामिल हैं। जिन सदस्यों का बकाया है, वे भुगतान कर दें। अन्यथा चुनाव में मतदान नहीं कर पाएंगे। बैलेट पेपर




से चुनाव किया जाएगा।

चुनाव से पूर्व एजीएम : आगामी 28 अप्रैल को ही चुनाव से पूर्व धनबाद क्लब की वार्षिक आम बैठक (एजीएम) होगी। कोषाध्यक्ष साल भर का लेखा-जोखा पेश करेंगे। कार्यकारी अध्यक्ष अपने कार्यकाल के विकास कार्यों की जानकारी देंगे। इसमें जो भी सदस्य हैं, वे अपनी-अपनी बात रख सकते है। सदस्यों की बातों को सुना जाएगा। वित्तीय 2023-24 के लिए ऑडिटर रखा जाएगा। यह जानकारी क्लब के सचिव डॉक्टर प्रणेय पूर्वे ने बयान जारी कर दी।

## मोटर साइकिल चोरी के मामले में 4 लोग हिरासत में




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**झरिया :** मोटरसाइकिल चोरी के मामले में जोड़ापोखर पुलिस ने 4 लोगों को हिरासत में लिया है। हिरासत में आरोपियों से पूछताछ के दौरान पुलिस को कई अहम सुराग मिलने की उम्मीद लगाई जा रही है। मालूम हो कि जोड़ापोखर थाना क्षेत्र के मोटरसाइकिल चोरी की घटना काफी बढ़ गई थी और लोग काफी परेशान थे। हाल ही में डिगवाडीह 12 नंबर निवासी प्रदीप सिंह की मोटरसाइकिल संख्या जे एच 10 डब्लू 7971 जेलगोड़ा स्टेडियम के निकट से चोरी हो गया था। मोटर साइकिल चोर के पकड़े जाने के बाद चोरी हुई मोटर साइकिल की जानकारी के लिये लोग जोड़ापोखर थाना पहुचे। वहीं जोड़ापोखर थाना प्रभारी बिनोद उराँव ने कहा की पूछ ताछ की जा रही है। जल्द ही मामले का खुलासा हो जाएगा।

## विवाहित महिला का शव कुए से बरामद, मायके वालों ने लगाया हत्या का आरोप

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमुआ :** प्रखंड के मेदनीटांड मे एक नवविवाहिता की संदेहास्पद मौत का मामला सामने आया है। मृतका बेंगाबाद थाना क्षेत्र के डोमापहाडी निवासी ओम प्रकाश वर्मा की पुत्री सुधा देवी है। घटना को लेकर मृतका के पिता ने जमुआ थाना मे आवेदन देकर दामाद सहित अन्य घरवालो पर बेटी की हत्या का आरोप लगाया है। वही घटना की सूचना पर जमुआ पुलिस ने शव को कब्जे मे लेकर पोस्टमार्टम के लिए गिरिडीह सदर अस्पताल भेज दिया है। आवेदन के अनुसार मृतका के पिता ने आरोप लगाया है कि एक वर्ष पुर्व उन्होंने अपनी पुत्री की शादी जमुआ थाना क्षेत्र के मेदनीटांड निवासी रोहित वर्मा के पुत्र कृष्णदेव वर्मा के साथ हिन्दू रीति रिवाज से किया था। शादी के व्क्त अपनी क्षमता के अनुसार दहेज भी दिया था। वही शादी के 6 माह बाद से ही दामाद और उसके माता-पिता ने उनकी बेटी के साथ मारपीट कर प्रताडित करना शुरू कर दिया। इसी बीच कुछ महीने पहले दामाद ने 2 लाख रुपया और सोने की चैन की मांग की थी। वही मांगे नहीं पूरी होने पर अंजाम भुगतने की धमकी दी थी। इसी बीच बुधवार रात 9 बजे परिचित ने बेटी की हत्या कर शव को कुए मे डाल दिए जाने की सूचना दी। जिसके बाद मौके पर पहुचे। मृतका 4 माह से गर्भवती थी। उन्होंने इस घटना पर जांच कर आरोपियों पर कड़ी कारवाई की। मांग की है। वही सूचना मिलने पर कुशवाहा संघ गिरिडीह जिला अध्यक्ष इंद्र नारायण प्रसाद वर्मा ने कहा प्रशासन दोषियों पर अभिलंब करवाई करें समाज ऐसे मामले को लेकर सक्रिय है। कुशवाहा समाज बेंगाबाद प्रखंड अध्यक्ष पवन वर्मा और कांग्रेस नेत्री मंजू कुमारी परिजनों के साथ मौके पर पहुचे। पवन वर्मा ने कहा कि दहेज के लिए बेटी को मारकर पुनः दहेज की उम्मीद करने वाले ऐसे लोगों को कोई बेटी नहीं दे इसके लिए समाज काम करेगी साथ ही प्रशासन दसियों पर सख्त कार्रवाई करे। मंजू कुमारी ने भी प्रशासन से सख्त कारवाई की मांग की और विलखते परिजनों को ढाढस बंधाया। आपको बता दें घटना के बाद लड़का के घरों में ताला लटका हुआ मिला इसके साथ ही सभी परिजन फरार नजर आ रहे हैं।फिलहाल पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद अस्पष्ट पता चल पाएगा कि मौत का कारण क्या था।

# झारखंड में पदाधिकारी और सरकार दोनों लापरवाह : सुदर्शन भगत

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** लोहरदगा की पीएमजीएसवाई सड़क संबंधित ग्रामीण कार्य विभाग, झारखंड सरकार के द्वारा पत्राचार करने के तीन महिने बाद भी जबाव नहीं मिलने पर लापरवाही व अनदेखी का कारण की जानकारी मुख्य सचिव,झारखंड शासन को पत्र के माध्यम से किया है। लोहरदगा लोकसभा सांसद सुदर्शन भगत ने 31 जनवरी को संसदीय क्षेत्र लोहरदगा अंतर्गत प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना द्वारा निर्मित दो सड़क मार्ग क्रमसः बढचोरगाई से चांदगो तक एवं कोर्गो से चांपी तक पथों का निर्माण कार्य में निर्धारित राशि के अलावे अधिक अलग से एस्टीमेट रिवाइज कर राशि की बंदरबांट करने पर नाराजगी जताते हुए । और विभाग से दोनों सड़कों की कुल मूल



राशि,भुगतान की राशि,एवं रिवाइज की गई राशि की जानकारी उपलब्ध कराने को कहा था । साथ ही दूरभाष के माध्यम से सचिव ग्रामीण कार्य विभाग झारखंड सरकार से बातचीत भी की थी। बातचीत के दौरान उन्होंने कहा कि नियमों का धज्जियाँ उड़ाते हुए जिला के निवर्तमान कार्यपालक अभियंता के द्वारा एस्टीमेट का रिवाइज किया गया है। जबकि नियमानुसार किसी भी पीएमजीएसवाई योजना की डीपीआर की पुनः सुधार राज्य के सचिव स्तर के पदाधिकारियों पावर होता है। सड़क निर्माण जो बिल्कुल ही गुणवत्तापूर्ण नहीं किए जा रहे हैं। यह माफीयोग्य नहीं हैं ।ऐसे प्रकार के अन्य कार्यो का भी निष्पादन पावर का गलत इस्तेमाल कर की गई होगी इस लिए लोहरदगा के निवर्तमान कार्यपालक अभियंता का पदस्थापना से लेकर सेवा समाप्ति तक के कार्य को जांच करने की बात कही थी। फिर भी संबंधित विभाग के सचिव के द्वारा पत्राचार का कोई उत्तर नहीं दिया गया । इस पर माननीय सांसद ने कहा कि झारखंड में भ्रष्टाचारी अधिकारियों का मनोबल राज्य सरकार बढ़ा रही है। ऐसे संगीन मामलों को तुरंत संज्ञान में लेकर राज्य सरकार को कार्रवाई करनी चाहिए। परंतु यहां पर जवाब देना भी अधिकारी उचित नहीं समझते हैं अधिकारी बेखौफ इसलिए है कि वह जानते हैं की वर्तमान सरकार भ्रष्टाचार को लेकर गंभीर नहीं है सरकारी पैसे का लेखा जोखा कोई नहीं लेने वाला इसलिए विकास के नाम पर दो पैसे से कार्यान्वयन होनेवाली कार्य को दस पैसे का डीपीआर बनाकर राशि का बंदरबांट किया जा सकता है। आज यही कारण है कि झारखंड में कई वरीय पदाधिकारी आए दिन गलत कार्यों में संलिप्तता पाई जा रही है। और झारखंड सरकार यह सब जानते हुए भी गहरी नींद में सोई है।

## सामाजिक न्याय मार्च में लोहरदगा से पांच हजार लोग जाएंगे रांची : नीरू शांति भगत




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** लोहरदगा जिला आजसू पार्टी की समीक्षा बैठक जिला प्रधान कार्यालय में जिला सचिव विलियम कुजूर की अध्यक्षता में हुई। बैठक में विधानसभा प्रभारी झारखंड आंदोलनकारी व पूर्व विधायक कमल किशोर भगत की धर्मपत्नी नीरू शांति भगत बतौर मुख्य अतिथि मौजूद थीं। बैठक में विगत 13 अप्रैल को सामाजिक न्याय मार्च व धरना प्रदर्शन की समीक्षा की गई। समीक्षा के उपरांत सामाजिक न्याय मार्च व धरना प्रदर्शन को सफल करार दिया गया। साथ ही आगामी सभी कार्यक्रमों को इसी तरह सफल करने की बात कही गई। मौके पर मुख्य अतिथि नीरू शांति भगत ने विगत 13 अप्रैल को जिला स्तरीय न्याय मार्च को सफल बनाने के लिए प्रखंड से लेकर जिला स्तरीय पदाधिकारियों व प्रत्येक सदस्यों को बधाई दिया और कहा कि केन्द्रीय समिति द्वारा लोहरदगा जिले से 5000 लोगों को न्याय मार्च में रांची ले जाने का लक्ष्य दिया गया है। बैठक में आगामी 30 अप्रैल को सात सूत्री मांगों को लेकर आजसू पार्टी के द्वारा घोषित राज्य स्तरीय सामाजिक न्याय मार्च को सफल बनाने के लिए लोहरदगा से बड़ी संख्या में सदस्यों को रांची में शामिल कराने का निर्णय लिया गया। इस कार्यक्रम को सफल कराने के लिए प्रत्येक प्रखंड अध्यक्ष व प्रभारियों को जिम्मेदारी व निर्देश दिये गये।

## महिला समूह से जुड़कर रोजगार के माध्यम से आत्मनिर्भर बने महिलाएं : पूनम देवी



**सेन्हा-लोहतदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड क्षेत्र के चितरी डाँडू पंचायत अन्तर्गत चितरी ग्राम में दीप ग्राम संगठन के माध्यम से एक बैठक आयोजित कराया गया। जेएसएलपीएस द्वारा संचालित कार्यक्रम संगठन से समृद्ध अभियान के तहत असुरक्षित परिवारों को चिन्हित किया गया। जिसके दौरान गाँव की महिला दीदियों को संगठन से समृद्ध अभियान के माध्यम से महिला समूह से जुड़कर रोजगार करने के बारे में जानकारी दिया गया। साथ ही ग्रामीण महिलाओं को स्वरोजगार कर आत्मनिर्भर बनने के बारे में प्रखंड समन्वयक पूनम देवी के द्वारा जानकारी देते हुए बताया गया कि महिला समूह से जुड़कर कोई न कोई रोजगार करे और रोजगार के माध्यम से आत्मनिर्भर बने साथ ही बताया गया कि गाँव मे छूटे हुए असुरक्षित ग्रामीण परिवार के सभी लोगो को महिला समूह से जोड़ना है। जिसे लोग स्वरोजगार कर स्वालम्बी और आत्मनिर्भर बन सके और अच्छी तरह से परिवार का भरण पोषण कर सके। साथ ही जानकारी देते हुए कहा कि जेएसएलपीएस के अन्तर्गत रोजगार करने के अलावा बीमारी में इलाज कराने के लिये गाँव के गरीब असहाय परिवार की दीदियों को विलेज रिफ्लाइजिंग फंड के माध्यम से एक वर्ष के लिये व्याज रहित ऋण दिया जाता है। जिसे अत्यधिक जरूरी पड़ने पर 10 हनर रुपैया बिना व्याज का ले सकते हैं। और एक वर्ष के अंदर चुका सकते हैं। मौके पर संगठन सचिव अनिता देवी, लेखा पाल दुलारी देवी, सदस्य प्रभा देवी, शांति देवी, प्रतिमा देवी के अलावे महिला समूह की दीदी उपस्थित थीं।

## उपायुक्त डॉ. वाघमारे प्रसाद कृष्ण की अध्यक्षता में एससीए की हुई बैठक

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण की अध्यक्षता में एससीए की बैठक समाहरणालय सभागार में हुई। बैठक में एससीए अंतर्गत पेशरार नाला में गार्डवाल निर्माण, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल लोहरदगा को कचरा एकत्रित करने के लिए प्रत्येक प्रखण्ड में तीन-तीन वाहन के लिए स्वीकृति प्रदान की गई। शहर में अधिष्ठाापित सीसीटीवी का एससीए योजना अंतर्गत सर्वे कराने, जिसमें मरम्मति नहीं हो पाने वाले खराब सीसीटीवी को बदले जाने, मरम्मति के लायक सीसीटीवी को मरम्मति के लिए भेजे जाने और सभी सीसीटीवी को सोलर यूपीएस से जोड़े जाने के लिए योजना तैयार किये जाने का निदेश दिया गया। नंदिनी डैम के पास एक पार्क विकसित किये जाने हेतु योजना तैयार किये जाने का निदेश दिया गया। उपायुक्त द्वारा बैठक में एससीए अंतर्गत पहले से क्रियान्वित योजनाओं की समीक्षा की गई



जिसमें पेयजलापूर्ति की योजनाएं, आंगनवाड़ी मरम्मति से संबंधित प्राप्त गुणवत्ता का प्रतिवेदन, विद्यालयों में पेयजलापूर्ति की योजनाएं, कुडू में स्ट्रीट लाईट की योजना आदि शामिल रहीं। आईएचएम को होटल मैनेजमेंट से संबंधित शॉट टर्म के कोर्स भी तैयार किये जाने हेतु जिला योजना पदाधिकारी को समन्वय स्थापित किये जाने का निदेश दिया गया। कम्प्यूटर प्रशिक्षण केंद्र, लोहरदगा में नये बैच के स्थिति की समीक्षा की गई और सर्टिफिकेट के संबद्धता हेतु की कार्रवाई की समीक्षा की गई। कुडू प्रखण्ड में डेयरी प्लांट और जेएसएलपीएस अंतर्गत दीदी कैफे के लिए भण्डरा एवं सदर प्रखण्ड में चिन्हित भूमि का घेरान कराने का निदेश संबंधित अंचलाधिकारियों को दिया गया। जिला स्तरीय ई-लाईब्रेरी के कंटेंट तय करने के लिए एक समिति का गठन करने का निदेश दिया गया जिसमें उप विकास आयुक्त, बीएस कॉलेज के प्राचार्य एवं एक विद्वान प्रोफेसर और पीपीआईए फेलो हेमलता बजाज होंगी। नीति आयोग से प्राप्त राशि का पेशरार व किस्को में जनजातीय समूह के लोगों के लिए आजीविका संबंधी योजना में उपयोक करने के लिए योजना बनाने का निदेश संबंधित प्रखण्ड विकास पदाधिकारियों को दिया गया।

# संकुल स्तरीय खो-खो व बैडमिंटन खेल कूद प्रतियोगिता का हुआ समापन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सेन्हा-लोहतदगा :** जवाहर नवोदय विद्यालय समिति पटना संभाग के अंतर्गत संकुल स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का हुआ समापन। जवाहर नवोदय विद्यालय द्वारा आयोजित संकुल स्तरीय खो खो व बैडमिंटन खेल कूद प्रतियोगिता का आयोजन 25 और 26 अप्रैल 2023 को जवाहर नवोदय विद्यालय जोगना लोहरदगा में आयोजित किया गया था। संकुल स्तरीय खेल कूद प्रतियोगिता में रांची संकुल के 15 विद्यालयों से कुल 250 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। वही जवाहर नवोदय विद्यालय जोगना लोहतदगा के प्राचार्य पी के सिंह ने फीता काटकर खेल कूद प्रतियोगिता का उद्घाटन किया। और उन्होंने इस अवसर पर कहा की खेल भावना



से ही राष्ट्र का निर्माण संभव है। जिस तरह एक जुट होकर एक टीम बना कर जीत के लिये खिलाड़ी खेलते हैं। उसी तरह युवाओं को राष्ट्र निर्माण के लिये टीम बना कर संगठित होन पड़ेगा जिसे एक सफल राष्ट्र का निर्माण हो सकेगा। साथ ही जानकारी देते हुए बताया कि खेल में चयनित सभी खिलाड़ी जुलई में जवाहर नवोदय विद्यालय जोगना लोहरदगा में आयोजित संभाग स्तरीय खो खो प्रतियोगिता में भाग लेंगे। मौके विद्यालय के उपप्राचार्य एसी झा, खेल शिक्षक सूरज पांडेय, वरिष्ठ शिक्षक डी कुमार के अलावे विद्यालय के सभी शिक्षक शिक्षिका एवं छात्र छात्राएँ तथा प्रतियोगिता में भाग लेने के लिये आये विभिन्न विद्यालयों से आए हुए नवोदय विद्यालय के शिक्षक शिक्षिकाएं और छात्र छात्राएँ उपस्थित थे।

## उपायुक्त ने की खनन टास्क फोर्स की बैठक की, दिए आवश्यक दिशा निर्देश

**लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण की अध्यक्षता में आज खनन टास्क फोर्स की बैठक समाहरणालय सभागार में हुई। बैठक में सहायक खनन पदाधिकारी को स्टोन खनन के डीएसआर के संबंध में निदेश दिया गया कि किसी क्षेत्र में खनन की आवश्यकता और उसका पर्यावरण पर पड़ने वाले प्रभाव को ध्यान में रखते हुए कार्य किया जाए।सभी अंचलाधिकारियों को निदेश दिया गया कि पंचायत स्तर से बालू प्राप्त करने वाले की रसीद प्राप्ति समय अवश्य फोटोग्राफी करा ली जाय और एक रजिस्टर पर उसकी इंट्री हो। अंचल अधिकारी फोटो के साथ रजिस्टर का मिलान कर उसके सत्यापित करेंगे। उपायुक्त द्वारा सहायक खनन पदाधिकारी से अप्रैल माह में अवैध रूप से बालू उठाव करने,पत्थर खनन करने और ईंट-भट्ठों पर की गई कार्रवाई के संबंध में पृच्छा की गई। अवैध रूप से ईंट-भट्ठा चलाने वाले और शर्तों का पालन नहीं करनेवालों पर नियमित रूप कार्रवाई किये जाने का निदेश दिया गया। अवैध रूप से बालू उठाव करनेवालों पर भी कार्रवाई किये जाने का निदेश दिया। आज की बैठक में पुलिस अधीक्षक आर रामकुमार, वन प्रमण्डल पदाधिकारी अरविंद कुमार, अपर समाहर्ता समीरा एस, अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी, जिला परिवहन पदाधिकारी, कार्यपालक पदाधिकारी नगर परिषद, सहायक खनन पदाधिकारी, सभी अंचल अधिकारी,सभी थाना प्रभारी समेत अन्य उपस्थित थे।

## जनसेवकों ने ग्रेड पे सहित अपनी विभिन्न मांगों को लेकर बीडीओ को सौंपा ज्ञापन

**सेन्हा-लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड के जनसेवकों ने ग्रेड पे सहित अपनी विभिन्न मांगों को लेकर प्रखंड विकास पदाधिकारी को सौंपा ज्ञापन। प्रखंड कार्यालयमे कार्यरत जेनसेवको ने ग्रेड पे 2400 से 2000 करने के विरुद्ध में प्रखंड विकास पदाधिकारी अशोक कुमार चोपड़ा को



ज्ञापन सौंप कार्य बहिष्कार किया वही इस संबंध में जनसेवक सत्यकाम श्रीवास्तव, संदीप कुमार रजक, सुजीत उराँव ने बताया कि जनसेवक संवर्ग को षडयंत्र के तहत कृषि विभाग द्वारा ग्रेड पे कम करने के विरोध में आंदोलन एवं विरोध प्रदर्शन के संबंध में प्रखंड विकास पदाधिकारी को ज्ञापन दिया गया है। साथ ही कहा की झारखंड राज्य जनसेवक संघ का आपातकालीन बैठक आहूत किया गया। जिस में नियम के विरुद्ध वर्तमान में ग्रेड पे कम करने का नियम झारखण्ड सरकार के कृषि निर्देशक,कृषि मंत्री एवं कृषि सचिव द्वारा सहमति देने के विरोध में क्रमबद्ध हड़ताल प्रदर्शन हेतु सहमति बनी.साथ ही 28 अप्रेल 2023 को झारखण्ड प्रदेश के सभी जेनसेवको द्वारा कृषी निदेशालय राँची के समक्ष सामूहिक अवकाश कर धरना प्रदर्शन किया जायेगा। साथ ही बताया की जनसेवक जो आवश्यक सेवाओं में अपना मूल योगदान दे रहे हैं। वे सभी अपने वरीय पदाधिकारीयों को सूचित करते हुए कलम बंद कार्य करते हुए बहिष्कार में शामिल हो गए हैं। इस दौरान सभी जनसेवक अपने कार्यालयों में उपस्थित दर्ज करेंगे और कलम बंद कर कार्यो का बहिष्कार जारी रखेंगे। वही आगे बताते हुए कहा कि विभाग के द्वारा उक्त आदेश को वापस नहीं लिया जाता है। तो आंदोलन को रखते हुए। सभी जनसेवक अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जाने के विवश हो जायेंगे।

## खून देकर गरीबों की जान बचाना जय श्री राम समिति का लक्ष्य : दीपक साहू



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** अपने कर्तव्यों का निर्वहन करते हुए सामाजिक एवं धार्मिक संगठन श्रीराम समिति के द्वारा एक पीड़ित गरीब मरीज को बल्ड दिया गया पतराटोली निवासी पीटर कुजूर की पुत्र अमित किंडो सदर अस्पताल में इलाजरत डॉक्टर ने खून की कमी बताई परिवार के लोग काफी परेशान जय श्रीराम समिति से संपर्क किए समिति के नगर अध्यक्ष दीपक साहू के पहल पर अभिनव भगत ने एक यूनिट बल्ड देकर मानवता का परिचय दिया। नगर अध्यक्ष दीपक साहू ने कहा जीवन और मौत के बीच के फासलों को दूर करना हमारा लक्ष्य है खून की वजह से किसी गरीब की जान ना जाए ऐसा प्रयास हमेशा से जय श्रीराम समिति का रहा है और आगे भी रहेगा। मौके पर नगर अध्यक्ष दीपक साहू,महामंत्री संजय पासवान,लाल नितेश नाथ साहदेव, सूरज नाथ साहदेव आदि लोग मौजूद थे।

## जलडेगा के चर्च में हुआ सामूहिक दृढ़ीकरण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** जलडेगा प्रखण्ड के लम्बोई जीएल पारिस में पादरी रेजन केरकेट्टा और निलकान्त गुड़ीया के अगुवाई मे 55 युवक और 43 युवतियों का दृढी करण किया गया। मौके पर सज धज कर आए युवक युवतियों को गाजे बाजे के साथ स्वागत कर मंच पर लाया गया जहां पर पादरी रेजन और पादरी निलकान्त ने सहयोगि प्रचार के सहयोग से मिस्सा पुजा किया और बिधी पुर्ण दृड़ीकरण का सपथ ग्रहण करा कर दृडिकरण कराया गया मौके पर समारोह के मुख्य अतिथि बिधायक बिकसल कोनगाडी स पत्नि मौजूद थे कार्यक्रम को सफल बनाने मे शान्तिएल बागे, रावेल लकडा, अनमोल तोपनो, नमजान कन्डुलना, जेरोम हेमरोम, अधिम कन्डुलना, कमल कन्डुरना, सिमोन कन्डुलना आदि का मुख्य भूमिका रही।

## थाना प्रभारी गौतम कुमार के नेतृत्व में वाहन जांच अभियान चलाया गया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**भंडरा-लोहरदगा :** एसपी आर रामकुमार के निर्देशानुसार अपराध की घटनाओं में अंकुश लगाने के उद्देश्य से गुरुवार को भंडरा थाना पुलिस द्वारा भंडरा-लोहरदगा मुख्य पथ मसमानो मोड़ के समीप वाहन जांच अभियान चलाया गया। जिसमें दो पहिया व चार पहिया वाहनों की जांच की गई। इस दौरान भंडरा थाना पुलिस के जवानों ने हेलमेट, ड्राइविंग लाइसेंस, सीट बेल्ट, के अलावे चार पहिया वाहन के डिक्की में रखे सामानों की गहनता से जांच की। मौके पर भंडरा थाना प्रभारी गौतम कुमार ने कहा कि वाहन जांच करने के उद्देश्य लोगों को यातायात नियमों का पालन कराना है। इस दौरान उन्होंने बिना हेलमेट के वाहन चालकों को हेलमेट लगाने का हिदायत देकर छोड़ा। तथा यातायात नियमों का पालन करने की नसीहत दी। उन्होंने कहा कि हेलमेट की कीमत जान से बढ़कर नहीं है। सुरक्षित यात्रा के लिए दोपहिया वाहन में हेलमेट व चार पहिया वाहन में सीट बेल्ट का प्रयोग करना अति आवश्यक है। मौके पर भंडरा थाना के जवान मौजूद थे।

## चयनित उद्यमी दीदियों को ऑनलाइन ट्रांजेक्शन करने के संबंध में प्रशिक्षण दिया गया



**ठेठाईटांगर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड संसाधन केंद्र ठेठईटांगर में सफल उद्यमी दीदियों को ऑनलाइन लेन देन के विषय में एनपीसीआईएल के टीम के द्वारा एक एप्लीकेशन MISSCALLPAY बनाया गया है जो की आरबीआई के तहत भारत सरकार द्वारा एक मुहिम चलाया जा रहा है, जिसमे ग्रामीण उद्यमी दीदियों को ऑनलाइन ट्रांजेक्शन करने के संबंध में जानकारी दी गई। जिससे दीदियां अपने व्यवसाय में लागू कर बिना स्मार्टफोन के ऑनलाइन लेन देन कर सकती है। मौके पर अधिकारियों द्वारा कहा गया कि आज के 21वीं शताब्दी में टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल बहुत ज्यादा हो रहा है, लेकिन अभी ग्रामीण जैसे जगह में टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल नहीं कर पा रहे हैं, जैसे कि मोबाइल से रूपये हस्तांतरित करना हो या फोनपे या गुगलपे के माध्यम से भी नहीं कर पाते है. भारत सरकार के द्वारा पुरे भारत वर्ष में कॅश लेस को बढ़ावा दे रहे है. ऐसी कॅश लेस आगे बढ़ाने के लिए प्रखंड संसाधन केंद्र (क्क्ष्ट) में मिस कॉल पे का ट्रेनिंग दिया गया. कार्यक्रम में आये अधिकारी मुकुंद कुमार सावंत और पालतू प्रधान द्वारा ट्रेनिंग में बताया गया कि ये मिस कॉल पे स्मार्ट फ़ोन से और बटन मोबाइल से भी रूपये बिना इंटरनेट के ऑनलाइन हस्तांतरित कर सकते है. यहाँ पर ध्यान देना होगा आपने दोस्त या रिस्तेदार अगर रुपये हस्तांतरित नहीं कर पा रहे है तो उस परिस्थिति में आप खुद से भी मिस कॉल पे के द्वारा रुपये हस्तंतरित कर सकते है। ये मिस कॉल पे बिना इंटरनेट के चलता है. इस ट्रेनिंग में 30 से 35 उद्यमी उपस्थित हुए थे हुए साथ ही प्रखंड संसाधन केंद्र BPO संतोष कुमार वर्मा, क्क्ष्ट के ह्क्क मेंबर पूनम सुरीन और साथ ही CRP - EP संजय डुंगडुंग, स्तेला कुल्लू, विदयानी बरला, रश्मा खातून , मकर मांझी, दिनेश्वर साहू , अंजली कुमारी, सुजाता डुंगडुंग आदि उपस्थित थे।

# माउंटेन व्यू पब्लिक स्कूल के प्रबंध समिति अध्यक्ष बने पूर्व मुखिया सुखदेव उरांव

प्रभात मंत्र संवाददाता

लोहरदगा : माउंटेन व्यू पब्लिक स्कूल दतरी की अभिभावक बैठक विद्यालय के निदेशक सुजीत भगत की अध्यक्षता में रखी गई। बैठक में विद्यालय और छात्र हित हेतु विस्तृत चर्चा की गई और निर्णय लिया गया की विद्यालय के बेहतर प्रबंधन, विद्यालय का विकास छात्रों को उत्कृष्ठ करने के उद्देश्य से विद्यालय प्रबंध समिति का निर्माण की जाए। विद्यालय ने अतिरिक्त व्यवस्था का विस्तार करते हुए एक समिति का निर्माण किया। तोड़ार पंचायत के पूर्व मुखिया सुखदेव उरांव को प्रबंध समिति का अध्यक्ष, विद्यालय की शिक्षिका प्रीति भगत सचिव, मनोज भगत को उपाध्यक्ष, देवव्रत साहु व मुकेश बैठा को सह सचिव, हजारी महतो को कोषाध्यक्ष के अतिरिक्त कार्यसमिति सदस्यों में रोहित उरांव, देवेंद्र साहु, उमा देवी, मनिता उरांव, संध्या उरांव, रीता देवी, तसेरा खातून, विनीता देवी, पुरण साहु, राजू बाखला, राजेंद्र साहु, रतिया उरांव,



मन्नान अंसारी, शिवा ठाकुर, दिलीप भगत, किरण उरांव, दशरथ उरांव, किशोर बैठा को शामिल किया गया। बैठक में मुख्य रूप से उपस्थित भारत सरकार पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय के हिंदी सदस्य रिपु सूदन साहू ने कहा कि छात्रों के बेहतर शिक्षा के लिए अभिभावक और शिक्षक के बीच तालमेल आवश्यक है। बच्चों को अपने घर में पढ़ाई के लिए अनुकूल माहौल देना अभिभावक की पहली जिम्मेदारी है। विद्यालय के निदेशक सुजीत कुमार भगत ने कहा कि विद्यालय इस क्षेत्र के बेहतर शिक्षा के लिए संकल्पित है जिन बच्चों के अभिभावक आर्थिक रूप से सक्षम नहीं है उन बच्चों की भी चिंता माउंटेन व्यू पब्लिक स्कूल करेगी। कोई भी बच्चा अर्थ के अभाव में शिक्षा से वंचित नहीं रहेगा। पूर्व मुखिया और प्रबंध समिति के अध्यक्ष सुखदेव उरांव ने कहा कि प्रबंध समिति विद्यालय के विकास में बढ़ चढ़कर भागीदारी निभायेगा। समिति की बैठक सुचारू ढंग से किया जाएगा और हर बैठक में विद्यालय को नई उपलब्धि दिलाने का हर संभव प्रयास किया जाएगा। बैठक में सीठियो, दतरी, बरही, चटकपुर, उद्रांगी, सेरेनघाटू, झाल जमीरा सहित अन्य गांव के अभिभावक उपस्थित रहे।

# साइंस स्ट्रीम के प्रचार में प्रोजेक्ट बेस्ड लर्निंग कार्यक्रम का आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**ठेठाईटांगर :** पीरामल फाउंडेशन द्वारा कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय ठेठईटांगर में साइंस स्ट्रीम के प्रचार के लिये प्रोजेक्ट बेसड लर्निंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के तहत झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद के निर्देश अनुसार क्लास 6, 7 और 8 के स्टूडेंट्स के साथ वॉटर फिल्ट्रेशन, कचरा प्रबंधन और कम्पोस्टिंग, किचन गार्डन विषय के उपर दश दिवसीय कार्यक्रम चलाया गया। पिरामल फाउंडेशन के अर्नब कुमार साउ के नेतृत्व में किया गया। इस कार्यक्रम से छात्रायों का रुझान साइंस स्ट्रीम की ओर बढ़ा है। प्रोजेक्ट-बेस्ड लर्निंग एक छात्र-केंद्रित शिक्षण पद्धति है, जो हाथों-हाथ, अनुभवात्मक शिक्षा पर जोर देती है। इसमें छात्रों को एक चुनौतीपूर्ण समस्या या प्रश्न दिया जाता है और समाधान या उत्तर बनाने के लिए



सहयोगात्मक रूप से काम करने के लिए कहा जाता है। इसका उपयोग अक्सर विज्ञान, प्रौद्योगिकी, इंजीनियरिंग और गणित (STEM) जैसे विषयों में किया जाता है, लेकिन इसे विभिन्न विषयों पर लागू किया जा सकता है। पीबीएल का मुख्य लक्ष्य महत्वपूर्ण सोच, समस्या समाधान और रचनात्मकता को प्रोत्साहित करना है। केवल तथ्यों या सूत्रों को याद करने के बजाय, छात्रों को सामग्री के साथ सक्रिय रूप से जुड़ने और वास्तविक दुनिया की स्थितियों में इसे लागू करने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है। ऐसा करने से, वे विषय वस्तु की गहरी समझ विकसित करने और इसे लंबे समय तक बनाए रखने में बेहतर ढंग से सक्षम होते हैं। कार्यक्रम के समापन मौके पर चंद्रसिंह पाढ़बि, विद्यालय की शिक्षिका सुनीला भेन्गरा, पूनम साहू, ममता कुमारी, किरण कुमारी आदि मौजुद थे।

चलते चलते एक नजर

## जरासन्ध चौक के लिए महापौर का आभार : बिक्की चंद्रवंशी

**मेदिनीनगर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** अखिल भारतवर्षीय चंद्रवंशी क्षत्रिय महासभा के पलामू जिला अध्यक्ष विकास कुमार उर्फ विक्की चंद्रवंशी ने मेदिनीनगर नगर निगम की महापौर अरुणा शंकर को विनय मोड़ को महाराज जरासंध रोड करने पर धन्यवाद दिया, उन्होंने महापौर से मांग की कि उस चौक पर महाराज जरासंध की एक मूर्ति भी स्थापित की जाए। चंद्रवंशी समाज उनके प्रति कृतज्ञ व्यक्त करता है कि उन्होंने इस समाज के लिए और उनके इतिहास को याद किया। धन्यवाद देने वालों में विजय चंद्रवंशी, विजय चंद्रवंशी नेताजी, विशुन राम चंद्रवंशी, पिंटू कुमार, रंजीत चंद्रवंशी, कुंदन कुमार, वीरेंद्र कुमार पप्पू, नीरज कुमार वर्मा, रितेश कुमार गुड्डन सहित दर्जनों साथी उपस्थित थे। अखिल भारतीय चंद्रवंशी समाज के पलामु जिला अध्यक्ष बिक्की चंद्रवंशी ने कहा कि मगध के पहले सम्राट जरासंध जी को महापौर अरुणा शंकर ने सम्मान देकर इतिहास के गौरवशाली व विभूतियों को सम्ममनित करने का काम किया है। इसके लिए चंद्रवंशी परिवार दिल से महापौर का आभार व्यक्त करता है। बस अब जरासंध जी को प्रतिमा स्थापित करने की पहल महापौर करें।

## बिहार के बाहुबली आनंद मोहन रिहा

**पटना (एजेंसी) :** 1994 में भारतीय प्रशासिनक सेवा के अधिकारी और गोपालगंज के तत्कालीन जिलाधिकारी जी. कृष्णैया की मॉब लिंचिंग कराने के दोषी बाहुबली पूर्व सांसद आनंद मोहन सिंह अंतिम तौर पर जेल-मुक्त हो गए। उन्हें सहरसा जेल से गुरुवार सुबह 6:15 बजे रिहा कर दिया गया। जेल प्रशासन की मानें तो कागजी प्रक्रिया बुधवार रात तक पूरी हो गई। समर्थकों की भीड़ और विधि व्यवस्था को देखते हुए आनंद मोहन को अहले सुबह रिहा किया गया। राजनीति के लिहाज से यह एक राजपूत नेता की रिहाई है। दिवंगत आईएएस की पत्नी उमा देवी इस रिहाई पर दुःख जता चुकी हैं। रिहाई के एक दिन पहले पटना हाईकोर्ट में इसके खिलाफ जनहित याचिका दायर हुई है। इन सभी के साथ बिहार में इस बात पर भी राजनीति चरम पर है कि आनंद मोहन के बहाने सरकार ने सत्तासीन जाति के और भी 26 दुर्दांत' को छोड़ने का नोटिफिकेशन जारी किया है।दरअसल, एक जमाने में बिहार पीपुल्स पार्टी की स्थापना कर क्षत्रिय राजनीति का पूरा सिस्टम खड़ा कर रहे आनंद मोहन को आज भी बिहार की राजनीति में राजपूतों के बीच प्रभावी माना जाता है। वह कितने प्रभावी बचे हैं, यह 2024-25 के लोकसभा-विधानसभा चुनावों में पता चलेगा। वह किसके साथ रहते हैं, यह भी काफी हद तक निर्भर करेगा। इसके अलावा यह भी बड़ी बात है कि 1994 से 2005 के बीच का यह बिहार नहीं बचा है। तब और अब के युवाओं की मनोदशा में काफी अंतर है। राजनीतिक रूप से उर्वर बिहार में अब आनंद मोहन राजपूतों का वोट कितना घुमा सकेंगे, यह अभी तीर या तुक्का ही है। आनंद मोहन के साथ कुल 27 को छोड़ने का नोटिफिकेशन जारी हुआ था। इनमें से एक की मौत पहले ही हो चुकी है। शेष 26 को छोड़ने की प्रक्रिया शुरू हुई और आनंद मोहन के पहले ही बहुत सारे छूट भी गए। कुछ तकनीकी कारणों से अभी रिहा नहीं हो सके हैं या उनकी रिहाई में वक्त भी लग सकता है।

# मुख्यमंत्री ने शहीद जवानों के पार्थिव शरीर को दिया कंधा

एजेंसी

**दंतेवाड़ा।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने अरनपुर नक्सली हमले में बलिदान देने वाले डीआरजी के जवानों के पार्थिव शरीर को कंधा देकर उनके पैतृक गांवों के लिए विदा किया। वह श्रद्धांजलि देने के लिए गुरुवार को जिला मुख्यालय के कारली पुलिस लाइन पहुंचे। इस अवसर गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू, बस्तर सांसद दीपक बैज, सांसद फूलोदेवी नेताम, बीजापुर विधायक विक्रम मडावी, दंतेवाड़ा विधायक देवती कर्मा, जिला पंचायत अध्यक्ष तूलिका कर्मा, डीजीपी अशोक जुनेजा, एडीजी नक्सल विवेकानंद सिन्हा, बस्तर



कमिश्नर श्याम धावड़े, आईजी बस्तर सुंदरराज पी., कलेक्टर विनीत नन्दनवार, पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी सहित अन्य जनप्रतिनिधि भी मौजूद थे।दरअसल, 26 अप्रैल को नक्सली हमले में डीआरजी के 10 जवान और एक वाहन चालक बलिदान हुए हैं। सभी जवान एक पिकअप वाहन में सवार थे। डीआरजी के जवान एक ऑपरेशन से लौट रहे थे, इसी दौरान नक्सलियों ने आईईडी विस्फोट कर दिया। बलिदान देने वाले जवानों में जोगा सोढ़ी पोलमपल्ली सुकमा, मुन्ना कड़ती तुमनार दंतेवाड़ा, संतोष तामो भांसी दंतेवाड़ा, दुलगो मंडावी कटेकल्याण दंतेवाड़ा, लखमू राम मडयामी भैरमगढ़ बीजापुर, जोगा कवासी कटेकल्याण दंतेवाड़ा, हरिराम कटेकल्याण दंतेवाड़ा, जयराम पोडियाम कटेकल्याण दंतेवाड़ा, जगदीश कुमार कोवासी कटेकल्याण दंतेवाड़ा, राजू राम करटम कटेकल्याण दंतेवाड़ा और वाहन चालक धनीराम यादव गीदम दंतेवाड़ा हैं।

# सीएम से मिले राज्यसभा सांसद खीरू महतो



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** झारखंड मंत्रालय में जदयू के प्रदेश अध्यक्ष सह राज्यसभा सांसद खीरू महतो ने गुरुवार को मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से मुलाक़ात की। इस दौरान महतो ने सोरेन को पुष्पगुच्छ प्रदान कर उनका अभिवादन किया। प्रदेश प्रवक्ता सागर कुमार ने बताया कि मुख्यमंत्री से जदयू नेताओं की यह शिष्टाचार मुलाक़ात थी। मुलाक़ात बेहद सार्थक रही। मुख्यमंत्री से प्रदेश के विकास और जनहित के विषयों को लेकर लम्बी चर्चा हुई। पलायन, विस्थापन और सीएनटी चर्चा का केन्द्र रहा।

# राज्य के 14 जिलों में बनेंगे 15 अस्पताल

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** राज्य के 14 जिलों में 15 स्थानों पर हेल्थ सेंटर, डिस्ट्रीक अर्ली इंटरवेंशन सेंटर, नर्सिंग कॉलेज और क्रिटिकल केयर हॉस्पिटल बनाए जाएंगे। इसके निर्माण के लिये राज्य सरकार करीब 217 करोड़ 60 लाख रुपये खर्च करेगी। राज्य सरकार साहिबगंज के उधवा ब्लॉक, गोड्डा के बसंतराय और लातेहार के बालूमाथ में कम्युनिटी हेल्थ सेंटर का निर्माण कराने जा रही है। वहीं लोहरदगा, कोडरमा, गुमला और साहिबगंज में डिस्ट्रीक अर्ली इंटरवेंशन सेंटर बनाया जायेगा। इसके अलावा चांडिल के सब डिविजनल हॉस्पिटल का पुनर्निर्माण किया जायेगा। जबकि पलामू, दुमका और हजारीबाग में बीएससी नर्सिंग कॉलेज और हॉस्टल का निर्माण होगा। गिरिडीह के सरिया बलॉक और गढ़वा के सदर अस्पताल कैंपस में 50 बेड का सब डिविजनल हॉस्पिटल बनेगा। वहीं सरकार जमशेदपुर में धनवंतरी आयुष हॉस्पिटल और बोकारो में 50 बेड का क्रिटिकल केयर हॉस्पिटल बनाएगी। झारखंड राज्य बिल्डिंग कंस्ट्रक्शन कॉरपोरेशन लिमिटेड के जरिये इन भवनों का निर्माण कराया जायेगा। नौ से 18 महीने के भीतर भवन निर्माण का कार्य पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। इसको लेकर कॉरपोरेशन ने इ-प्रोक्योरमेंट नोटिस जारी कर दिया है और चार मई को टेंडर की प्रक्रिया शुरू की जाएगी।

# मानव तस्करी के चार आरोपी चढ़े पुलिस के हत्थे

प्रभात मंत्र संवाददाता

**लातेहार:** जिले में मानव तस्करी के लागातार शिकायत मिलने के बाद पुलिस ने एक नई प्रयास के तहत एएचटीयू थाना के द्वारा निरंतर प्रयास के बाद तस्करों पर शिकंजा कस दिया है। पुलिस अधीक्षक अंजनी अंजन ने कहा कि इस प्रयास के तहत पुलिस ने एएचटीयू थाना में बाल श्रम प्रतिषेध अधिनियम दर्ज कर वादी सकलदीप घासी, पिता स्व0 गिरधारी पासी, ग्राम-चोरहा, थाना-गारु, जिला-लातेहार के फर्दबयान के आधार पर प्राथमिकी कुल 04 अभियुक्तों के विरुद्ध उनके तथा उनके गाँव के बच्चों सहित कुल 09 लोगों को बहला-फुसला कर काम दिलाने के नाम पर हिमाचल प्रदेश लेजाकर अलग-अलग स्थानों पर बेच देने के आरोप में प्रतिवेदित किया गया है।विदित है कि लातेहार जिला के ग्रामीण क्षेत्रों में जागरुकता एवं शिक्षा के अभाव में कुछ लोग बच्चों के अभिभावक को बड़े-बड़े सब्जबाग दिखाकर पैसों का लोभ देकर दूसरे दूसरे राज्यों में उनके बच्चों को लेजाकर घरेलु /अन्य कार्य करने हेतु बेच दिया करते हैं।

इसी कड़ी में उपर्युक्त गाँव के बच्चों सहित कुल 09 व्यक्तियों को अन्यत्र लेजाकर बेच दिया गया था। इस तरह के कुकृत्य को पूर्ण रूप से रोकने हेतु लातेहार पुलिस सजग है। इसी कड़ी में इन सभी बच्चों को बरामद कर उनके माता-पिता को सुपूर्द किया गया है। इस तरह की घटना की पुनरावृति न हो इस हेतु लातेहार पुलिस जागरुकता अभियान भी चला रही है।बेचे गये बच्चों में से 06 बच्चे पूर्व में ही सम्पर्क कर वापस लाया जा चुका है। शेष 03 बच्चों को काण्ड के अनुसंधानकर्ता पु0अ0नि0 कुमार सुमित यादव थाना प्रभारी एएचटीयू थाना, लातेहार के द्वारा काफी मेहनत कर शिमला तथा अन्य जगहों से बरामद कर वापस लाया गया है।

**अभियुक्तों का नाम पता :**-(1) ठेकेदार इन्द्रजीत सिंह उर्फ सुनिल कुमार (2) कमलेश यादव, पिता-मंगर यादव, ग्राम-कमारु, थाना-सतबरवा, जिला-पलामू । (3) अनिता देवी, पति सदीक भुईया, ग्राम-कमारु, थाना सतबरवा, जिला-पलामू (4) सम्पतिया कुंवर, पति स्व0 रामप्रवेश नायक, ग्राम-डबरी, थाना- गारु, जिला-लातेहार



**बरामद बच्चों का नाम एवं पता** :1.सुन्दर साई लोहरा, उम्र-12 वर्ष, पिता- बासुदेव लोहरा, ग्राम-चोरहा, थाना-गारू, जिला - लातेहार। 2.सुजित सिंह, उम्र-17 वर्ष, पिता सुधहरण सिंह, ग्राम-चोरहा,थाना-गारु जिला - लातेहार। 3.संजू घासी, उम्र 15 वर्ष, पिता-सकलदीप घासी, ग्राम-चोरहा, थाना- गारु, जिला - लातेहार

**बरामदगी हेतू गठीत टीम एवं पुलिस पदाधिकारी:** 1.पु0अ0नि0 कुमार सुमित यादव, थाना प्रभारी एएचटीयू थाना, लातेहार। 2. पु0अ0नि0 राहुल कुमार मेहता, बरवाडीह थाना 7 3. आरक्षी 781 श्रीकान्त कुमार दुबे, पुलिस केन्द्र, लातेहार।4.आरक्षी 1066गोलक महत्तो, पुलिस केन्द्र, लातेहार।

# रांची में विरोध और समर्थन के बीच सिरम टोली सरना स्थल सौंदर्यीकरण का कार्य शुरू

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के शिलान्यास के एक साल बाद बहुप्रतिक्षित सिरम टोली सरना स्थल का सौंदर्यीकरण-निर्माण कार्य गुरुवार को शुरू हुआ। हालांकि, इस दौरान विरोध भी हुआ।

ठेकेदार ने जैसे ही सौंदर्यीकरण का कार्य शुरू किया वैसे ही सिरम टोली सरना स्थल के वंशज होने का दावा करने वाले सुनीता हंस और उसके परिवार वालों ने काम रुकवाने की कोशिश की। मौके पर तैनात मजिस्ट्रेट अमित भगत ने कहा कि जिला प्रशासन ने काम कराने का आदेश दिया है। काम हर हाल में होगा।

अगर आप लोगों को इससे आपत्ति है तो आप काम रुकवाने के लिए कोर्ट से आदेश लेकर आइये। तभी हमलोग काम रोकेंगे। कुछ देर के लिए विरोध हुआ लेकिन काम शुरू कर दिया गया। पहले बड़ा चबूतरा को जेसीबी से तोड़ा गया।



न्यू गार्डेन सिरम टोली सरना स्थल के अध्यक्ष सुमित कच्छप, देवकी हंश, मंजू हंस, सन्नी हेमरोम आदि ने कहा कि उनका विरोध सौंदर्यीकरण को लेकर नहीं है और न ही जमीन विवाद है। उनका विरोध केवल इसलिए है कि पांच मंजिला भवन बनने से सरना स्थल छोटा हो जाएगा।

अभी इस रोड में फ्लाईओवर भी बन रहा है। इसमें सरना स्थल की बाउंड्री टूटनी है। इससे सरना स्थल और छोटा हो जाएगा। सौंदर्यीकरण हो लेकिन पांच मंजिला भवन न बने। क्योंकि, इसके लिए सरना स्थल की बड़ी जगह खत्म हो जाएगी। इसलिए इसका निर्माण किसी भी कीमत पर होने नहीं देंगे।

दूसरी ओर केंद्रीय सरना समिति के अध्यक्ष अजय तिर्की, अखिल भारतीय आदिवासी जनपरिषद की कुंदरसी मुंडा, आदिवासी अधिकार मोर्चा के लक्ष्मी नारायण मुंडा, सिरमटोली मौजा के संतोष तिर्की ने कहा कि इसका निर्माण पूरी तरह से आदिवासी सभ्यता-संस्कृति और रीति-रिवाज को देखकर किया जा रहा है।

काम शुरू होने के पहले आम सभा हुई। इसमें सिरम टोली मौजा के सभी टोलों के सामाजिक अगुवा, आदिवासी संगठन के प्रतिनिधि और पाहन शामिल हुए। सभी ने इसका समर्थन किया। कुछ लोग निजी स्वार्थ के लिए इसका विरोध कर रहे हैं।

## सैकड़ो खो खो खिलाड़ियों के बीच टी शर्ट व स्कूल बैग का वितरण किया गया

**रांची :** गुरुवार को स्व दिलीप कुमार सिन्हा जी की याद में राँची जिला खो खो संघ के सैकड़ो खिलाड़ी के बीच डॉ पूजा सिन्हा के द्वारा बच्चो के बीच टी शर्ट ,स्कूल बैग, व मिठाई का वितरण किया गया। इस कार्यक्रम में बच्चो को भविष्य में आगे बड़ने के किए टिप्स दिए गए । इसमे मुख्य रूप से अपराजिता सिन्हा,श्रेया तिवारी, (सचिव परिवर्तन संस्था) आशुतोष द्विवेदी, (समाजसेवी) गौरव अग्रवाल (अध्यक्ष , विवेकानन्द युथक्केक फाउंडेशन) ,प्रत्यूष सिन्हा, सानवी सिन्हा,अमित कुमार,श्रेया तिवारी(सचिव परिवर्तन संस्था), वंदना चौबे,तितली,टिया,आदित्य पांडेय,संजय कुमार,सुभाष गांगुली , विवेक कुमार,अवधेश ठाकुर ,उज्जवल कुमार(सानिध्य) आदि लोग उपस्थित रहे। यह जानकारी अमन ने दी।

# समलैंगिक विवाह के सवाल पर विश्वव्यापी सर्वेक्षण में सहभागी बनने की अपील


एजेंसी

**नई दिल्ली।** देशभर में एक गंभीर और व्यापक बहस छिड़ी हुई है। यह समलैंगिक विवाह के संबंध में है। समलैंगिक विवाह की इस बहस के बीच दृष्टि स्त्री अध्ययन प्रबोधन केन्द्र ने एक देशव्यापी ही नहीं बल्कि विश्वव्यापी सर्वेक्षण शुरू किया है। इसमें मुख्य रूप से चार सवालों पर लोगों की राय मांगी गई है।दृष्टि अध्ययन केन्द्र का समलैंगिक विवाह के बारे में पहला प्रश्न है- क्या आप मानते हैं कि भारत में समलिंगी विवाह एक गंभीर सामाजिक विषय है? दूसरा, क्या आपको लगता है समलिंगी संबंध नैसर्गिक है? तीसरा, भारत में क्या समलिंगी विवाह को वैधानिक मान्यता देना उचित होगा? और चौथा, क्या भारत में समलिंगी विवाह को वैधानिक मान्यता मिलने से भारतीय समाज पर अनुचित परिणाम होंगे? महिलाओं से जुड़े प्रश्नों पर शोध करने वाले प्रतिष्ठित




सामाजिक संगठन दृष्टि ने विभिन्न आयु वर्ग और स्थानों से लोगों को इस विषय में अपनी राय देने का आह्वान किया है। इसमें भाग लेना बहुत आसान है। एक लिंक पर क्लिक करते ही आप गूगल के माध्यम से मात्र 2 मिनट में अपनी राय व्यक्त कर सकते हैं। यह लिंक है- https:it.ly/drishti-HNDदरअसल इस वैश्विक बहस का कारण बना है देश का सर्वोच्च न्यायालय। कुछ याचिकाकर्ताओं के मामले में सर्वोच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश डीवाई चन्द्रचूड की अध्यक्षता में पांच सदस्यीय संविधान पीठ इस पर नियमित सुनवाई कर रही है। सर्वोच्च न्यायालय यह तय करना चाहता है कि समलैंगिक विवाह को कानूनी मान्यता दी जाए या नहीं। वहीं केन्द्र सरकार की ओर से बार-बार यह स्पष्ट किया गया है कि यह न्यायालय द्वारा तय किया जाने वाला विषय नहीं है।

# राज्य में लोगों को दो मई तक मिलेगी तपती गर्मी से राहत



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** राज्य में बदले मौसम ने लोगों को तपती गर्मी से बड़ी राहत दी है। मौसम विज्ञान विभाग ने गुरुवार को इस संबध में सूचना जारी कर बताया है कि आगामी दो मई तक राज्य में मौसम खुशनुमा रहने वाला है।

इस दौरान राज्य के कुछ स्थानों पर बारिश होगी, जबकि कई इलाकों में आसमान पर बादल छाए रहेंगे। यहां गुरुवार सुबह से ही आकाश में बादल छाए हुए हैं और तपती गर्मी से लोगों को बड़ी राहत मिल रही है। गर्मी के मौसम में प्री मानसून जोर पकड़ रहा है। प्री मानसून में बारिश अच्छी होने लगी है।

रांची के मौसम केन्द्र के अनुसार एक मार्च से लेकर 26 अप्रैल तक 98 मिमी बारिश हो चुकी है। रांची स्थित भारतीय मौसम विज्ञान विभाग के वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने बताया कि राज्य में मौसम का यही मिजाज अगले कुछ दिनों तक बने रहने की संभावना है। राज्य के ऊपर एक टर्फ बन रहा है। इसी का असर राज्य के सभी जिलों में नजर आ रहा है।

आनंद ने बताया कि टर्फ के कारण ही आंशिक बादल बन रहे हैं। दो मई तक कहीं-कहीं हल्की से मध्यम दर्जे की बारिश होने की संभावना है। जिन इलाकों में बारिश होगी, उनमें 28 अप्रैल को दक्षिणी और सटे मध्य झारखंड में गर्जन के साथ बारिश की संभावना है। आने वाले पांच दिनों के भीतर तेज हवा और गरज के साथ बारिश होगी। 40 से 50 किमी प्रतिघंटे की रफ्तार से तेज हवा के साथ वज्रपात का भी अलर्ट जारी किया गया है। हालांकि अधिकतम तापमान में बड़े बदलाव के कोई संकेत नहीं हैं।

## मल्लिकार्जुन खड़गे की मानसिक स्थिति बिगड़ी, कांके आकर कराएं इलाज : दीपक

**रांची :** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं सांसद दीपक प्रकाश ने गुरुवार को कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष के आपत्तिजनक बयान की भर्त्सना की। प्रकाश ने प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे की मानसिक स्थिति खराब हो चुकी है।इसलिए पद की मर्यादा भी भूल जा रहे हैं और देश के प्रधानमंत्री के खिलाफ अमर्यादित टिप्पणी करने से भी नहीं चूक रहे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के डीएनए में केवल परिवार की वंदना है। सत्ता के बाहर कांग्रेस मानसिक दिवालियापन की शिकार हो चुकी है। उन्होंने कहा कि केवल कर्नाटक ही नहीं, बल्कि आने वाले सभी चुनावों में कांग्रेस को अपनी पराजय साफ दिखाई पड़ रही है। जब-जब कांग्रेस को अपनी हार दिखाई पड़ती है उसके नेता अमर्यादित टिप्पणी, आचरण करने लगते हैं। अच्छा होता कि कांग्रेस पार्टी अपनी हार को सहजता से स्वीकार करती।

# इंडियन इंस्टीच्यूट ऑफ कॉरपोरेट अफेयर्स की हुई बैठक

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची।** इंडियन इंस्टीच्यूट ऑफ कॉरपोरेट अफेयर्स (आईआईसीए) के महानिदेशक व सीईओ प्रवीण कुमार और उद्योग सचिव जितेंद्र कुमार सिंह की अध्यक्षता में झारखण्ड राज्य भवन निर्माण निगम लिमिटेड के सभागार में आयोजित बैठक में झारखण्ड चैंबर ऑफ कॉमर्स समेत विभिन्न व्यवसायिक व औद्योगिक संगठन के पदाधिकारियों ने हिस्सा लिया। आईआईसीए द्वारा राज्य के सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यमों और निजी संस्थाओं के लिए क्यूरेटेड पाठ्यक्रम पर चर्चा में औद्योगिक संगठनों के सुझाव हेतु इस बैठक का आयोजन किया गया था। विदित हो कि आईआईसीए निजी संस्थाओं में कॉरपोरेट गवर्नेंस को मजबूत करने और उनके कामकाज को अधिक कुशल और प्रभावी बनाने की दिशा में काम करता है।यह अवगत कराया गया कि आईआईसीए ने दो दिवसीय क्यूरेटेड प्रशिक्षण कार्यक्रम तैयार किया है जो राज्य के सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यमों और निजी संस्थाओं को दिया जायेगा। बैठक के दौरान भविष्य की कार्रवाई पर विचार विमर्श के साथ ही क्षमता निर्माण कार्यक्रम



की कार्ययोजना पर विस्तृत चर्चा की गई। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम को झारखण्ड में चालू करने के लिए आईआईसीए और उद्योग विभाग के बीच एक मेमोरेंडम ऑफ अंडरस्टैंडिंग पर भी सहमति बनाने का निर्णय लिया गया। यह भी निर्णय लिया गया कि सभी संगठनों के विचार-विमर्श और सहमति से इस एमओयू पर निर्णय लेते हुए इस प्रशिक्षण कार्यक्रम को झारखण्ड में चालू किया जायेगा। पुनः इस बैठक का आयोजन किये जाने का भी निर्णय लिया गया।बैठक में झारखण्ड चैंबर के अध्यक्ष किशोर मंत्री, उपाध्यक्ष आदित्य मल्होत्रा, महासचिव डॉ अभिषेक रामाधीन, प्रवक्ता ज्योति कुमारी के अलावा सीआईआई, एसोचैम, पीएचडी चैंबर, इंडियन चैंबर, झारखण्ड इंडस्ट्री एसोसियेशन, बोकारो चैंबर, लघु उद्योग भारती, आदित्यपुर स्मॉल इंडस्ट्री एसोसियेशन, रियाडा इंडस्ट्री एसोसियेशन, जेसिया, इंडस्ट्री एण्ड कॉमर्स एसोसियेशन, संथाल परगना चैंबर, राइस मिल एसोसियेशन, इंडक्शन फर्नेस एसोसियेशन के पदाधिकारियों के अलावा जियाडा के सचिव नागेंद्र पासवान, आईआईसीए की टीम और उद्योग विभाग के कई पदाधिकारी उपस्थित थे।